

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका लेकिन ज्यादा सोचने ...

भारतीय कंपनी के कारण चमकी ब्रिटिश प्रधानमंत्री की ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 38 | नई दिल्ली, रविवार, 19 मई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### चिनूक हेलीकॉप्टर का मॉडल गायब होने की खबर गलत: रक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने वायु सेना के बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टर चिनूक के मॉडल के लखनऊ में गायब होने की खबरों का खंडन किया है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट कर मीडिया में इस संबंध में आई खबर को भ्रामक बताते हुए इसका खंडन किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ में 2020 में आयोजित रक्षा प्रदर्शनी से चिनूक हेलीकॉप्टर के मॉडल के गायब होने की खबर भ्रामक है। अमेरिकी कंपनी चिनूक हेलीकॉप्टर बनाती है और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लखनऊ में कभी भी इस हेलीकॉप्टर का मॉडल न तो प्रदर्शनी में लगाया और न ही इसका प्रदर्शन किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि रक्षा प्रदर्शनी 2020 में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई और इस प्रदर्शनी के दौरान कोई भी उत्पाद या मॉडल गायब नहीं हुआ। उल्लेखनीय है कि मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रदर्शनी के दौरान डीआरडीओ ने चिनूक हेलीकॉप्टर का जो मॉडल वहां लगाया था वह गायब हो गया। भारत ने वायु सेना के लिए अमेरिका से चिनूक हेलीकॉप्टर खरीदे हुए हैं जो भारी भरकम हथियारों और साजो सामान को कहीं भी ले जाने में सक्षम हैं।

### मैंने रणनीति के तहत चुनाव नहीं लड़ा : प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अमेठी तथा रायबरेली को अपने परिवार का घर बताते हुए कहा है कि उन्होंने रणनीति के तहत चुनाव नहीं लड़ा है और यदि वह दोनों भाई-बहन चुनाव लड़ते तो इसका सीधा फायदा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को होता। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि रायबरेली और अमेठी को गांधी परिवार कभी छोड़ ही नहीं सकता इसलिए उनके भाई राहुल गांधी के चुनाव क्षेत्र रायबरेली में वह दिन-रात उनकी जीत के लिए मेहनत कर रही है। उनका यह भी कहना था कि भाजपा ने श्री राहुल गांधी को बदनाम करने के लिए पूरी ताकत लगाई है और उसे इसका जवाब देने के लिए वह रायबरेली में डटी हुई हैं। श्रीमती वाड्रा ने एक निजी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा, मैं कभी भी अमेठी और रायबरेली नहीं छोड़ सकतीं। मै कांग्रेस के लिए प्रचार करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहती थीं इसलिए चुनाव नहीं लड़ी हूं। दूसरी बात अगर हम दोनों भाई-बहन चुनाव लड़ते तो इसका सीधा फायदा भाजपा को होता।

### मोदी जेल का खेल बंद कर हमें एक साथ जेल में डाल दें : केजरीवाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि रोज-रोज जेल का खेल खेलना बंद कीजिए और रविवार को अपने सांसदों, विधायकों समेत सभी बड़े नेताओं को लेकर भाजपा मुख्यालय आ रहा हूं, आप सबको जेल में डाल दीजिए। श्री केजरीवाल ने शनिवार को अपने निजी सहायक बिभव कुमार को गिरफ्तार किए जाने पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली और देश की जनता देख रही है कि किस तरह से ये लोग आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ गए हैं। ये लोग एक के बाद एक हमारे नेताओं को जेल में डालते जा रहे हैं। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा अभी लंदन से लौटे हैं और ये कह रहे हैं कि उनको भी जेल में डालेंगे। ये कह रहे हैं कि कुछ दिन बाद श्री सौरभ भारद्वाज और सुश्री आतिशी को भी जेल में डालेंगे।

**सीएम ने चुनावी सभा को किया संबोधित, सरकार की गिनाई उपलब्धियां**

# हर वर्गों के विकास के लिए किया काम : नीतीश

**बोलें- याद कीजिए 2005 से पहले यहां क्या हालत थी**

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 2005 के बाद से हम सूबे के विकास के लिए कार्य करते आ रहे हैं। शनिवार को बाल्मीकि नगर लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी सुनील कुमार के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राजद पर जमकर हमला बोला। वहीं, अपने कार्यकाल के उपलब्धियों को जनता के बीच साझा किया ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि याद कीजिए 2005 से पहले यहां क्या हालत थी। ना सड़कें थी ना शिक्षा, ना स्वास्थ्य। जब हमारी सरकार 2005 में आई तब से राज्य के लोगों के लिए काम कर रहे हैं। हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में विकास का कार्य किया। चाहे शिक्षा हो या स्वास्थ्य या फिर सड़क। हर क्षेत्र में जो कार्य हुए उसे हमें भूलना नहीं चाहिए। हमने तो पंचायत में उच्च माध्यमिक शिक्षा दिया ताकि छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके। नीतीश कुमार ने कहा कि हमने लड़का लड़की का भेदभाव मिटा दिया। साइकिल योजना, कन्या विवाह योजना, कन्या प्रोत्साहन योजना ,महिलाओं के आरक्षण को बढ़ावा देकर महिलाओं को आगे लाया। हमने सभी वर्ग के लिए कार्य किया है। हमारी सरकार आने के बाद ही यहां के लोग भय मुक्त माहौल में रह रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत से लेकर शहरी क्षेत्र में महिला आरक्षण का दायरा बढ़ाकर आधी आबादी की भागीदारी बढ़ाई। कहा कि पहले कहां कोई लड़की साइकिल चलाती थी ? जब हम लोग साइकिल योजना शुरू किए तो लड़कियां साइकिल चलाकर चलने लगी। अपने माता-पिता को भी बिठाकर ले जाने लगी। पहले यह हाल था। भूलिएगा मत, उसे याद करिए, भूलना नहीं चाहिए. हम लोगों ने बड़ी संख्या में शिक्षकों की भी बहाली की। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क समेत सभी क्षेत्र में काम किया है। उन्होंने कहा कि लड़कियों को हमने काफी बढ़ावा दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमने बालिका शिक्षा को बढ़ाने की पूरी कोशिश की। साईकिल, पोशाक योजना से आगे लड़कियों के इंटर पास करने पर 25 हजार, स्नातक पास करने पर 50 हजार रू देते हैं। जीविका दीदियों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त किया। जीविका दीदी नामकरण किसका किया हुआ है। हमने ही यह नाम दिया है। भूलियेगा नहीं। जीविका दीदी अब कितना अच्छा बोलती है, भाषा कितना अच्छा हो गया है।

सीएम ने आगे कहा कि बिहार में हमलोगों ने युवाओं को सरकारी नौकरी दी। सीएम ने कहा कि यहां जाति आधारित जनगणना के आधार पर आरक्षण का दायरा बढ़ाया गया। हर पंचायत में नल से जलसे लेकर सड़क, पुल-पुलिया, बिजली की व्यवस्था हुई है। हमें आप हमारे कार्यो को देखकर वोट दें, ताकि विकास की रफ्तार को तेज किया जा सके। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू प्रत्याशी को साथ खड़ा कर कहा कि यह मेरी पसंद का है। आप फिर से वोट देकर इसे विजयी बनाइएगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हमलोग तो चाहते हैं कि बिहार में चालीस सीट है, चालीसो सीट जीतें।

**पीएम ने दिल्ली में जनसभा को किया संबोधित, विपक्ष पर साधा निशाना**

# देश को बर्बाद कर रहा इंडी गठबंधन : मोदी

**बोलें-देश की जनता के लिए मेरा पल-पल और कण-कण है**

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजधानी दिल्ली में पहली जनसभा को संबोधित किया। उत्तर पूर्वी दिल्ली के करतार नगर इलाके में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की जनता के लिए मेरा पल-पल और कण-कण है। 50 साल पहले घर छोड़कर निकला था। वहीं पीएम ने जनसभा में इंडी गठबंधन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में इंडी गठबंधन के नेता जेल जा रहे हैं। पीएम ने दिल्ली की सभी सीटों पर भाजपा के उम्मीदावारों को वोट देने की अपील की। दिल्ली की रैली में पीएम मोदी ने इंडी गठंबधन को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये मौका परस्त गठबंधन तुष्टिकरण के लिए देश में हिंसा भी फैला सकता। याद कीजिए, जब सीएए कानून आया था, तब इन्होंने महीनों के लिए दिल्ली को बंधक बना दिया था। पहले रास्ते रोके, फिर दंगे कराए। लेकिन आज इनके झूठ का पदार्फाश हो चुका हौ दिल्ली में वर्षों से रह रहे शरणार्थियों को नागरिकता मिल रही है। कांग्रेस की चार पीढ़ियों ने दिल्ली पर राज किया। लेकिन आज इनमें दिल्ली की चार सीट पर लड़ने की ताकत नहीं रही। कांग्रेस वहां भी नहीं लड़ पा रही है, जहां इनका 10 जनपथ का दरबार है। आजादी के बाद देश के जवान ह्यनेशनल वार मेमोरियलह्ण की मांग करते रहे। देश का दुर्भाग्य देखिए, जब तक मोदी नहीं आया, देश की सरकारों को देश के वीर जवानों के सम्मान में वार मेमोरियल बनाने का महत्व समझ नहीं आया। देश में लोगों की रक्षा करते-करते करीब 35 हजार पुलिस के जवान शहीद हुए हैं। दुनिया में कोई भी जगह हो, इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, इन्वेस्टमेंट लेकर आता है। एक तरफ अनधिकृत कॉलोनियां को रेगुलर करने का काम चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ झुग्गियों की जगह पक्के घर बनाने का अभियान भी जारी है। जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि बचपन में जब घर छोड़ा तब नहीं जानता था कि एक सौ चालीस करोड़ लोग मेरा परिवार बन जाएंगे, मैं आप लोगों के लिए मर खप रहा हूं। मेरा कोई वारिस नहीं है। अगर कोई वारिस है तो आप सब ही हैं। मेरा पल पल आपके लिए है। पीएम ने कहा कि हर बूथ पर कमल खिलेगा। यह चुनाव मजबूत भारत बनाने के लिए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में आपके आशीर्वाद से हमारे सभी प्रत्याशी विजयी हों। आपका प्यार मेरे सिर आंखों पर है। 24*7 मोदी की गारंटी है। दिल्ली में हमारे उम्मीदवारों की विजय हो, इसके लिए वोट करिए। इस दौरान पीएम मोदी को भीड़ शांत करानी पड़ी।

## पीएम मोदी ने अपने दस साल के कार्यकाल का हिसाब नहीं दिया: तेजस्वी

प्रात : किरण

छपरा। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस साल के अपने कार्यकाल में विकास के लिये क्या काम किये, उनका हिसाब उनके पास नहीं है। सारण संसदीय क्षेत्र में अपनी बड़ी बहन राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी डॉ. रोहिणी आचार्या के पक्ष में मतदाताओं को गोलबंद करने आए विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने यहां कहा कि प्रधानमंत्री मोदी तो दस साल का हिसाब नहीं देते, लेकिन मेरे पास उनके दस साल का पूरा हिसाब है। दस साल किसान कंगाल, दस साल युवा-छात्रा बेहाल, दस साल तरक्की फटे-हाल, दस साल प्रगति का बुरा हाल, दस साल भारतीय जनता पार्टी मालामाल, दस साल फैलाया महा-जाल, दस साल बर्बाद भविष्य-काल, दस साल उम्मीदों का इंतकाल, दस साल भाषणों का भंवर-जाल, दस साल व्यापारियों का जी का जंजाल। तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार बनने पर महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख रुपए यानि हर महीने 8,333 मिलेंगे। 10 किलो राशन मिलेगा। सिलेंडर सस्ता होगा। महंगाई कम होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 10 से ज्यादा सभा बिहार में कर चुके हैं और यहां रात्रि विश्राम भी कर चुके हैं लेकिन इसके बावजूद बिहार के मुद्दे पर बात नहीं कर रहे। बिहार में लोकल मुद्दे पर चुनाव हो रहा है जबकि राष्ट्रीय मुद्दे को जबरन थोपा जा रहा है। छपरा की अधिकांश समस्याएं जस की तस है और यहां के सांसद पूरी तरह से विफल साबित हुए है। दवाई, सिंचाई, पढ़ाई, महंगाई, कमाई, रोजगार ये सब लोकल मुद्दे इस समय देश में हावी हैं लेकिन पीएम मोदी जब जब बिहार आते हैं केवल हवा हवाई बातें करते हैं।

## हिन्दुस्तान को दिशा देने में रायबरेली की बड़ी भूमिका है: राहुल

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि हिन्दुस्तान को दिशा देने में रायबरेली की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और आज उसकी भूमिका होनी चाहिए कि वह उत्तर प्रदेश को विकास का रास्ता दिखाए। कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ रहे राहुल गांधी ने अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ रायबरेली को लेकर आपस में बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया। उन्होंने कहा, रायबरेली जाते वक्त मैं और प्रियंका कुछ देर के लिए बचपन की गलियों से भी होकर गुजरे। बहुत सी खट्टी-मीठी यादें हैं, दादी का ज्ञान, पापा की पसंदीदा जलेबियां, प्रियंका के बनाए केक, ऐसा लगता है जैसे सब कल की ही बात हो। राहुल गांधी ने कहा, बचपन से हमारा राजनीति से गहरा रिश्ता रहा है, पर राजनीति कभी हमारे रिश्तों के बीच नहीं आई।

**पांचवा चरण : बिहार की पांच सीटों सहित 49 सीटों के लिये चुनाव प्रचार थमा**

# मधुबनी, सीतामढ़ी, सारण, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर में 20 को मतदान

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। लोक सभा चुनाव के पांचवें चरण में बिहार की पांच सीटों सहित आठ राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों तथा ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर प्रचार अभियान शनिवार शाम छह बजे थम गया। इन सीटों पर मतदान सोमवार को होगा। बिहार में जिन पांच सीटों पर चुनाव होना है, इनमें मधुबनी, सीतामढ़ी, सारण, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र हैं।

इस चरण में 49 लोकसभा सीटों पर 695 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। इसके साथ ही ओडिशा विधानसभा की कुल 147 सीटों में से दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर भी इसी दिन मतदान होगा। इन सीटों पर कुल 265 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य विधानसभा के चुनाव के पहले चरण में 13 मई को 28 सीटों पर मतदान हुआ था। लोकसभा के पांचवें चरण के चुनाव के लिये 49 सीटों के लिये कुल 1586 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था, इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच के बाद 749 उम्मीदवार रह गये और नामांकन पत्र वापस लेने के बाद चुनावी मैदान में 695 रह गये। इस चरण में प्रमुख उम्मीदवारों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान, केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, साध्वी निरंजन ज्योति, कौशल किशोर, डॉ प्रवीण भारती पवार, शान्तनु ठाकुर, कपिल पाटिल, अन्नपूर्णा देवी, भाजपा नेता राजीव प्रताप रूड़ी, राष्ट्रीय जनता दल की रोहिणी आचार्य शामिल हैं। कुल सात चरणों के इस चुनाव में पांचवें चरण के मतदान के साथ आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित 18 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की सभी लोक सभा सीटों पर मतदान कराने का काम काम पूरा हो चुका होगा। पांचवें चरण में जिन आठ राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के संसदीय सीटों के लिये मतदान होगा उनमें उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, ओडिशा और बिहार की पांच-पांच, झारखंड की तीन और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की एक-एक सीट है। पांचवें चरण में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारकों के अलावा घटक दल के नेताओं ने सार्वजनिक सभाओं और रोड-शो आदि के माध्यम से जम कर प्रचार किया। जो आज शाम छह बजे थम गया। निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिए चुनाव आयोग की व्यवस्था के अनुसार सार्वजनिक प्रचार अभियान मतदान खत्म होने के 48 घंटे पहले बंद कर दिया जाता है। इसके बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक निजी स्तर पर घर-घर जाकर मतदाताओं का समर्थन जुटाते हैं।

# हरियाणा : चलती बस में लगी आग, 10 लोग जिंदा जले

**कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर हुआ हादसा**

प्रात : किरण



तावडू/एजेंसी। तावडू उपमंडल की सीमा से गुजर रहे कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार-शनिवार की रात श्रद्धालुओं से भरी बस में अज्ञात कारणों से आग लग गई। हादसे में मरने वालों की संख्या 10 और घायलों की संख्या 28 बताई आ रही है। नल्हड़ अस्पताल में नौ शव पहुंचे हैं, जिसमें पांच की पहचान हो गई है। चलती बस में आग की लपटें देख स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास करते हुए पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पा लिया। हादसे के शिकार लोग पंजाब और चंडीगढ़ के रहने वाले बताए गए हैं जो मथुरा और वृंदावन दर्शन कर लौट रहे थे। पुलिस जांच में जुट गई। बस में सवार पीड़ित श्रद्धालु सरोज पुंज व पूनम ने बताया कि बीते शुक्रवार को एक टूरिस्ट बस किराए पर कर बनारस और मथुरा वृंदावन दर्शन के लिए निकले थे। बस में 60 लोग सवार थेजिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। यह सभी नजदीकी रिश्तेदार थे जो पंजाब के लुधियाना, होशियारपुर और चंडीगढ़ के रहने वाले थे। शुक्रवार-शनिवार की रात वह दर्शन कर वापस लौट रहे थे। देर रात डेढ़ बजे के करीब बस में आग की लपटें दिखाई दीं। उन्होंने बताया कि वह आगे की सीट पर बैठी हुई थीं। किसी तरह स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें निकाल लिया गया। घटनास्थल पर मदद के लिए पहुंचे ग्रामीण साबिर,नसीम, साजिद, एहसान आदि ने बताया कि देर रात करीब 1:30 बजे एक चलती बस में उन्हें आग की लपटें दिखाई दीं। उन्होंने आवाज लगाकर चालक को बस रोकने को कहा लेकिन बस नहीं रुकी। फिर एक युवक ने मोटरसाइकिल पर सवार होकर बस का पीछा किया और चालक को आग लगने सूचना दी। इसके बाद बस रुकी लेकिन तब तक बस में आग काफी तेज हो चुकी थी। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी। ग्रामीणों का कहना था कि पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी बहुत देर से पहुंची। तब तक बस में सवार लोग बुरी तरह झुलस चुके थेजिनमें आठ की मौत हो गई।

# देश विरोधी बात करने वाले के लिए कोई जगह नहीं : बिस्वा

प्रात : किरण



पटना/एजेंसी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मुजफ्फरपुर में शनिवार को जनसभा को संबोधित करते राजद व कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लालू यादव मुस्लिम समुदाय के आरक्षण की बात कहकर मुस्लिम तुष्टिकरण की बात कहते हैं। इस देश में यह संभव नहीं है, अगर फिर भी उनको एक समुदाय का आरक्षण चाहिए तो पाकिस्तान में जा सकते हैं। दरअसल, हिमंत सरमा मुजफ्फरपुर के औराई विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील करने पहुंचे थे। यहां अपने संबोधन के दौरान ही उन्होंने यह बात कही। इस दौरान में सीएम भाजपा नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने मुजफ्फरपुर में मुसलमान के आरक्षण और सात शादी पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि दो बेटों के साथ लालू प्रसाद यादव पाकिस्तान में चले जाएं। फिर वहां सभी मुसलमानों को वहीं से आरक्षण दिलवा दें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के फिर से बनते ही सात शादी करने वाली दुकान बंद हो जाएगी। सरमा ने कहा कि हमारे देश का अपना कानून है और यह संविधान से अधिकृत है, इसको कोई भी खत्म नहीं कर सकता है। जो भी लोग आरक्षण को खत्म करने की बात कहते हैं तो यह कोई नहीं ले सकता है। वहीं, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को लेकर हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि यह लोग कहते हैं कि प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। उन्होंने कहा कि वह पाकिस्तान के पीएम बनने जा रहे हैं। यहां के लिए कोई जगह खाली नहीं है। पीएम तो यहां के नरेंद्र मोदी हैं और कोई भी जगह खाली नहीं है। इसलिए ऐसे लोग बाहर जा सकते हैं और देश में रहकर देश विरोधी बात करने वाले के लिए कोई जगह नहीं है।

**चुनाव**

**पांचवा चरण : बिहार की पांच सीटों पर 20 को मतदान, दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर**

# रोहिणी व चिराग के सामने अपने परिवार की सियासी विरासत बचाने की चुनौती

रामाधार प्रसाद





पटना। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चार चरण खत्म होने के बाद अब पांचवें चरण की मतदान को लेकर सियासी सरगर्मियां पूरे शबाब पर है। सियासी दिग्गज व प्रत्याशी प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक दी है। पांचवें चरण में बिहार की पांच सीटों सारण, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, मधुबनी व सीतामढ़ी में 20 मई को वोट डाले जाएंगे। इस चरण में चार सीटों पर प्रत्याशियों के सामने अपने परिवार की राजनीतिक विरासत को बचाने की चुनौती है। सारण, हाजीपुर (सु), मुजफ्फरपुर और मधुबनी संसदीय सीट पर राजग और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अपने परिवार की राजनीतिक विरासत को आगे ले जाने के लिये चुनावी मैदान में पसीना बहा रहे हैं।

**हाजीपुर :** हाजीपुर (सु) सीट से पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिवंगत राम विलास पासवान के पुत्र जमुई के सांसद चिराग पासवान राजग में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के टिकट पर चुनावी संग्राम में उतरे हैं। हाजीपुर (सु) रामविलास पासवान का गढ़ रहा है। इस सीट से ही राम विलास पासवान ने वर्ष 1977 में अपने संसदीय सफर की शानदार शुरूआत की थी। यहां से वे रिकॉर्ड मतों से जीतकर गिनीज बुक में नाम भी दर्ज करवा चुके हैं। यहां से आठ बार सांसद बने। वहीं, उनके भाई पशुपति कुमार पारस भी वर्ष 2019 में सासंद बने थे। इस बार के चुनाव में चिराग पासवान जमुई सीट की जगह हाजीपुर से चुनाव लड़ रहे हैं। वह हाजीपुर सीट से अपने परिवार की विरासत को आगे ले जाने के लिये तैयार हैं। हाजीपुर सीट पर उनका मुकाबला इंडिया गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी पूर्व मंत्री राजद प्रत्याशी शिवचंद्र राम से होगा।

**सारण :** सारण संसदीय सीट राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव का गढ़ रहा है। सारण सीट से लालू यादव ने वर्ष 1977 में अपनी सियासी पारी की शानदार शुरूआत की थी। इसके बाद श्री यादव ने छपरा सीट पर वर्ष 1989, 2004 और सारण से 2009 में जीत हासिल की। हालांकि लालू को यहां से हार का भी सामना करना पड़ा है। पहले इस संसदीय सीट का नाम छपरा था। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव-राबड़ी देवी की पुत्री डॉ.रोहिणी आचार्य सारण सीट से राजद के टिकट पर अपने परिवार की विरासत को आगे ले जाने के लिये तैयार हैं। माना जा रहा है कि इस बार लालू की विरासत संभालने के लिए चुनावी मैदान में उतरी रोहिणी आचार्य को यहां से जीताना न केवल लालू के लिए, बल्कि पूरी पार्टी के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न है। हालांकि रोहिणी की राह बहुत आसान नहीं है। उनका मुख्य मुकाबला निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूडी से है। वह भी इस क्षेत्र से जीत का चौका लगा चुके हैं।

**मुजफ्फरपुर :** मुजफ्फरपुर संसदीय सीट से कैप्टन जय नारायण निषाद ने 1996,1998,1999 और 2009 में जीत हासिल की थी। इसके बाद श्री निषाद के पुत्र अजय निषाद ने वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में भाजपा के टिकट पर मुजफ्फरपुर से जीत हासिल की। इस बार के चुनाव में भाजपा ने अजय निषाद को बेटिकट कर दिया है, जिससे नाराज होकर श्री निषाद ने भाजपा का साथ छोड़ इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस का हाथ थाम लिया है और चुनावी संग्राम में उतर आये हैं। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा ने श्री निषाद की जगह राजभूषण निषाद को प्रत्याशी बनाया है। श्री राजभूषण वीआईपी छोड़ भाजपा में शामिल हुये हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में श्री निषाद और श्री राजभूषण के बीच चुनावी टक्कर हुयी थी। इस बार के चुनाव में भी दोनों प्रतिद्धंदी आमने-सामने हैं। अजय निषाद भी अपने पिता कैप्टन जय नारायण निषाद की राजनीतिक विरासत को आगे ले जाने के लिये तैयार हैं।

**मधुबनी :** मधुबनी संसदीय सीट पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री हुकुमदेव नारायण ने सर्वाधिक चार बार विजयी पताका लहरायी है। श्री यादव ने वर्ष 1977, 1999, 2009 और 2014 में मधुबनी से जीत हासिल की। इसके बाद श्री यादव के पुत्र अशोक कुमार यादव वर्ष 2019 में मधुबनी के सांसद बने। भाजपा प्रत्याशी अशोक यादव इस बार के चुनाव में भी मधुबनी से ताल ठोक रहे हैं। वहीं राजद ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी को चुनावी रणभूमि में उतारा है। श्री फातमी दरभंगा ससंदीय सीट पर चार बार सांसद रह चुके हैं। श्री अशोक यादव अपने परिवार की राजनीतिक विरासत को आगे ले जाने के लिये चुनावी मैदान में डटे हैं। सीतामढ़ी में जदयू ने सुनील कुमार पिंटू का टिकट काट कर देवेश चंद्र ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है। राजद के अर्जुन राय भी सीतामढ़ी से दूसरी बार सांसद बनने को मैदान में डटे हैं। उल्लेखनीय है कि आगामी 20 मई को ही सारण लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है।

# लू का प्रकोप जारी, गर्मी से लोगों को नहीं मिल रही राहत



नई दिल्ली/एजेसी। पूरे उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू ने ना केवल लोगों को बेहाल कर दिया है बल्कि लू के थपेड़ों ने जन-जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिन तक दिल्ली समेत नौ राज्यों में लू का अलर्ट जारी किया है। इनमें राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, बिहार और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। आईएमडी के मुताबिक अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में लू का प्रकोप बना रहेगा। अगले तीन दिनों के दौरान पूर्वी-मध्य भारत में लू की स्थिति जारी रह सकती है। दक्षिण भारत में 23 मई तक भारी वर्षा जारी रहने की संभावना है। साथ ही 19-21 मई के दौरान तेज बारिश होने की उम्मीद भी जताई है। इस बीच राहत की बात यह है कि मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून 19 मई के आसपास दक्षिण अंडमान सागर, दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीप समूह में आगे बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, बिहार और गुजरात में के कुछ हिस्सों में भीषण लू चलने की संभावना जताई है। विभाग ने ओडिशा के अलग-अलग इलाकों में भी लू चलने की संभावना जताई है। शुक्रवार को उक्त राज्यों के कई शहरों में तापमान 43 से 46 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश के आगरा में पारा 46.9 डिग्री पहुंचा। इसके अलावा ओडिशा, झारखंड, गोवा, असम और त्रिपुरा में आज उमसभरी गर्मी का अनुमान जारी किया गया है। उधर, दक्षिण भारत के राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज से अगले पांच दिन तक तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में भारी बारिश का दौर रहेगा। वहीं, कर्नाटक में दो दिन बाद यानी 20 मई से तेज बारिश की संभावना बनेगी।

## फूलों की घाटी में बिखरा है प्रकृति का अनमोल खजाना, खिलते हैं 315 प्रजाति के दुर्लभ हिमालयी फूल

**चमोली, एजेंसी।** उत्तराखंड के सीमांत चमोली जिले में विश्व धरोहर फूलों की घाटी के अलावा भी एक और फूलों की घाटी मौजूद है। जोशीमठ से 28 किमी दूर 13 हजार फीट की ऊंचाई पर सोना शिखर के पास पांच वर्ग किमी क्षेत्र में फैली इस घाटी की पहचान 'चेनाप' नाम से है।

यह घाटी विश्व प्रसिद्ध हिमक्रीड़ा स्थल औली के ठीक सामने हिमाच्छादित चोटियों की तलहटी में स्थित है। जून से लेकर अक्टूबर तक यहां लगभग 315 प्रजाति के दुर्लभ हिमालयी फूल खिलते हैं।

भले ही इस घाटी के बारे में देश-दुनिया के लोगों को ज्यादा जानकारी न हो, लेकिन बंगाल के पर्यटकों का यह पसंदीदा ट्रेक है। सुविधाएं न होने के बावजूद बंगाल के पर्यटक हर वर्ष बड़ी तादाद में घाटी के दीदार को पहुंचते हैं। सो, इस बार आप बदरीनाथ व भविष्य बदरी धाम की यात्रा अथवा फूलों की घाटी या औली की सैर पर आ रहे हैं तो 'चेनाप घाटी' भी आपके स्वागत को तैयार है।

चेनाप घाटी के लिए जोशीमठ से दो रास्ते जाते हैं। एक रास्ते से चेनाप घाटी जाकर दूसरे से वापस लौटा जा सकता है। एक रास्ता थैंग गांव के घिवाणी तोक और दूसरा मेलारी टाप से होकर जाता है। मेलारी टाप से हिमालय की मनमोहक चोटियों का नजारा देखते ही बनता है।

इसके अलावा बदरीनाथ हाईवे पर बेनाकुली से खीरों व माकपाटा होते हुए भी चेनाप घाटी पहुंचा जा सकता है। यह 40 किमी लंबा ट्रेक है, जो



खासतौर पर बंगाली पर्यटकों की पसंद माना जाता है। वर्ष 2013 की आपदा में जब फूलों की घाटी जाने वाला मार्ग ध्वस्त हो गया तो प्रकृति प्रेमी यहां पहुंचने लगे। इसके बाद ही लोगों का इस घाटी से परिचय हुआ।

चमोली जिले के युवा ट्रेकर संजय चौहान के अनुसार चेनाप घाटी का खास आकर्षण हैं, यहां प्राकृतिक रूप से बनी डेढ़ से ढाई किमी लंबी मेड़ और क्यारियां। ब्रह्मकमल की क्यारियों को देखकर तो लगता है जैसे किसी कुशल शिल्पी ने इन्हें करीने से सजाया हो।

लोक मान्यता है कि आंछरी (परी) यहां फूलों की खेती करती हैं। इसके अलावा यहां दुर्लभ प्रजाति के वन्य जीव और औषधीय जड़ी-बूटियों का भी समृद्ध भंडार मौजूद है।

वैसे तो चेनाप घाटी की सुंदरता सालभर निखरी रहती है, लेकिन जुलाई से सितंबर के मध्य तो यहां का नजारा देखते ही बनता है। लगभग सभी प्रजाति के फूल खिल उठते हैं, जिससे पूरी घाटी सम्मोहन बिखेरती सी प्रतीत होती है। सितंबर के बाद धीरे-धीरे फूल सूखने लगते हैं, लेकिन हरियाली का आकर्षण कायम रहता है। चेनाप घाटी के लिए मुख्य रास्ता जोशीमठ शहर से 10 किमी नीचे विष्णु प्रयाग से होकर जाता है। यह तीन दिन का ट्रेक है। पहले दिन विष्णु प्रयाग से करीब आठ किमी की दूरी तय कर थैंग गांव और दूसरे दिन यहां से छह किमी दूर धार खरक गांव पहुंचा जाता है। यहां से चार किमी की दूरी पर चेनाप घाटी है। यह दूरी तीसरे दिन तय होती है।

### संक्षिप्त समाचार

## फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी कर रहा शिक्षक बर्खास्त

**जसपुर, एजेंसी।** 23 वर्षों से फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर नौकरी कर रहे शिक्षक को जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक शिक्षा) ने बर्खास्त कर दिया है।

जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक शिक्षा हरेंद्र कुमार मिश्र ने अपने आदेश में कहा है कि हरगोविंद सिंह की सहायक अध्यापक राजकीय प्राथमिक स्कूल रामजीवनपुर में मृतक आश्रित श्रेणी के अंतर्गत नियुक्ति सितंबर वर्ष 2000 में हुई थी। नियुक्ति पाने के लिए हाई स्कूल, इंटरमीडिएट तथा अदीव ए कामिल जामिया उर्दू अलीगढ़ के प्रमाण पत्र लगाए थे। कार्यालय खंडाधिकारी अनुसंधान विभाग देहरादून ने 23 नवंबर 2017 द्वारा महानिदेशक विद्यालय शिक्षा देहरादून को अवगत कराया था कि उसने फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक की नौकरी प्राप्त की है। इस पर प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने दूसरे पक्ष को भी सुनवाई का अवसर देते हुए कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। 30 नवंबर 2017 को आरोप पत्र जारी कर सहायक अध्यापक को निलंबित कर दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी मिश्रा ने बताया कि आरोपी सहायक अध्यापक को 30 जून 2020 को बर्खास्त कर दिया गया। इसके खिलाफ आरोपी शिक्षक न्यायालय चला गया। इस पर न्यायालय ने कहा कि उत्तराखंड सरकारी सेवक नियमावली के अनुसार बर्खास्तगी नहीं की गई है जिस पर विभाग ने आरोपी सहायक अध्यापक को बहाल करते हुए उसके शैक्षिक अभिलेखों की पुनः जांच करने के आदेश उप शिक्षा अधिकारी को जांच दिए थे। उप शिक्षा अधिकारी की जांच में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत हाईस्कूल, इंटरमीडिएट एवं उर्दू जामिया अलीगढ़ की ओर से निर्गत अदीव ए कामिल के प्रमाण पत्र कूटरचित पाए गए। इस आधार पर उत्तराखंड सरकारी सेवक नियमावली 2003 के अंतर्गत आरोपी सहायक अध्यापक को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

## गढ़वाली समुदाय को गाली देने का आरोपी दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार

**चमोली, एजेंसी।** जतिन उर्फ खाटू ने इंटरनेट पर पहाड़ी समुदाय और महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए संदेश जारी किया था। आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। सोशल मीडिया पर गढ़वाली समुदाय के लोगों को गाली देने के आरोपी को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ बीती नौ अप्रैल को शहर कोतवाली में केस दर्ज किया गया था। आरोपी पर एसएसपी अजय सिंह ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस के अनुसार आरोपी जतिन उर्फ खाटू निवासी जट बहादरपुर थाना पथरी जिला हरिद्वार ने इंटरनेट मीडिया पर पहाड़ी समुदाय और महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए संदेश जारी किया था। साइबर सेल की टीम ने इसे देखा। इसके बाद महिला दरोगा निर्मला भट्ट की ओर से शहर कोतवाली में हेट स्पीच को लेकर मुकदमा दर्ज कराया गया। तलाश में आरोपी अपने पतों पर नहीं मिला। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित करने के साथ ही लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया। शुक्रवार को आरोपी थाईलैंड से दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचा। इस दौरान उसे गिरफ्तारी कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ दून के राजपुर, वसंत विहार और हरिद्वार के रानीपुर थाने में हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

## नगर निगम ने डेंगू से बचने के लिए किया जागरूक

**हरिद्वार, एजेंसी।** राष्टीय डेंगू दिवस पर नगर निगम की टीम ने क्षेत्र के सभी वार्डों में जागरूकता अभियान चलाते हुए लोगों को डेंगू से बचाव के तरीके बताए। इस दौरान लोगों से अपने घर के आस पास साफ सफाई रखने की अपील भी की गई। वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी तरुण मिश्रा के निर्देशन में नगर निगम के सभी 60 वार्डों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान नगर निगम की टीम ने क्षेत्र के करीब आधा दर्जन कॉलेज और स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को पंपलेट वितरित किए। सरकारी कार्यालयों में भी नगर निगम की टीम ने लोगों को जागरूक किया। वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी तरुण मिश्रा ने बताया कि डेंगू एक जानलेवा बीमारी है। जो कि मच्छर के काटने से होती है। यह मच्छर साफ पानी में पनपता है। जिससे बचने के लिए लोगों को अपने घरों के आस-पास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। घर में मौजूद कूलर के साथ अन्य खाली बर्तनों में पानी एकत्रित नहीं होने देना चाहिए। समय-समय पर कूलर की टंकी की सफाई करनी चाहिए। लोगों को खुद के साथ अन्य लोगों को भी इस बारे में जागरूक करना चाहिए। जन सहभागिता से ही डेंगू के डंक पर काबू पाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान टीम में विकास चौधरी, सुनील मलिक, सुनील कुमार, धीरेंद्र सेमवाल, अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

## नैनीताल के युवाओं को तबाह कर रहा नशा, गलियों में बिक रही स्मैक; अब ये बात बढ़ा रही टेंशन

**नैनीताल , एजेंसी।** नैनीताल जिले में स्मैक और चरस का कारोबार जमकर पैर पसार रहा है। युवा पीढ़ी और अच्छे घर के लोग भी इसके चुंगल में फंस रहे हैं। नशे से युवाओं का भविष्य तो खराब हो ही रहा है वह अपराध करने से भी बाज नहीं आ रहे हैं।

नैनीताल जिले में स्मैक और चरस का कारोबार जमकर पैर पसार रहा है। युवा पीढ़ी और अच्छे घर के लोग भी इसके चुंगल में फंस रहे हैं। नशे से युवाओं का भविष्य तो खराब हो ही रहा है वह अपराध करने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हल्द्वानी उपकारागार में चोरी करने में पकड़े गए आरोपी रखे गए हैं। इनमें से अधिकांश आरोपी नशे के आदि हैं।

हाल ही में सुशीला तिवारी अस्पताल में डाक्टरों के कमरे से बैग और लैपटॉप चोरी करने वाला युवक करोड़पति निकला था। उसने स्मैक के नशे में अपना भविष्य बर्बाद कर लिया है। घर वालों ने पैसे देने बंद किए तो चोरी करने लगा। पुलिस ने ऊधमसिंह नगर में एक चोर को पकड़ा था, जिसने टीपीनगर और मंडी चौकी क्षेत्र से चोरी की थी। ये चोर स्मैक का आदी है और इसे खरीदने के लिए पैसे जुटाने के लिए अब तक 25 चोरी कर चुका है। जेल से छूटने के बाद फिर से चोरी करने लगता है।

मुखानी में एक महीने पहले 25 साल के एक युवक की जान नशे की वजह से चली गई थी। युवक का शव आरटीओ कार्यालय के पास मिला था। युवक चोरी के मामले में जेल गया था। इसी तरह के कई और उदाहरण हैं। आरटीआई कार्यकर्ता हेमंत गोनिया की ओर से मांगी गई जानकारी में नशे के आंकड़े बेहद चौकाने वाले हैं।

प्रत्येक साल ये नशा बढ़ता ही जा रहा है। हर साल स्मैक के मामलों में भारी बढ़ोत्तरी हो रही है। नैनीताल जिले में एक जनवरी 2024 से 30 अप्रैल तक 59 अभियोग दज किए गए। इसमें 68 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। इनसे 10.33 किलोग्राम चरस, 681 ग्राम स्मैक, 111 किलोग्राम गांजा, 210 इंजेक्शन पकड़े गए हैं। एसओजी और कोतवाली पुलिस बृहस्पतिवार को धानमिल चौराहा टीपीनगर में संदिग्ध वाहन और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटर साइकिल सवार को रुकने का इशारा किया गया। इस दौरान बाइकसवार एक युवक भाग गया जबकि दूसरा हत्थे चढ़ गया। तलाशी में उससे नशे के 54 इंजेक्शन बरामद हुए। मौके से भागे व्यक्ति की बाइक और मोबाइल पुलिस ने जब्त कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान गुलफाम मूल निवासी इस्लामनगर वार्ड 6 गदरपुर और हाल पता गौजाजाली उत्तर बनभूलपुरा के रूप में हुई।

## एसडीजी रैंकिंग में सुधार के लिए नीति बनाकर करें काम : सीडीओ

**रुद्रपुर।, एजेंसी।** जिला योजना के वित्तीय वर्ष 2023-24 में किए गए कार्यों एवं 2024-25 की प्रस्तावित संरचना, राज्य व केंद्र सेक्टर के वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2024-25 के कार्यों व मुख्यमंत्री की घोषणाओं की प्रगति की सीडीओ ने समीक्षा की। सीडीओ ने कहा कि पहले से संचालित योजनाओं को प्राथमिकता दें। उन्होंने एसडीजी रैंकिंग में सुधार के लिए सतत विकास लक्ष्यों की प्रतिपूर्ति के लिए योजना व नीतियों को बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। जल संरक्षण, मल्टी विलेज स्कीम को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

विकास भवन के शहीद ऊधम सिंह सभागार में आयोजित बैठक में सीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि समिति सदस्यों के प्रस्ताव जिला योजना में शामिल किए जाएं। उन्होंने जिला योजना समिति के सदस्यों को प्राथमिकता के आधार पर अपने-अपने प्रस्ताव जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को उपलब्ध कराने को कहा।

कहा कि सभी विभाग अनुमोदित परिव्यय के सापेक्ष ही योजनाओं का चयन करेंगे। कम खर्च पर अधिक से अधिक जनता को लाभांवित करने वाली योजनाओं को जिला योजना में शामिल किया जाए। बजट आवंटन की व्यवस्था वाली केंद्र व राज्य की बड़ी योजनाओं को जिला योजना में न रखें। प्रासंगिक तथ्य एवं आंकड़े एकत्रित कर ग्राम व नगर निकाय स्तर से पर योजनाओं का निर्माण किया जाए।

उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से कन्वर्जेन्स पर भी तरजीह देने व कलस्टर अप्रोच को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

## साथ खाया जहर, युवती की मौत के मामले में युवक पर केस दर्ज

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** शादी से मना करने पर एक ही बिरादरी के युवक और युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। युवती की मौत हो गई तो परिजनों की तहरीर पर युवक के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। पुलिस के मुताबिक दोनों का लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था और दोनों विवाह करना चाहते थे। एक ही बिरादरी के होने के चलते परिजनों ने इससे मना कर दिया तो दोनों ने आत्मघाती कदम उठाया। संयोग से युवक बच गया जबकि युवती की मौत हो गई।

द्वाराहाट के भेट निवासी दीपा देवी ने थाने में तहरीर दी। उसके मुताबिक रानीखेत महाविद्यालय में पढ़ने वाली उसकी 18 वर्षीय पुत्री दिव्या और गांव के ही युवक पवन का लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। विदेश में नौकरी करने वाला युवक और उसकी बेटी विवाह करना चाहते थे। एक ही बिरादारी और दोनों के बीच भाई-बहन का रिश्ता होने के कारण उन्हें समझाया और विवाह से मना किया गया, लेकिन वे नहीं माने।

युवक के मार्च में नौकरी से घर लौटने पर फिर से दोनों का मिलना शुरू हुआ। सात मई को हर रोज की तरह उसकी बेटी कंप्यूटर कोर्स के लिए बग्वालीपोखर गई जो घर नहीं लौटी। पूछताछ में मालूम हुआ कि युवक भी घर नहीं लौटा है। खोजबीन के बाद भी दोनों का पता नहीं चला। दूसरे दिन गांव के एक व्यक्ति ने फोन पर दोनों के बग्वालीपोखर-अल्मोड़ा सड़क पर बेसुध पड़े होने की सूचना दी। जानकारी मिली कि युवती को मौके पर छोड़कर युवक के परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए। युवती को भी उपचार के लिए परिजनों ने गौचर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## हल्द्वानी में मुस्लिम युवक से शादी करने एसडीएम कोर्ट पहुंची हिंदू युवती तो मच गया गदर

**हल्द्वानी, एजेंसी।** हल्द्वानी की ग्रेजुएट युवती को बनभूलपुरा के नौवीं पास पेंटर से प्यार हो गया। दोनों ने एसडीएम कोर्ट में शादी के लिए आवेदन किया था। गुरुवार शाम दोनों शादी के लिए पहुंचे ही थे कि कायस्थ महासभा के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई। कोतवाली में दो घंटे हाइवोल्टेज ड्राम चला। युवक व युवती ने जब एक-दूसरे से शादी करने के मना किया, तब जाकर लोगों का आक्रोश शांत हुआ। हिंदू युवती व मुस्लिम युवक के बीच दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के स्वजन ने विरोध किया। इस पर युवती लड़के के घर रहने लगी थी। पुलिस के अनुसार 18 अप्रैल को दोनों ने एसडीएम कोर्ट में विवाह के लिए आवेदन किया था। जिसके बाद एसडीएम कोर्ट में दोनों के विवाह का नोटिस चस्पा कर दिया गया। कुछ दिन पहले कायस्थ महासभा के लोगों ने नोटिस देखा। लड़की के स्वजन को सूचना दे दी। गुरुवार दोपहर तीन बजे दोनों की शादी होनी थी। तय समय पर जैसे ही युवक व युवती एसडीएम कोर्ट परिसर में पहुंचे तो कायस्थ महासभा के लोग युवती के माता-पिता के साथ पहुंच गए। शादी का विरोध किया। इधर, युवती लड़के के साथ शादी करने की जिद पर अड़ गई। हंगामा बढ़ा तो कोतवाल उमेश कुमार मलिक टीम के साथ पहुंच गए। शाम पांच बजे दोनों पक्षों के लोग कोतवाली में पहुंचे। जहां पर शाम सात बजे तक हाइवोल्टेज ड्रामा चलता रहा। पुलिस के तमाम प्रयास व लोगों के समझाने पर युवती शादी नहीं करने के लिए राजी हुई। इसके बाद उसे बयान के लिए एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया। युवती व युवक ने एक-दूसरे से अलग रहने की बात कही। तब जाकर लोग शांत हुए। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि युवती को उसके परिवारजनों को सौंप दिया है। युवती कुछ दिन से युवक के घर में रह रही थी। युवक ने पुलिस को बताया कि वह युवती को अपने संग कुछ दिन पहले बरेली ले गया था। जहां उसे कलमा पढ़ाकर निकाह कर लिया है। पुलिस ने छानबीन की तो यह मामला झूठा निकला।

## पुण्य कमाने आए और पाप छोड़कर चले गए

**काशीपुर, एजेंसी।** चैती के मेले में आए लाखों श्रद्धालु पुण्य कमाकर और अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना करके गए। जाते-जाते ये लोग मेला क्षेत्र में कूड़ा फैलाकर गए हैं। मेला मैदान पर कूड़े कचरे और पॉलीथिन के ढेर लगे हुए हैं। दुर्गंध के कारण इस क्षेत्र से सटे रास्तों से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। बाल सुंदरी देवी मंदिर प्रबंध समिति के सदस्यों ने प्रशासन से यहां बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाने की मांग की है।

काशीपुर के माता बाल सुंदरी देवी मंदिर परिसर और मैदान में नौ अप्रैल से पांच मई तक ऐतिहासिक चैती मेले का आयोजन हुआ था। मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हजारों लोगों ने यहां हर वर्ष की तरह दुकान लगाकर कारोबार भी किया। मेला तो संपन्न हो गया और अधिकतर दुकानदार अपनी दुकान समेट कर जा चुके हैं लेकिन मेले में आए श्रद्धालु और दुकानदार यहां गंदगी का अंबार छोड़कर गए हैं। खुले में ही शौच किए जाने के कारण यहां दुर्गंध फैली है। स्थानीय दुकानदारों, मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं और आसपास की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## नवोदय विद्यालय के टॉपर सहित तीन छात्रों ने छोड़ा स्कूल, बताई सीनियरों की करतूत; सच जान 12वीं के छात्र को किया सस्पेंड

**गंगोलीहाट, एजेंसी।** राजीव नवोदय विद्यालय गंगोलीहाट में गणाईगंगोली निवासी एक छात्रा सहित तीन बच्चे सीनियर की प्रताड़ना से विद्यालय छोड़ कर घर बैठ गए हैं। सीनियर के उत्पीड़न से परेशान बच्चे अब इस विद्यालय में आकर पढ़ने को तैयार नहीं हैं। जिसे लेकर यहां पर चर्चाएं व्याप्त हैं। इस मामले की जांच की मांग उठ रही है।

गणाईगंगोली निवासी तीन बच्चे राजीव नवोदय विद्यालय गंगोलीहाट में पढ़ते हैं। जिसमें एक कक्षा नौ की एक छात्रा भी शामिल है। तीनों बच्चे अति निर्धन परिवार के हैं। एक कक्षा आठ, एक कक्षा नौ और कक्षा 10 में पढ़ते हैं। आरोप है कि कक्षा 12वीं का एक विद्यार्थी इन बच्चों सहित अन्य जूनियरों का उत्पीड़न करता है। बच्चों के अनुसार वह रात को उन्हें बाजार जाकर बीड़ी-सिगरेट लेकर आने को कहता है।



बीते दिनों इस सीनियर की प्रताड़ना से जूनियर तीन बच्चे अपने घर चले गए। जिन्हें रोका गया। उनके अभिभावकों द्वारा इसकी शिकायत विद्यालय प्रशासन से की गई। विद्यालय प्रशासन द्वारा बच्चों का उत्पीड़न करने वाले कक्षा 12 के छात्र के विरुद्ध कार्रवाई की गई। उसके अभिभावकों को उसे और उसकी टीसी ले जाने का तीन दिन का नोटिस भेजा गया। स्वजन के नहीं आने पर विद्यालय अनुशासन समिति द्वारा जूनियरों को प्रताड़ित करने वाले छात्र को विद्यालय से निलंबित कर घर भेज दिया गया है। इस मामले में प्रधानाचार्य एसएन यादव ने बताया कि प्रताड़ित करने वाले बच्चे का तीन दिन पूर्व निष्कासन कर दिया गया है। उसकी टीसी डाक से घर भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि तीन बच्चे जो घर चले गए हैं उनके अभिभावकों के साथ बात की गई।

## खटीमा में मच्छरों का प्रकोप, लोगों ने की फॉगिंग की मांग

**खटीमा, एजेंसी।** शहरी क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को आक्रोशित शहरवासियों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से मुलाकात कर सभी वार्ड में फॉगिंग करवाने की मांग की। इसके अलावा बरसात से पहले सभी नालियों की सफाई की भी मांग की।

अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला को शहर की समस्याओं से अवगत कराते हुए लोगों ने कहा कि शहर के सभी 20 वार्ड में पालिका की ओर से फॉगिंग न करवाए जाने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मयूर विहार, राजीव नगर, आवास विकास, कंजाबाग समेत विभिन्न क्षेत्रों के लोग मच्छरों के प्रकोप से परेशान हैं।

## पोती निकली हत्या की मास्टरमाइंड : दादी करती थी रोक-टोक तो पोती ने बॉयफ्रेंड के दोस्त से करवा दिया मर्डर

**हरिद्वार, एजेंसी।** पुलिस ने हरिद्वार के ज्वालापुर में दो दिन पहले हुई बुजुर्ग महिला की हत्या का खुलासा करते हुए गुरुवार को उसकी 19 वर्षीय पोती तथा उसके प्रेमी के दोस्त को गिरफ्तार कर लिया। हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रमेन्द्र डोभाल ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा को अपनी दादी अर्चना शर्मा (63) का रोक-टोक करना पसंद नहीं था और इसलिए उसने बीबीए में पढ़ने वाले अपने प्रेमी के दोस्त उदित झा को ब्लैकमेल कर उससे कथित तौर पर हत्या करवा दी।

डोभाल ने बताया कि हत्याकांड को मंगलवार को उस वक्त अंजाम दिया गया जब पूरा परिवार घर से बाहर था और अर्चना शर्मा घर में अकेली थीं। पुलिस ने आरोपी छात्रा और झा को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त हथौड़ा व अन्य सामान भी बरामद कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि छात्रा के पिता अनुराग शर्मा पेशे से पुरोहित हैं और गंगा सप्तमी के दिन 14 मई



को अपनी पत्नी तथा अन्य परिजनों के साथ पूजा के लिए हर की पैड़ी गए हुए थे और उनकी मां घर पर अकेली थीं। उन्होंने बताया कि इसी दौरान चीख पुकार की आवाज सुन पड़ोसी मौके पर पहुंचे तो उन्होंने बुजुर्ग महिला को लहुलुहान हालत में फर्श पर पड़ा पाया।

एसएसपी ने बताया, ÷आरोपी युवक झा ने पूछताछ में बताया कि छात्रा का अनुराग नाम के लड़के के साथ व उदित झा का कनखल निवासी एक लड़की के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है। ये चारों आपस में भी दोस्त हैं।÷

एसएसपी ने बताया कि आरोपी छात्रा के हाथ झा तथा उसकी प्रेमिका के कुछ फोटो तथा वीडियो लग गए और इसी का फायदा उठाते हुए आरोपी छात्रा ने झा को ब्लैकमेल किया और कथित तौर पर अपनी दादी की हत्या करने को कहा। आरोपी ने बताया कि उसने अंसारी मार्केट से हथोड़ा खरीदा और सीसीटीवी कैमरों की जद में आने से बचते हुए किसी तरह पीड़ित के घर पहुंचा। उसने बताया कि बुजुर्ग महिला के दरवाजा खोलने पर उसने अपने आपको उनके पोते का दोस्त बताया तथा पीने के लिए पानी मांगा। जब महिला बरामदे में रखे फ्रिज से पानी निकाल रही थी तो उसी दौरान झा ने हथोड़े से उसके चेहरे पर एक के बाद एक कई वार किए और उसे लहुलुहान कर घर से भाग निकला। पुलिस ने बताया कि छात्रा के बहकते कदमों को देखकर दादी रोक-टोक करती थीं तथा दादी को यह भी शक था कि वह उनके तथा अपने मां-पिता के पैसे भी चुराती है और इसी को लेकर दोनों के बी मन मुटाव भी था। पुलिस ने बताया कि इसी को लेकर छात्रा ने उन्हें रास्ते से हटाने की योजना बनाई।

# स्वाति मालीवाल को मोहरा बनाकर सीएम अरविंद केजरीवाल को फँसाने के भाजपा के षड्यंत्र का एक और वीडियो से हुआ पर्दाफाश

- कुछ खुलकर तो कुछ साथ खड़े रहकर भी कर रहे हैं जमकर भीतरघात
- आम आदमी पार्टी को ही संभालती पड़ रही है कांग्रेस प्रत्याशियों की कमान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



स्वाति मालीवाल को मोहरा बनाकर सीएम अरविंद केजरीवाल को फँसाने के भाजपा के षड्यंत्र का एक और वीडियो से पर्दाफाश हुआ है। शनिवार को वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस द्वारा इस षड्यंत्र के पूरे साँठगाँठ का पर्दाफाश किया। उन्होंने कहा कि, स्वाति मालीवाल के एफआईआर के अनुसार तथाकथित हमले के बाद वो चलने की स्थिति में नहीं थी, दर्द से कराह रही थी; लेकिन सीसीटीवी वीडियो अलग सच्चाई बयान कर रहा है। आतिशी ने कहा कि, सीसीटीवी वीडियो में स्वाति मालीवाल बिना किसी परेशानी के चलते हुए सीएम आवास के बाहर जा रही है; सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी को धक्का देते, धमकाते हुए दिख रही है। वीडियो देखकर ये बिलकुल साफ है कि स्वाति मालीवाल द्वारा लगाए गए आरोप झूठे है और सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भाजपा के रचे षड्यंत्र का हिस्सा है। आतिशी ने पूरी साँठगाँठ का पर्दाफाश करते हुए बताया कि, स्वाति मालीवाल पर दिल्ली महिला आयोग में कांट्रैक्चुअल कर्मचारियों के अवैध नियुक्ति के संबंध में भाजपा की एसीबी का केस चल रहा है। अब इस केस में चार्जशीट दाखिल हो गई है और सजा का समय पास आ रहा है तो इस केस को आधार बना, जेल और सजा की धमकी देकर भाजपा ने अपने एसओपी के तहत स्वाति मालीवाल पर दबाव बनाया होगा। उन्होंने भाजपा के इस षड्यंत्र का एक और उदाहरण देते हुए बताया कि, विभव कुमार ने तीस हजारी कोर्ट में शिकायत दर्ज की, अधिकारिक तौर पर एफआईआर की माँग की; पूरा दिन बीतने के बाद भी भाजपा की दिल्ली पुलिस ने एफआईआर की कॉपी नहीं दी। जब कोर्ट ने पुलिस को एफआईआर की कॉपी सौंपने का आदेश दिया तो दिल्ली पुलिस ने बहाना बनाया कि, केस संवेदनशील होने के कारण एफआईआर नहीं दे सकते। आतिशी ने कहा कि, जो एफआईआर पिछले 2 दिन से भाजपा द्वारा हर मीडिया चैनल, हर अखबार के पास भेजी गई; उसे भाजपा की दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को देने से इनकार कर दिया। उन्होंने दिल्ली पुलिस का दोहरा चरित्र सामने लाते हुए कहा कि- स्वाति मालीवाल के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया लेकिन विभव कुमार की शिकायत के 24 घंटे बाद भी कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई। उन्होंने कहा कि, ये सभी वाकया इस बात का प्रमाण कि- ये पूरी साज़िश सीधा गृह मंत्रालय से ऑपरेट हो रही है और भाजपा का हाई कमान द्वारा पूरे केस को मॉनिटर किया जा रहा है और दिल्ली पुलिस इस केस में जाँच नहीं कर रही है; पुलिस सिर्फ. भाजपा का हथियार बनकर चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल जी पर हमला कर रही है। वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने कहा कि, कल स्वाति मालीवाल की मुख्यमंत्री आवास के ड्राइंग रूम की वीडियो सामने आई। उस वीडियो को पूरे देश ने देखा जिसमें पूरे देश ने देखा कि, स्वाति मालीवाल साफ साफ कह रही है कि मैंने 112 पर कॉल कर दिया है और पुलिस आने वाली है। स्वाति मालीवाल के इन शब्दों से स्पष्ट है कि, वो वीडियो उस समय के बाद का है जब वो ये दावा कर रही है कि उनके ऊपर हमला हुआ। इस वीडियो को देखकर साफ नजर आ रहा है कि, उनके द्वारा दर्ज एफआईआर के उलट स्वाति मालीवाल के न कपड़े फटे है, न वो दर्द से कराह रही है, न उनके सिर पर चोट लगी है। इससे स्पष्ट होता है कि जो कुछ शिकायत में लिखवाया गया वो सरासर झूठ है। स्वाति मालीवाल वीडियो में ऊँची आवाज में पुलिस कर्मियों को धमका रही है, और वो कही भी ये शिकायत करती नजर नहीं आ रही है कि विभव कुमार ने उनपर हमला किया। बल्कि वो खुद ही विभव कुमार पर अपशब्दों का प्रयोग कर रही है। आतिशी ने कहा कि- स्वाति मालीवाल अपनी एफआईआर में कहती है कि मुझपर इतना हमला हुआ कि मैं चलने की स्थिति में नहीं थी, बेहोशी की हालत में थी, दर्द से कराह रही थी, लंगड़ा कर चल रही थी। लेकिन आज एक और वीडियो आई है जिसने पूरे देश के सामने स्वाति मालीवाल के आरोपों का पर्दाफाश कर दिया है। सीएम आवास के गेट के सीसीटीवी के फुटेज का वीडियो ये दिखा रहा है कि स्वाति मालीवाल बिना किसी परेशानी के चलते हुए सीएम आवास के बाहर जा रही है। वहाँ वो सुरक्षा में तैनात महिला पुलिसकर्मी को धक्का देते हुए नजर आ रही है, पुलिस वालों को उँगली दिखा कर हड़का रही है, डाँट रही है। वीडियो में दिख रहा है कि स्वाति मालीवाल के सिर पर कोई चोट नहीं है, उनके कपड़े नहीं फटे है, वो लंगड़ा कर, दर्द में कराह कर नहीं चल रही है। उन्होंने कहा कि, वीडियो देखकर ये बिलकुल साफ है कि जो कुछ एफआईआर में लिखा है, स्वाति मालीवाल द्वारा आरोप लगाए गए वो बिलकुल झूठ है। उनके द्वारा लगाए गए आरोप एक बड़े षड्यंत्र का हिस्सा है जो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के खिलाफ भाजपा द्वारा रचा जा रहा है।

आतिशी ने कहा कि, कल से जब से ये वीडियो सामने आई है, ये षड्यंत्र सामने आया है तब से लोग पूछ रहे है कि यदि ये भाजपा का षड्यंत्र है तो इससे स्वाति मालीवाल का क्या लेना देना है। उन्होंने स्वाति मालीवाल और भाजपा के संबंधों स्पष्ट करते हुए कहा कि-

1. भाजपा का स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर है कि वो विपक्षी नेताओं पर सीबीआई-ईडी-इनकम टैक्स, इकोनॉमिक्स ऑफेन्सिव विंग, एसीबी का केस करती है। और उस केस के आधार पर धमकियाँ देकर उन नेताओं को ब्लैक मेल करते है या फिर भाजपा में शामिल करवा लेते है। उदाहरण के लिए हेमंत बिस्वा सर्मा हो, अजीत पवार हो, प्रफुल्ल पटेल हो जिनके ऊपर केस हुए और फिर वो भाजपा में शामिल हो गए।

इसी तरह स्वाति मालीवाल पर भी भाजपा की एंटी कमीशन ब्यूरो ने केस किया था जो महिला आयोग में कांट्रैक्चुअल कर्मचारियों के अवैध नियुक्ति के संबंध में था। ये केस कई सालों से चल रहा है,एफआईआर और चार्जशीट दाखिल हो गई है और अब कन्विक्शन का समय पास आ रहा है। आतिशी ने कहा कि, हमारा ये मानना है कि इसी केस को आधार बनाकर, जेल और सजा की धमकी देकर स्वाति मालीवाल पर दबाव बनाया जा रहा होगा।

## दिल्ली में ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

नई दिल्ली। नई दिल्ली के थाना कश्मीरी गेट इलाके में एक भीषण दुर्घटना में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना बीती रात तकरीबन 2 बजे के आसपास की बताई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बीती रात 2 बजे थाना कश्मीरी गेट में एक दुर्घटना होने की एक पीसीआर कॉल मिली थी। यह दुर्घटना हनुमान मंदिर फ्लाईओवर, आईटीओ की ओर रिंग रोड पर हुई थी। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो घटनास्थल पर एक मोटरसाइकिल और एक ट्रक मिले। पुलिस ने इस घटना में घायल मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों को ट्रॉमा सेंटर सिविल लाइन ले गई। दोनों बाइक सवार पीयूष और अंकुर को ट्रॉमा सेंटर सिविल लाइंस में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए धारा 279 और 304 ए के तहत हमलावर वाहन चालक सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है और वाहन जब्त कर लिया गया है। पुलिस की क्राइम टीम घटनास्थल की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## दिल्ली में सुबह न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो औसत से 0.6 डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को दिल्ली के नजफगढ़ में तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जिससे यह देश का सबसे गर्म स्थान बन गया। मौसम विभाग ने दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहने, लू और तेज सतही हवाएं चलने का अनुमान व्यक्त किया है। अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार लू की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब अधिकतम तापमान सामान्य तापमान से 4.5 डिग्री या इससे अधिक होता है और कम से कम 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 3 केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 248 रहा जो खराब की श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

# मालीवाल के बाएं पैर और दाहिने गाल पर चोट के निशान: मेडिकल रिपोर्ट



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी (आप) सांसद स्वाति मालीवाल के बाएं पैर के पिछले हिस्से और दाहिने गाल पर चोट के निशान हैं। उनकी मेडिकल रिपोर्ट से यह जानकारी मिली।

मालीवाल पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहयोगी बिभव कुमार ने कथित तौर पर हमला किया था। मालीवाल ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर खुद पर हमला करने के लिए कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी, जिसके बाद यह मामला सामने आया।

प्राथमिकी में मालीवाल ने दावा किया कि कुमार ने उन पर पूरी ताकत से बार-बार प्रहार किया और उन्हें सात-आठ बार थप्पड़ और लात से मारा। मालीवाल की चिकित्सकीय जांच शुक्रवार को की गई। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से प्राप्त मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार उनके (मालीवाल) बाएं पैर के पिछले हिस्से में लगभग 32 सेंटीमीटर आकार के और दाहिनी आंख के नीचे गाल पर लगभग 22 सेंटीमीटर आकार के चोट के निशान हैं।

# स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में विभव कुमार गिरफ्तार



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार को दिल्ली पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। विभव को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उन्हें सिविल लाइन थाने लेकर गई है। विभव कुमार के वकील करण शर्मा ने कहा कि अभी तक पुलिस से कोई जानकारी नहीं मिली है। हमने उन्हें एक ई-मेल भेजा है कि हम जांच में सहयोग करेंगे। वहीं मेडिकल रिपोर्ट में स्वाति मालीवाल को चोट लगने की पुष्टि हुई है। इस संबंध में उनकी मेडिकल रिपोर्ट सामने आई है। इसमें दाएं गाल और बाएं पैर पर चोट के निशान पाए गए हैं।

मुख्यमंत्री आवास पर 13 मई को हुई मारपीट के मामले में एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में सुरक्षाकर्मी स्वाति को मुख्यमंत्री आवास से बाहर ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस फुटेज को जारी करने के बाद आम आदमी पार्टी ने स्वाति मालीवाल के बयानों पर फिर सवाल खड़े किए हैं।

अब पार्टी का कहना है कि असल में डीसीडब्ल्यू में संविदा कर्मचारियों की अवैध भर्ती को लेकर भाजपा के एंटी करप्शन ब्यूरो ने स्वाति मालीवाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में कार्रवाई के डर से स्वाति ने यह किया है। इसी बीच एक अन्य घटनाक्रम में सांसद राघव चड्ढा आज मुख्यमंत्री केजरीवाल से उनके सिविल लाइन स्थिति आवास पर मिलने पहुंचे।

# केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार गिरफ्तार; आप का दावा झ्र मालीवाल को भाजपा ने किया ब्लैकमेल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के सिलसिले में शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि आप ने दावा किया कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ह्यब्लैकमेल किया है क्योंकि वह भ्रष्टाचार के एक मामले का सामना कर रही हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुमार को दिल्ली पुलिस की एक टीम ने दोपहर में मुख्यमंत्री आवास से हिरासत में लिया। एक दिन पहले, मालीवाल ने तीस हजारी अदालत में मजिस्ट्रेट के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया था।

मालीवाल ने आरोप लगाया है कि 13 मई को जब वह मुख्यमंत्री से मिलने गयी थीं तब उनके सहयोगी कुमार ने उनपर पूरी ताकत से प्रहार किया, उन्हें थप्पड़ मारा तथा छाती एवं पेट पर लात से मारा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुमार को शनिवार को मुख्यमंत्री आवास से गिरफ्तार किया गया, जहां वह सुबह केजरीवाल से मिलने गये थे। उन्होंने कहा, उन्हें एक अदालत में पेश किया जाएगा तथा पुलिस उनसे और पूछताछ करने के लिए उन्हें हिरासत में देने का आग्रह करेगी। पुलिस ने कहा है कि उसने मुख्यमंत्री आवास के सुरक्षाकर्मियों एवं अन्य कर्मियों समेत कम से कम 10 लोगों के बयान दर्ज किये हैं जो 13 मई को कथित हमले के वक्त मौके पर मौजूद थे। गिरफ्तारी से पहले दिन में, कुमार ने पुलिस को पत्र लिखकर कहा था कि वह जांच में सहयोग करने को तैयार हैं लेकिन उसे (पुलिस को) मालीवाल के खिलाफ उनकी शिकायत पर भी गौर करना चाहिए। शुक्रवार को कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी थी कि मालीवाल ने 13 मई को अनधिकृत रूप से प्रवेश पाने के लिए मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा का उल्लंघन किया और वहां हंगामा किया। मुख्यमंत्री के सहयोगी ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने उन्हें (मालीवाल को) रोकने की कोशिश की तब उन्होंने उन्हें गालियां दीं। इस बीच, आप की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर दिल्ली पुलिस निष्पक्ष है तो उसे मालीवाल के खिलाफ कुमार की शिकायत पर भी प्राथमिकी दर्ज करनी चाहिए। आतिशी ने दावा किया कि दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष मालीवाल अवैध नियुक्ति मामले में गिरफ्तारी का सामना कर रही हैं, इसलिए उन्हें भाजपा ने ब्लैकमेल कर मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ साजिश का हिस्सा बनाया है।

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा, वह अंदर क्यों गईं? वह मुलाकात का समय लिये बिना मुख्यमंत्री आवास पर क्यों पहुंचीं? उस दिन अरविंद केजरीवाल व्यस्त थे और उनसे नहीं मिले। अगर वह उस दिन उनसे मिले होते, तो बिभव कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोप उनके (केजरीवाल के) खिलाफ लगाए जा सकते थे। उन्होंने कहा कि मालीवाल को भाजपा ने इस साजिश का चेहरा बनाया है। आप नेता ने कहा, भाजपा का एक पैटर्न है। पहले वे (भाजपा वाले) मामले दर्ज कराते हैं और फिर नेताओं को जेल भेजने की धमकी देते हैं। स्वाति मालीवाल अवैध भर्ती मामले में आरोपों का सामना कर रही हैं। भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है। एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और इस स्थिति में उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। इस बीच, घटना के दिन का मालीवाल का एक और कथित वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक महिला सुरक्षाकर्मी मालीवाल को हाथ पकड़कर केजरीवाल के आवास से बाहर ले जाती हुई दिखाई दे रही है, लेकिन जैसे ही वे मुख्य द्वार से बाहर निकलती हैं, मालीवाल अपना हाथ छुड़ा लेती हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में शुक्रवार को मालीवाल की चिकित्सकीय जांच की गई। ह्यमेडिको-लीगल सर्टिफिकेटह्ल (एमएलसी) के अनुसार, मालीवाल के ह्यह्यबाएं पैर के पिछले हिस्से में लगभग तीन गुना दो सेंटीमीटर आकार के और दायीं आंख के नीचे गाल पर लगभग दो गुना दो सेंटीमीटर आकार के चोट के निशान हैं। इस बीच, भाजपा ने आप नेताओं पर काट-छांट किया हुआ वीडियो सोशल मीडिया पर जारी कर मालीवाल की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया। मालीवाल ने कुमार के खिलाफ लगाये मारपीट के अपने आरोप को बेबुनियाद करार देकर खारिज करने को लेकर आप पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने गुंडों के दबाव में घुटने टेक दिये हैं और वह उनके चरित्र पर सवाल उठा रही है। मालीवाल ने कहा कि आप यह स्वीकार करने के दो दिन बाद पलट गयी कि कुमार ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया था। उन्हें पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया है।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत

नई दिल्ली। कश्मीरी गेट इलाके में शुक्रवार देर रात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने हादसे के बाद भाग रहे ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में लापरवाही से मौत की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार पीयूष और अंकुर परिवार सहित महरौली इलाके में रहते थे। दोनों अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से हरिद्वार गये थे। इनके साथ गये दोस्त आकाश ने बताया कि सभी गंगा स्नान करके शुक्रवार को दिल्ली के लिए रवाना हुए। पीयूष एवं अंकुर एक बाइक पर थे, जबकि आकाश अपने दोस्त के साथ दूसरी बाइक पर था। बताया जा रहा है कि रात करीब दो बजे लोहे के पुल के पास ट्रक बाएं मुड़ रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार में जा रहे ट्रक के चालक ने बगल से गुजर रही बाइक को कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह दुर्घटना इतनी भयानक थी कि दोनों युवकों के अंग सड़क पर बिखर गये। पुलिस ने शनिवार को शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। वहीं, ट्रक चालक सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया।

## दिल्ली सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे संजय गहलोत

नई दिल्ली। दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग में आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने दिल्ली सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए दिल्ली सरकार पर गम्भीर आरोप लगाए। चेयरमैन संजय गहलोत ने कहा कि चेयरमैन बनने से हमारी आँखों मे बहुत आशा और उम्मीद थी कि दिल्ली सरकार कर्मचारियों के हित मे कार्य करेगी परन्तु दिल्ली सरकार ने केवल ढाक के तीन पात वाली कहावत को ही चरितार्थ किया है। संजय गहलोत ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिस प्रकार दिल्ली सरकार ने एम सी डी में सरकार बनने से पहले सभी कर्मचारियों को नियमित करने, एरियर का भुगतान करने, मेडिकल सुविधा देने हेतु गारंटी दी थी उसमें से एक भी गारंटी पूरी नही की केवल एक दो महीने एक तारिख को वेतन देकर लीपापोती कर दी गई है। नियमित करने के मामले में भी दूर के ढोल सुहावने वाली कहावत सिद्ध हुई है। गहलोत ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में कार्यरत सफाई कर्मचारी आज भी हड़ताल पर हैं चूंकि इन कर्मचारियों का पिछले 3 महीनों का वेतन बकाया है वहीं दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी में पिछले 35 महीनों वेतन नही मिला है, वहाँ कार्यरत महिलाओं ने तो अपने जेवर, गहने भी बेच दिये है। इससे साबित होता है कि दिल्ली सरकार दलित विरोधी सरकार है जो नही चाहती कि दलित समाज उभरे। संजय गहलोत ने बताया कि अभी दो दिन पहले सीवर में कार्य करते समय एक कर्मचारी की मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य कर्मचारी वेन्टीलेटर पर है, जब आयोग की तरफ से इनके परिवार को मुआवजा देने हेतु आयोग की तरफ से सिफारिश की जाती है तो वहां मुख्यमंत्री आवास पर आपस में ही गुत्थम गुत्था होने वाली बात सामने आती है। सवाल उठता है जब सरकार चलाने वाले नुमाइंदे ही आपस मे ही मारपीट कर रहे हैं तो ये जनता की क्या सेवा/रक्षा कर पाएंगे।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संसदीय क्षेत्र नई दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के पक्ष में किया प्रचार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

उतराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज (शनिवार) संसदीय क्षेत्र नई दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के पक्ष में प्रचार किया। इस मौके पर एक उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में भारत तेजी से आगे बढ़ा है। हर भारतवासी का डंका पूरे विश्व में बजा है।

पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में सीएए कानून लागू कर दिया गया है। देश से दो विधान दो संविधान को खत्म कर कश्मीर से धारा 370 का खात्मा हो गया है। तीन तलाक को बैन कर दिया गया है, भगवान श्रीराम का अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण कार्य हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नए हवाई अड्डे, बुनियादी ढांचो का विकास, वंदे भारत जैसी ट्रेनों, नए आईआईटी, आईआईएम का विकास हो रहा है। मोदी जी ने देश को नई दिशा देने का काम किया है। गरीब कल्याण हेतु कई योजनाओं पर कार्य हुए है।प्रधानमंत्री आवास योजना से करोड़ों लोगों को घर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना, लखपति दीदी योजना, किसान सम्मान निधि के साथ ही उज्ज्वला योजना से गरीबों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पूर्व विदेश मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज का भी स्मरण किया।इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज, विधायक दीप्ति महेश्वरी, सीखा राय, नरेश चौधरी, एवं अन्य लोग मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली का मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जनता की उम्मीदों पर पानी फेरा है। भ्रष्टाचार पर झाड़ू लगाने की बात करके सत्ता में आई आप ने आम जनता की गाड़ी कमाई पर झाड़ू लगा दिया है। आम आदमी पार्टी ने देश को तोड़ने वाले लोगों को चुनाव में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि आज आम आदमी पार्टी (आप) भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस से भी आगे निकल गई है। आप पार्टी ने दिल्ली में स्कूल कॉलेज खोलने के नाम पर स्कूलों के चारों ओर शराब के ठेके बना दिए हैं। पूरी दिल्ली सरकार शराब घोटाले में अंदर है।मुख्यमंत्री ने जनता से आग्रह करते हुए कहा कि आगामी 25 मई को संसदीय क्षेत्र नई दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर प्रधानमंत्री नर्रेन्द्र मोदी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान देना है। उन्होने कहा भाजपा को विजय बनाकर विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाना है।

# कांग्रेस ने स्वाति मालीवाल प्रकरण को बताया आम आदमी पार्टी का आंतरिक मामला



नई दिल्ली। कांग्रेस ने राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से बदसलूकी और बिभव कुमार की गिरफ्तार को आम आदमी पार्टी का आंतरिक मामला बताकर इस पूरे प्रकरण से किनारा कर लिया है। कांग्रेस के दिल्ली एवं हरियाणा के प्रभारी दीपक बाबरिया ने शनिवार को मीडियाकर्मियों से कहा कि अगर स्वाति मालीवाल के साथ कुछ हुआ है तो हमारी सहानुभूति रहेगी, लेकिन यह उनकी पार्टी का आंतरिक मामला है। वे इसे किस हद तक ले जाना चाहते हैं, यह उन्हें ही तय करना है। हम अपने गठबंधन के साथियों के आंतरिक मामले में नहीं उलझना चाहते।

बाबरिया ने कहा कि हमारी नेता प्रियंका गांधी ने स्पष्ट कर दिया है कि जब भी किसी महिला के प्रति दुर्व्यवहार की घटना सामने आएगी तो हम पीड़ित के साथ हैं। स्वाति प्रकरण में जो कुछ हुआ है, केस दर्ज हुआ है और सच्चाई क्या है, ये सब जांच का विषय है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी इंडी गठबंधन के प्रमुख घटक दल हैं। दिल्ली में दोनों दल मिलकर लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

# इकरा फातिमा फाउंडेशन ने राहगीरों को शरबत पिलाकर बुझाई प्यास

प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा। नगर में इकरा फातिमा फाउंडेशन ने चिलचिलाती धूप और पड़ रही भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाकर राहत देने के लिये कैम्प लगाकर मीठा शर्बत और ठंडे शीतल पेयजल पिलाया। फवारा चौक (धामपुर रोड,स्योहारा) पर कैम्प लगाकर शर्बत वितरण का नगर में आने जाने वाले राहगीरों के लिये आयोजन किया गया। उमर त्यागी ने बताया कि संस्था समय-समय पर क्षेत्र में सामाजिक कार्य करती रहती है। पिछले कुछ दिनों से गर्मी का प्रोकोप बहुत ज्यादा चल रहा है। कैम्प में साफ-सफाई का खास ध्यान रखा गया। कार्यक्रम में उमर त्यागी मौहम्मद बिलाल कुरैशी , तल्हा कुरैशी, जुनैद अंसारी, फयाज अंसारी, जीशान प्रधान, अबुजर कुरैशी, शारिक कुरैशी, अकील अंसारी, दिलशाद, कलीम अंसारी, विशाल कुरैशी, अलीम अंसारी, शादमान, सुहैल फत्ती, सम करण, फाज़िल, फि रोज, शानू आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# जांच एजेंसियों के दवाब में मालीवाल ने झूठे आरोप लगाए: आप

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) ने सांसद स्वाति मालीवाल के आरोपों को झूठा करार देते हुए शनिवार को कहा कि जांच एजेंसियों के दवाब में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार पर आरोप लगाए गए हैं जो एक बड़ी साज़िश का हिस्सा है।

आप नेता एवं दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने आज संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुख्यमंत्री आवास के आये वीडियो ने साफ कर दिया कि सुश्री मालीवाल ने जो आरोप लगाए हैं उनमें कोई सच्चाई नहीं है। वीडियो में वह आराम से सोफे पर बैठी हैं और सुरक्षा कर्मियों को धमका रही हैं तथा बिभव कुमार के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल कर रही हैं।

सुश्री आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास के गेट का आज एक सीसीटीवी फुटेज आया है जिसमें सुश्री मालीवाल सारे आरोप झूठे साबित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनको बुरी तरह से पीटा गया, उनके कपड़े फाड़ दिये गये लेकिन गेट से बाहर वह तेजी से निकल रही हैं। इस फुटेज को देखकर नहीं लगता कि वह लंगड़ाकर चल रही है।

आप नेता ने कहा कि सुश्री मालीवाल के झूठे आरोपों से साबित हो रहा है कि यह किसी बड़ी साज़िश का हिस्सा है जो श्री केजरीवाल के खिलाफ रचा जा रहा है।

उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का काम करने का यही तरीका है कि एजेंसियों के माध्यम से नेताओं को ब्लैकमेल करना और उसे भाजपा में शामिल कराना है। स्वाति मालीवाल के मामले में भी यही लगता है क्योंकि उनके ऊपर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) का केस चल रहा है। दिल्ली महिला आयोग में अवैध भर्ती का केस उनपर चल रहा है जिसमें सजा तय होना बाकी है।इसी केस को आधार बनाकर सुश्री मालीवाल पर दवाब बनाया जा रहा है।

आप नेता एवं दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, जब कोई महिला इस तरह के आरोप लगाती है तो लगता है कि उनकी बातों में सच्चाई होगी। हमें भी स्वाति मालीवाल के मामले में यही लगा था, लेकिन जब कल मुख्यमंत्री आवास के ड्राइंग रूम का वीडियो समाने आया, उसमें कुछ अलग ही दिख रहा है।

उन्होंने कहा कि वीडियो में सुश्री मालीवाल दिल्ली पुलिस के अधिकारियों को ही धमकाते हुए दिख रही हैं। वह जो मारपीट और कपड़े फाड़े जाने का आरोप लगा रही हैं, उस वीडियो में ऐसा कुछ नहीं दिख रहा। वह तो आराम से बैठी हुई हैं।

आप नेता ने कहा, एसीबी ने मालीवाल पर केस किया हुआ है और उसमें अभी फैसला आना बाकी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता भी स्वाति मलीवाल के सम्पर्क में हैं।

## दिल्ली में दिव्यांग बच्चों के लिए उन्नत चिकित्सा केंद्र की शुरूआत

नई दिल्ली। दिल्ली में वायुसेना के एक परिसर में दिव्यांग बच्चों के लिए एक आधुनिक चिकित्सा उपचार केंद्र उम्मीद निकेतन की शुरूआत की गई है। वायु सेना परिवार कल्याण संघ की अध्यक्ष नीता चौधरी ने शुक्रवार को वायु सेना के पालम स्थित बेस रिपेयर डिपो का दौरा किया और इस केंद्र का उद्घाटन किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उम्मीद निकेतन की परिकल्पना व अवधारणा एक ऐसा वातावरण तैयार करने के लिए की गई है, जहां दिव्यांग बच्चे अपनी अनूठी क्षमताओं के अनुरूप मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से सोच सकते हैं, आगे बढ़ सकते हैं और जीवन कौशल विकसित करना सीख सकते हैं। बयान में कहा गया है कि उम्मीद निकेतन से लगभग 55 बच्चों को मदद मिलेगी और प्रशिक्षित पात्र शिक्षकों की एक समर्पित टीम उन्हें सहायता प्रदान करेगी।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा (ई–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल अभियंता – II के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता/गाजियाबाद के अंतर्गत एसएसई/पी.वे/जीजेडबी–II के अनुभाग में वर्ष 2024–25 में अवधि समाप्ति 30.06.2025 तक के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु वार्षिक पी. वे ज़ोन। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | आईआरईपीएस पर एनआईटी के अनुसार |
| 3. | बयाना राशि (रूपये) | आईआरईपीएस पर एनआईटी के अनुसार |
| 4. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5. | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 11.06.2024 को 15:00 बजे तक |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128–डब्ल्यू/280/ई–निविदा सूचना/एनआईटी–25–2024–25/डब्ल्यू–2 दिनांक: 16.05.2024

1493/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त खबरें

### अजय रविदास ने वैवाहिक खर्च के लिये किया सहयोग

मधेपुरा अजय रविदास ने जिले के ग्वालपाड़ा प्रखंड अंतर्गत जयराम परसी गाँव के स्व संतोष राम की पुत्री काजल कुमारी के विवाहिक खर्च हेतु 11 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग किया। ज्ञात हो कि काजल के पिता का डेढ़ वर्ष पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है। वहीं अजय ने मोहल्ले के सभी लोगों से आग्रह कर कहा कि आप सब भी सहयोग कीजिए। लड़की कि मां अनिता देवी ने नम आंखों से खुशी जाहिर किया। मौके पर शिक्षक सुधांशु कुमार, वार्ड सदस्य अनिल रविदास, बमबम रविदास, मिथुन रविदास, शालिग्राम आदि मौजूद थे।

### तालाब में डूबने से दो वर्षीय मासूम बच्ची की मौत

मधुबनी हरलाखी थाना क्षेत्र के उमगांव में तालाब में डूबने से एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। जिसकी पहचान गणेश सहनी की दो वर्षीय पुत्री प्रीति कुमारी के रूप में किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर बच्ची दरवाजे पर खेल रही थी। खेलने के क्रम में दरवाजे से सटे तालाब में जा गिरी. काफी देर बाद परिजनों ने खोजबीन शुरू किया. फिर स्थानीय लोगों के सहयोग से तालाब में छानबीन किया गया।

# चिराग ने रोड शो में जनता से लिया आशीर्वाद और मांगा वोट

## सम्राट चौधरी ,नित्यानंद राय, उमेश कुशवाहा, अवधेश सिंह सहित कई नेता थे साथ

प्रात: किरण संवाददाता





हाजीपुर। हाजीपुर लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी चिराग पासवान ने आज जंदाहा और हाजीपुर शहर में रोड शो कर जनता जनार्दन से आशीर्वाद और वोट मांगा ।चिराग पासवान के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ,केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, विधायक अवधेश सिंह ,जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा सहित एनडीए के अनेक नेता रथ पर सवार थे ।हाजीपुर में चिराग पासवान ने रोड शो का शुभारंभ अपने पिता स्व रामविलास पासवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और उनके चरण स्पर्श शुरू किया। चिराग पासवान का रोड शो हाजीपुर के रामाशीष चौक ,स्टेशन चौक ,अनवरपुर चौक ,सिनेमा रोड , यादव चौक ,राजेंद्र चौक, गुदरी रोड होते हुए थाना चौक, नखास चौक, कोनहारा घाट चौक होते हुए रामचौड़ा मंदिर तक पहुंचा। प्रचार का समय समाप्त होने के कारण रामचोर मंदिर में नमन कर चिराग पासवान ने रोड शो को समाप्त किया ।चिराग पासवान ने अनवरपुर चौक पर बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण का आशीर्वाद लिया तो राजेंद्र चौक मंदिर में बजरंगबली और मां दुर्गा के समक्ष माथा टेक आशीर्वाद लिया। चिराग पासवान का जगह-जगह समर्थकों द्वारा स्वागत किया जा रहा था। विशेष रूप से रामाशीष चौक, अनवरपुर चौक ,यादव चौक ,राजेंद्र चौक, नखत चौक पर जेसीबी से समर्थकों द्वारा उनके ऊपर फूल बरसाए गए ।चिराग पासवान ने भी हाथ जोड़कर और अपने चुनाव चिन्ह हेलीकॉप्टर छाप को दिखलाकर लोगों से आशीर्वाद लेते हुए वोट मांगे। रथ पर सवार एनडीए के सभी नेताओं ने भी चिराग पासवान के साथ हाथ जोड़कर और हेलीकॉप्टर चुनाव चिन्ह दिखलाकर लोगो से समर्थन मांगा ।चिराग पासवान के रोड शो में आगे आगे मोटरसाइकिल सवार समर्थक चल रहे थे तो पीछे से गाड़ियों का काफिला था। मोटरसाइकिल सवार समर्थक चिराग पासवान जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए चिराग ने कहा कि

हाजीपुर लोक सभा के सभी देवतुल्य जनता से कहा कि मैं नेता नहीं बेटा बनकर आशीर्वाद लेने आया हूं ।मेरे नेता मेरे पिता श्रद्धेय रामविलास पासवान जी हाजीपुर को मां का दर्जा दिया मैं उन्ही की कर्मभूमि पर सबों से आशीर्वाद लेने आया हूं। मैं सभी सेआग्रह करता हूं कि अगामी 20 मई को अपने-अपने बूथ पर जाकर क्रमांक 01 हेलीकॉप्टर छाप के निशान पर अधिक से अधिक बटन दबाकर स्नेह और आशीर्वाद दे।

चिराग ने कहा कि अपने पिता के सपनों के बारे में उनके सोच के बारे में आज हाजीपुर के जनता से मैं वादा करता हूँ पापा के द्वारा किए गए जितने भी कार्य जो अधूरे रह गए हैं वह देश नहीं दुनिया में नंबर वन पर देखना चाहते थे सबसे ज्यादा विकसित जिलों की श्रेणी में देशभर में देखना चाहते थे। मैं ये वादा हाजीपुर की जनता से करता हूँ पापा के जितने अधूरे कार्य छोटे बड़े जितने उन तमाम कार्यों को पूरा करूंगा और आने वाले दिनों में जिस दिन हाजीपुर के बजह से पापा को जाना जाता था मैं भी चाहता हूँ मेरी भी पहचान हाजीपुर से ही हो। यहां के लोगों से वादा करता हूँ आने वाले दिनों में एक सांसद के तौर पर नहीं जैसे पापा हमेशा यहां पर बेटा बनकर रहें वैसे ही बेटा बनकर उनके और हाजीपुर के हर एक व्यक्ति के सपने को पूरा करने का काम करूंगा वही कल देर शाम श्री चिराग ने महनार बजार के इसहाकपुर, मदन चौक, थाना मोड़, गंगा रोड एवं स्टेशन रोड में रोड शो कार्यक्रम किये।

# ग्रामीणों ने हथियारलैश युवक को पकड़ कर जमकर की पिटाई

प्रात: किरण संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) पैना पंचायत के वार्ड नंबर 9 में शुक्रवार की रात्रि करीब दस बजे ग्रामीणों ने एक चोर को पकड़कर जमकर कुटाई कर दी। कुटाई के बाद चौसा पुलिस के हवाले कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह घटना शुक्रवार की रात्रि करीब दस बजे की है

जहां लोग अपने खेतों के कार्य में व्यस्त था, वहीं हथियार लैस पैना पंचायत के वार्ड नंबर 9 निवासी बेलाल खान के 20 वर्षीय पुत्र वारिस खान अपने कुछ साथियों के साथ अपने मोटरसाइकिल से चोरी एवं दहशत फैलाने की नीयत से मौका वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर रहा था, कि ग्रामीणों ने धर दबोचा, अन्य साथी तो मौके से फरार हो गए लेकिन वारिस लोगों के हत्थे चढ़ गए, जिसके बाद ग्रामीणों ने उसकी जमकर की कुटाई कर दी, वहीं इसकी सूचना चौसा थाना अध्यक्ष को दी गई थी।

घटनास्थल पर पहुँचकर उस युवक को अपने हिरासत में ले लिया। इस संदर्भ में चौसा थाना अध्यक्ष मुमताज अंसारी ने बताया कि शुक्रवार रात्रि करीब दस बजे पैना के कुछ ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर हमारी टीम फौरन मौके पर पहुंच कर व्यक्ति को हथियार और कुछ कारतूस के साथ हिरासत में लेकर उनके बेहतर इलाज के लिए चौसा अस्पताल लाया गया, फिलहाल व्यक्ति की स्थिति सामान्य है। इलाज के बाद पुलिस कस्टडी में लाया गया है

जहां घटना की पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के दौरान पता चला कि यह व्यक्ति पहले से भी अपराध के मामले में नामजद है, इसके कई साथी और हैं जो चोरी लूटपाट जैसे की घटनाओं को अंजाम देते हैं। इसके गिरोह की भी जानकारी ली जा रही है, जिसके बाद इसके ऊपर कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा जाएगा।

# शत प्रतिशत मतदान की लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर स्काउट गाइड और शिक्षक शिक्षिकाओं ने मतदाताओं को किया जागरूक



प्रात: किरण संवाददाता

महुआ 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में शत प्रतिशत मतदाता को मतदान करने के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में सरकार के सभी संवर्ग के कर्मचारी के साथ-साथ शिक्षकों एवं छात्रों ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर, महुआ में सभी छात्र-छात्राओं के हाथों पर मेहंदी से 20 मई कोह्न पहले मतदान फिर जलपानह्वके अलावा दर्जनों और स्लोगन लिखकर घर-घर जा कर मतदान करने के लिए समझाया गया। वहीं विद्यालय के पोषक क्षेत्र में स्काउट गाइड एवं बाल संसद के छात्राओं ने शिक्षकों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी वैशाली द्वारा निर्गत मतदाताओं के नाम अपील पत्र घर घर पहुंचाया। इस कार्यक्रम में स्काउट गाइड एवं बाल संसद के मंत्री ने 20 तारीख को होने वाले चुनाव में प्रातः 7:00 बजे संध्या 6:00 बजे तक एवं पहचान के लिए विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र के बारे में घर-घर जाकर जानकारी दिया ।इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने कहा कि जिला पदाधिकारी महोदय के आह्वान को हम सब घर घर पहुंच रहे हैं ताकि वैशाली जिले में सत प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम सभी लोग प्रयत्न शील है । इस कार्यक्रम में सहायक शिक्षिका सुधा कुमारी,सुमन लता, संगीता कुमारी,आशा कुमारी, विनीता कुमारी,सारिका कुमारी, सजीना परवीन,गीता कुमारी, रंजीता कुमारी के अलावा स्काउट गाइड के कार्तिक आनंद, पुष्कर राज, साहिल कुमार,श्रुति कुमारी रिया कुमारी,खुशबू कुमारी, कल्पना कुमारी के अलावा काफी संख्या में छात्र छात्र उपस्थित उपस्थित थे।

# घटना को अंजाम देने वालों पर कर्रवाई एवं नुकसान की भरपाई करने की मांग

प्रात: किरण संवाददाता

राजापाकार भाकपा माले की जांच टीम ने पोखरैरा और गौसपुर बरियारपुर गांव जाकर घटना की जांच की। भाकपा माले जिला सचिव विशेश्वर प्रसाद यादव, माले नेता योगेंद्र राय, सुमन कुमार, प्रेमा देवी, भिखारी सिंह, रामनिवास प्रसाद यादव, रामनाथ सिंह, की जांच टीम ने पोखरैरा गांव जाकर, सेवक राम, रीता देवी, शंकर राम, कल्लू राम, विनय कुमार, विजय कुमार, प्रमोद राम, अमोद कुमार, रामप्रवेश दास, रमेश दास, मनोज दास, जय नाथ दास, लालती देवी, मंजय दास, जितेंद्र दास, हरेंद्र दास, सिकंदर दास, अर्जुन दास, सुधीर कुमार, जय मंगल दास, रमेश दास, मंजू देवी, के घर जाकर उनके घर में हुए तोड़फोड़ और लूटपाट का जायजा लिया, जांच टीम ने बताया लगभग पांच मोटरसाइकिलों को भी क्षतिग्रस्त किया गया है ।भूषण कुमार के बाइक से जय मंगलदास के 20 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार को धक्का लगने तथा सीमेंट के खंभा से टकराकर एक्सीडेंट होकर भूषण कुमार के मरने की बात कहीं जा रही है उसको भी देखा।

जांच टीम ने महसूस किया की भूषण कुमार के मौत की भी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। फॉरेंसिक टीम, तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट की समीक्षा की जानी चाहिए ।यदि रिपोर्ट में पिटाई से मौत की बात सामने आती है तो इस कांड के अंजाम देने वालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। यदि भूषण की मौत स्थानीय लोगों द्वारा पिटाई के कारण भी हुई हो तब भी कानून को अपने हाथ में लेकर 3 किलोमीटर दूर महादलित टोले में जाकर उपद्रव करने, तोड़ फोड़, लूट पाट की घटना को अंजाम देना सरासर गलत है ।कई महादलित परिवारों के घर में लड़कियों की शादी थी। माले इस घटना की निंदा करता है, और महादलित परिवारों को हुए क्षती की भरपाई की मांग करता है। भूषण कुमार के परिजनों को भी उचित मुआवजा देने की मांग करता है।

# गिरिराज सिंह, सम्राट चौधरी सहित कई एनडीए नेताओ ने चिराग के लिए मांग वोट

प्रात: किरण संवाददाता



लालगंज ।लोकसभा के चुनाव के पांचवे चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन हाजीपुर संसदीय क्षेत्र से लोजपा प्रत्याशी चिराग पासवान के पक्ष में चुनाव प्रचार करने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी,पूर्व डिप्टी सीएम रेणु देवी लालगंज के ब्रह्मानंद पँजियार कॉलेज पहुंचे, जहां हाजीपुर लोकसभा में गठबंधन के साझा उम्मीदवार चिराग पासवान के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राजद पर जोरदार हमला किया, उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ रहे हैं बल्कि आगामी 2025 की होने वाली विधानसभा चुनाव में अपने बेटे को सीएम बनाने के लिए कसरत कर रहे हैं और राजद उम्मीदवारों को बलि का बकरा बनाया गया है। गिरिराज सिंह ने कहा कि अति पिछड़ों की नौकरी को छीन कर लालू प्रसाद यादव मुसलमानों को देना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा लालू प्रसाद देश को मुस्लिम राष्ट्र बनाना चाह रहे हैं इसलिए मुसलमानों को पूरा आरक्षण देने की वकालत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लालू यह सब अपने बेटे को सीएम बनाने के लिए कर रहे हैं।

गिरिराज ने कहा कि लालू प्रसाद भारत को मुस्लिम राष्ट्र बनाना चाहते हैं। लालू प्रसाद किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया जैसा ही हाजीपुर को भी बना देंगे, इसलिए इस चुनाव उन्हें पटखनी दे और नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए एनडीए प्रत्याशी को वोट देकर विजयी बनाएं। वही डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि भारत का डंका पूरे दुनिया मे बज रहा हैं यूक्रेन युद्ध मे जब भारत के छात्र फंसे हुए तो भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युद्ध को रूकवाकर भारतीय छात्र को लानेका काम किया है नरेंद्र मोदी ने भारत को 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम किया है ।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को फिर से प्रधानमंत्री बनाइये बचे हुए लोगो को पक्का मकान देने का काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाला समय मे बिजली की बिल शून्य कर देंगे का काम करेंगे। आज आपलोग जैसे धूप एवं गर्मी टेंट हैं वैसे ही राल लाल टेंट में रहते थे। प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना है वैसे बिहार के जनकपुर में सीता मैया की मंदिर भव्य मंदिर का निर्माण होगा । इसलिए चिराग पासवान को जीताकर भेजिए वह सीधे मोदी के कैबिनेट में मंत्री बनेंगे ।इसलिए आपलोग एक बोट हेलीकॉप्टर छाप पर देकर बिजय बनाकर मोदी के हाथों को मजबूती प्रदान करे।

# लोकसभा क्षेत्र मे भयमुक्त, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए 58 कंपनी विशेष बल प्रतिनियुक्त



प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर दिनांक 20 मई को होने वाले हाजीपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए 58 कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स हाजीपुर आ चुकी है। इन बलों की प्रतिनियुक्ति हाजीपुर, महनार, राघोपुर, राजापाकर, लालगंज तथा महुआ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर किया जाएगा।

इन बलों के ठहरने एवं अन्य सुविधाओं की समीक्षा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा एवं पुलिस अधीक्षक श्री हर किशोर राय के द्वारा विभिन्न कंपनियों के कमांडेंट व वरीय पदाधिकारी की उपस्थिति में किया गया। बल को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आपका काम मतदान केंद्र पर विधि व्यवस्था कायम रखना है। मतदान दल को ईवीएम प्राप्त हो जाने के उपरांत रास्ते में दल को कहीं नहीं रुकना है। सीधे बूथ पर जाना है। अगर किसी प्रकार की असुविधा हो तो अविलंब वरीय पदाधिकारी को इसकी सूचना देनी है। 20 मई को भयमुक्त, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराना है। मतदान के पश्चात वापसी में आर. एन. कॉलेज, हाजीपुर स्थित वज्र गृह में इवीएम को जमा करना है। बैठक में अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्युत विभाग में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ आयांश जन कल्याण फाउंडेशन ने मुख्यालय को लिखा पत्र

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा आयांश जन कल्याण फाउंडेशन ने नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के मधेपुरा डिविजन कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ मुख्यालय समेत माननीय मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। संस्था के संस्थापक बरूण कुमार ने कहा कि विधुत कार्यपालक अभियंता मधेपुरा के कार्यकाल में जहां एक तरफ मुख्यालय को लाखों के राजस्व की क्षती हुई है वही दूसरी तरफ भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है की सहायक विधुत अभियंता से लेकर कनीय विधुत अभियंता तक लापारवाही का परिचय देने से बाज नहीं आ रहे है। कुछ तथ्य इस प्रकार है न्यु एलटीआईएस कनेक्शन रिक्वेस्ट संख्या 521311762275 जिसको मुख्यालय के नियमानुसार 30 दिन में सभी जांच प्रक्रिया पूर्ण करते हुए मीटर लग जाना चाहिए लेकिन रिश्वत नही मिलने के कारण टाल मटोल करते करते छ माह बाद बिजली चोरी का झूठा मुकदमा दर्ज कर लगभग साढ़े तीन लाख का जुमार्ना लगा दिया। वही न्यू डीएस कनेक्शन आवेदन संख्या 52137157773 जिसपर उसी गांव के अन्य उपभोक्ता का बकाया दिखा कर रिजेक्ट करना। उपभोक्ता संख्या 107106941717 का मीटर सही रहते हुए कनीय विधुत अभियंता मधेपुरा पूर्वी के द्वारा वरीय पदाधिकारी को रिपोर्ट में मीटर खराब है बताना। रिक्वेस्ट संख्या 52134746835 जिसमें दिया गया सभी दस्तावेज सही होने एवं सभी जांच प्रक्रिया पूर्ण होने उपरांत विद्युत कार्यपालक अभियंता ने तीन साल तक लंबित रखते हुए यह कहकर रिजेक्ट कर दिया की आपके द्वारा दिया गया दस्तावेज गलत है जो विभाग की सबसे बड़ी लापारवाह रवैया को दशार्ता है। वैसे दर्जनों ऐसे गंभीर मामले है जिसमे साक्ष्य सहित विद्युत कार्यपालक अभियंता समेत विद्युत अधीक्षण अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल सहरसा को लिखा जिसमे इस बात का जिक्र किया था की जरूरत पड़ने पर लिखित कारवाई का भरोसा देते हुए अतरिक्त साक्ष्य की मांग करने पर उपब्लध कराया जायेगा फिर भी खाना पूर्ति के नाम पर विभाग के द्वारा जांच टीम गठित किया गया लेकिन जिस टीम को जांच रिपोर्ट पंद्रह दिन में समर्पित करना था वो जांच टीम छ माह से एक साल तक का समय लगा दिया जांच रिपोर्ट समर्पित करने में फिर भी विभाग के वरीय पदाधिकारी ने संबंधित लापरवाह पदाधिकारी पर कारवाई कराने के बजाय उनके मनोबल को बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ा। जिस कारण मधेपुरा में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जो जांच का विषय है। इन्ही सब बातो को लेकर मुख्यालय समेत माननीय ऊर्जा मंत्री एवम्‌ मुख्यमंत्री को पत्र लिख कारवाई का अनुरोध किया है, ताकि मधेपुरा जिला में आम उपभोक्ता बिजली विभाग के भ्रष्ट पदाधिकारी के प्रकोप से बच सके।

# चुनाव को लेकर सीमावर्ती क्षेत्र में भारत नेपाल बॉर्डर सील

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी जयनगर मधुबनी लोकसभा चुनाव को लेकर सीमावर्ती क्षेत्र में भारत नेपाल बॉर्डर सील होने एवं नेपाली ट्रेन के परिचालन बंद होने के कारण भारतीय सीमावर्ती बाजार क्षेत्रों मे करोड़ों का व्यापार प्रभावित। 20 मई को लोकसभा चुनाव को लेकर भारत नेपाल बॉर्डर एवं जयनगर से जनकपुर नेपाली ट्रेन का परिचालन 18 मई शनिवार से 20 मई सोमवार के मध्य रात्रि तक इमरजेंसी सेवा को छोड़कर पूर्णता बंद रहने के कारण सीमावर्ती क्षेत्र के बाजारों में छाया रहा सन्नाटा। नेपाल सीमा से सटे भारतीय बाजार जो रोजाना नेपाली ग्राहकों से गुलजार रहने वाले सीमा से सटे जयनगर ,लदनिया, बासोपट्टी, महिनाथपुर, देवधा हरलाखी, सहित सीमावर्ती क्षेत्र में रविवार की सुबह से ही बाजार में सन्नाटा छाया हुआ है वहीं सड़कों पर इके डूके के वाहन नजर आ रहे हैं ।भारत-नेपाल सीमा पर सन्नाटा छाया रहा। बॉर्डर सील होने के कारण दूर-दूर तक कोई भी व्यक्ति नहीं दिखा। सिवाय सुरक्षा कर्मियों के। सीमा पर केवल जवान गश्त करते हुए देखे जा रहे है। लोकसभा चुनाव को लेकर भारत नेपाल सीमा को चुनाव वाले दिन सहित 72 घंटे के लिए सिल कर देने के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों में नेपाली ग्राहकों के न आने के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों में पूर्णता सन्नाटा छाया रहा। स्थानीय लोग मोबाइल के माध्यम से जिला में होने वाले चुनाव की गतिविधियों की जानकारी लेते नजर आए। ज्ञात है की 7 मई के झंझारपुर लोकसभा चुनाव को लेकर भी 72 घंटे के लिए भारत नेपाल बॉर्डर सहित जयनगर से जनकपुर चलने वाली नेपाली ट्रेन का परिचालन बंद रहा था ।वही नेपाल के सशस्त्र बलों के द्वारा भी नेपाल बॉर्डर सील कर दिया गया था। बीते 15 दिन में दो बार कुल 144 घंटा के लिए भारत नेपाल सीमा सहित नेपाली ट्रेन का परिचालन बंद किया गया है।

# डीआईओ ने अस्पताल का किया निरीक्षण

## आशा कार्यकर्ता को 1600 आयरन सीरप का किया गया वितरण



प्रात: किरण संवाददाता

बनकटवा : जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ शरत चन्द्र शर्मा तथा यूनिसेफ के एसएमसी डॉ धर्मेंद्र कुमार ने शनिवार को बनकटवा पीएचसी का निरीक्षण किया.इस दौरान डीआईओ श्री शर्मा तथा यूनिसेफ के एसएमसी श्री कुमार आशा दिवस में भी शिरकत किया तथा उपस्थित आशा के सर्वे ड्यूलिस्ट का भी औचक जांच किया गया.इस दौरान एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत डीआईओ के निर्देश पर उपस्थित सभी आशा को 1600 आयरन सिरप तथा 500 तबलेट का वितरण किया गया. डीआईओ ने बताया कि छह माह से 59 माह के बच्चों को आयरन सिरप सप्ताह में दो दिन,5 से 9 वर्ष के बच्चों को सप्ताह एक दिन गुलाबी कलर का टबबलेट तथा 10 से 19 वर्ष के किशोरों,किशोरियों को ब्लू रंग का टबलेट प्रत्येक आशा अपने पोषक क्षेत्र में बच्चो,किशोरों,किशोरियों को खिलाना है.वही दुसरीं ओर एईएस/जेई वार्ड का निरीक्षण किया.इस दौरान उन्होंने वार्ड में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के दवा की उपलब्धता,उपकरण,आक्सीजन सिलेंडर तथा अन्य सुविधाओं की जांच किया.उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आशुतोष कुमार से सुविधा के बारे में पूछ-ताछ करते निर्देशित किया कि मई से जुलाई माह तक इस रोग का प्रकोप बच्चों,किशोर इस बीमारी के चपेट में आ सकते है जिसको ले कर सतर्क रहने की जरूरत है.कोताही नही होनी चाहिए. उन्होंने निर्देश दिया कि आशा,एएनएम के माध्यम से इसके बचाव के प्रति लोगों को चौपाल के माध्यम से जागरूक करें.एईएस वार्ड में रोस्टर के अनुसार प्रतिनियुक्त कर्मी के द्वारा लापरवाही नही होनी चाहिए. हलाकि अस्पताल की व्यवस्था देख संतोष जाहिर किया.मौके पर डॉ शमशेर आलम,लिपिक ब्रजेश कुमार यूनिसेफ बीएमसी मुनेंद्र कुमार,डाटा ऑपरेटर अजय कुमार, कुमार,उमेश कुमार,वसी अहमद,सीसीएच सबीता कुमारी,एएनएम गीता कुमारी, किरण राज,आशा फसलेटर रूबी कुमारी, शोभा कुमारी, किरण कुमारी समेत सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहें।

# थानाध्यक्ष ने शत प्रतिशत मतदान करने का किया अपील



● घोड़सवार के साथ फ्लैग मार्च करती थाना पुलिस व बीएसएफ के जवान

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी हरलाखी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थानाध्यक्ष जितेन्द्र सहनी के नेतृत्व में बीएसएफ व बी सैफ फोर्स के जावनों ने घोड़सवार फोर्स के साथ संयुक्त रूप से थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाली. फ्लैग मार्च के दौरान थानाध्यक्ष ने लोगों को बिना किसी भय के शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने व मतदान में शत प्रतिशत अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अपील की. इस दौरान एरिया डोमिनेशन और वाहन चेकिंग भी की गई.थानाध्यक्ष ने कहा कि आगामी 20 मई को होने वाली मधुबनी लोकसभा चुनाव निर्भीक, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण वातावरण में कारने को लेकर सभी बूथों पर भारी संख्या में जावनों की तैनाती रहेगी. शांतिपूर्ण मतदान को लेकर बीएसएफ व बी सैफ का जावनों को प्रत्येक बूथों पर मुस्तैद किया जाएगा. मतदाताओं को किसी प्रकार का प्रलोभन या धमकी देने वालों की खैर नही है. उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों व उपद्रवियों पर पुलिस की कड़ी नजर है. चुनाव में किसी प्रकार की अफवाहें फैलाने व कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाले पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लड़की की अपहरण करने का मामला, किया थाने में आवेदन

प्रात: किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) आलमनगर थाना क्षेत्र के आशिक वासा से एक लड़की की अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत आलमनगर थाना में अपहता के बाबा ने आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। अपहता के बाबा विन्देश्वरी पोद्दार ने आवेदन में बताया है कि हम लोग स परिवार अपने-अपने कमरे में सोए हुए थे कि मेरी 19 वर्षीय पोती अपने कमरे में मां के साथ सोई हुई थी रात्रि लगभग 12 बजे मेरी पोती लक्ष्मी कुमारी शोच के लिए मकान के पीछे के दरवाजे से बाहर निकली काफी देर बीतने पर जब लक्ष्मी कुमारी वापस नहीं आई तो खोजने लगे दूसरे दिन मेरे घर के मोबाइल पर मेरी पोती का एक युवक के साथ संयुक्त फोटो देखा, जिसका पूछताछ करने पर पता चला कि उक्त फोटो में दर्ज लड़का का नाम मोहम्मद इश्तियाक पिता मो. मुस्तकीम थाना आलमनगर है इस बात को लेकर मो. ईस्तयाक के घर पर गया एवं उसके माता-पिता में परिवार के लोगों के समक्ष सारी बात बताया उसके परिवार के लोग आवेश में आकर बोलने लगा। पता चला कि मो. ईस्तयाक, मो. मुस्तकीम, बीबी महीजक, मो. मुस्ताक, मो. मोईम, मो. निसार अली, मो. अलताफ, मो. अंजार, सभी चकरामी वासा निवासी सभी ने मिलकर मेरी पोती का अपहरण कर लिया एवं मोबाइल से धमकी देता है।

# रेडियो मयूर को मिला नेपाल में सम्मान जुटे 5 देशों के कम्युनिटी रेडियो ब्रॉडकास्टर



प्रात: किरण संवाददाता

अमार्क एशिया पैसिफिक , फेडरल मिनिस्ट्री ऑफ इकोनॉमिक कॉपरेशन जर्मनी और उअटउएड के सहयोग द्वारा ह्लकम्युनिटी रेडियो मैनेजमेंट ट्रेनिंगह्व वर्कशॉप में 5 देशों के कम्युनिटी रेडियो ब्रॉडकास्टर्स को आमंत्रित किया गया नेपाल के काठमांडू में । भारत , बांग्लादेश , इंडोनेशिया , टेमोर लेस्टे और नेपाल के रेडियो ब्रॉडकास्टर्स सम्मिलित हुए और एक बेहतरीन कार्यक्रम का आयोजन हुआ और बहुत कुछ सीखने को मिला । भारत से कुल 6 सामुदायिक रेडियो को इस कार्यक्रम के लिए चयनित किया गया , रेडियो मयूर भी इनमें से एक है । सभी देशों के कम्युनिटी ब्रॉडकास्टर्स ने अपने अनुभव साझा किए और कई ग्रुप एक्टिविटी भी की । स्टेशन हेड अभिषेक अरुण ने बताया कि, ऐसे आयोजन से हमारी टीम को एक साकारात्मक सोच मिलती है और हम फिर से एक नई ऊर्जा के साथ काम करने के लिए मोटिवेट होते हैं । सामुदायिक रेडियो कैसे चलते हैं , क्या कुछ नया इस क्षेत्र में हो रहा है देश दुनिया में ये सब हम सीखते हैं , एक दूसरे के अनुभव से हम जानते हैं कि आखिर दूसरे प्रैक्टिशनर कैसे काम करते हैं और वापिस अपने कम्युनिटी में आकर कुछ नए आइडियाज पर काम करते हैं। रेडियो मयूर ने इस आयोजन में अपनी उपस्थिति बहुत हीं मजबूती से दशार्यी । आयोजन के आखिरी दिन रेडियो मयूर को सम्मानित किया गया । समुदाय के बीच जमीनी स्तर पर जागरूकता लाने के लिए रेडियो मयूर को जाना जाता है और रेडियो के क्षेत्र में रेडियो मयूर नित नए आयाम पर पहुंच रहा है ।

सम्पादकीय

## सीएम आवास में हिंसा

यह मुख्यमंत्री आवास है या मारपीट, गुंडई का कोई अड्डा..! कुछ अंतराल पहले, मुख्यमंत्री आवास में ही, तत्कालीन मुख्य सचिव के साथ हाथापाई की गई थी। खबरें तो मारपीट की भी आई थीं। मामला अदालत तक पहुंचा। अंततः क्या हुआ, कोई जानकारी नहीं। समय गुजरा, तो उस घटना पर धूल की परतें जम गईं। आखिर आम आदमी पार्टी (आप) के भीतर और मुख्यमंत्री केजरीवाल के जीवन में क्या घट रहा है कि हालात सुलगते महसूस होते हैं। कोई विधायक अपनी पत्नी पर ही कुत्ता छोड़ देता है! कोई मंत्री राशन कार्ड बनवाने आई महिला के साथ बलात्कार करता है! शराब घोटाले में तो खुद केजरीवाल संलिप्त बताए गए हैं। आप एक बड़े खोल में बेहद विस्फोटक पार्टी लगती है। ताजातरीन मामला पार्टी की ही राज्यसभा सांसद तथा 9 साल तक दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष रहीं स्वाति मालीवाल का है, जिनकी मुख्यमंत्री आवास में ही, पिटाई की गई। जाहिर है कि एक महिला के साथ बदसलूकी की गई, हिंसक व्यवहार भी किया गया, लिहाजा यह आपराधिक हरकत से कम नहीं है। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 4 घंटे से अधिक समय तक संवाद करने के दौरान स्वाति मालीवाल ने खुलासा किया है कि मुख्यमंत्री के निजी स्टाफ ने उन्हें 5-6 थप्पड़ मारे। शरीर के निचले हिस्से पर लात मारी, छाती और पेट पर मुक्के मारे गए। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल उस दौरान घर के भीतर ही मौजूद थे। यदि मुख्यमंत्री आवास में महिला सांसद पर ऐसा हिंसक आक्रमण किया गया है, तो वह सिर्फ निजी सहायक की औकात नहीं हो सकती। क्या स्वाति पर हमला जानबूझ कर कराया गया? क्या मुख्यमंत्री अपने ही सांसद से मुलाकात नहीं करना चाहते थे? क्या केजरीवाल चाहते हैं कि स्वाति सांसदी छोड़ दें, ताकि अभिषेक मनु सिंघवी को सांसदी देकर उपकृत किया जा सके? यदि मुद्दा यही है, तो स्वाति पर हिंसक व्यवहार करने की जरूरत क्या थी? सबसे महत्वपूर्ण और मानवीय पक्ष यह है कि जिस महिला साथी की मुख्यमंत्री के घर के भीतर तक पहुंच रही है, एनजीओ परिवर्तन के दौर से साथ-साथ काम करते रहे हों और जनवरी, 2024 में ही जिसे राज्यसभा सांसद चुना गया हो, ऐसे साथी पर ऐसा हिंसक आक्रमण करना वाकई हैरान करता है, चौंकाता भी है। स्वाति मालीवाल के बयानों और अढाई पन्नों की लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। धाराओं 354, 506, 509 और 323 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने स्वाति का एम्स दिल्ली में मेडिकल भी कराया है। उधर राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी मुख्यमंत्री के निजी सहायक विभव कुमार को तलब किया है। खुद आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भी इसे विभव कुमार की बदसलूकी करार दिया है। क्या पुलिस विभव को गिरफ्तार करेगी? सवाल यह है कि मुख्यमंत्री आवास में ही ऐसी हिंसक गुंडई क्यों की गई? ऐसी नौबत ही क्यों आई?

## स्वाति मालीवाल से जुड़ा बवाल

राकेश अचल

आम आदमी पार्टी की खास नेत्री सुश्री स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निज सचिव द्वारा की गयी मारपीट की घटना अब रोचक हो गयी है। इस घटना की तह में जाने से पहले आपको स्वाति का अर्थ और स्वाति का महत्व समझना चाहिए। स्वाति का अर्थ है सरस्वती। स्वाति का अर्थ है तलवार। स्वाति हिन्दू धर्म से जुड़ा बहुत ही मन मोहने वाला नाम है। स्वाति सरस्वती है और एक नक्षत्र भी। स्वाती नाम की राशि कुंभ है। इस राशि की लड़कियां स्वभाव से बेहद ईमानदार होती हैं। यह किसी भी परिस्थिति के हिसाब से अपने आप को ढाल लेती हैं। स्वाती नाम की लड़कियां अक्सर दोस्ती करने से पहले सामने वाले व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से परखती है। इस राशि की स्वाती नाम की लड़कियों के करियर की बात करें तो यह फोटोग्राफर, वैज्ञानिक, लेखिका, मनोवैज्ञानिक व वकील सफलतापूर्वक बन सकती हैं। आप की नेता और दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष के साथ जो कुछ हुआ वो विस्मयकारी, पीड़ादायक और निंदनीय है। लेकिन सवाल ये है कि सामाजिक आंदोलन से होते हुए आम आदमी पार्टी से जुड़ी स्वाति के साथ मुख्यमंत्री के निज सचिव को इतनी बदतमीजी करने का साहस अचानक आ कहाँ से गया? स्वाति न मुक्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए नई हैं और न उनके निज सचिव के लिये। आप ने स्वाति को महिला आयोग का अध्यक्ष भी बनाया और राज्य सभा भी भेजा, जाहिर है कि वे पार्टी के लिए महत्वपूर्ण रहीं हैं, लेकिन अचानक उनके साथ मुख्यमंत्री के निज सचिव का दुर्व्यवहार ये जाहिर करता है कि स्वाति के किसी क्रियाकलाप से मुख्यमंत्री के निज सचिव अवगत थे और उन्होंने इसीलिए स्वाति को मुख्यमंत्री से मिलने से रोका और जब नहीं रुकीं तो जो किया सो सब सीसीटीवी में कैद है।

इस घटना के बाद स्वाति आप में रहेंगीं इसमें मुझे संदेह है। मुझे आशंका है कि वे आजकल में ही भाजपा के शरणार्थी शिविर में आश्रय ले सकतीं है। मामला पुलिस के पास पहुँच चुका है और पुलिस मुख्यमंत्री आवास के कार्यालय तक। भाजपा बहुत पहले से वहां पहुंचना चाहती थी, लेकिन रास्ता अब बना, वो भी स्वाति के जरिये। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भाजपा की आँखों की सबसे बड़ी किरकिरी हैं, और शायद इसीलिए केजरीवाल की जमानत का भाजपा निविरोध किय। गनीमत है कि बड़ी अदालत ने जमानत की आलोचना को दरियादिली के साथ लिया और कुछ कहा नहीं। आखिर में स्वाति भाजपा के काम आयीं और उन्होंने जानबूझकर एक तय पटकथा के तहत जो करना था सो किया। उन्हें इसका फल मिलेगा, न्याय भी मिलेगा लेकिन उन्होंने अपने आपको समाप्त भी कर लिया। अब वे सरस्वती नहीं रहीं। सचमुच की स्वाति से हटकर उनका व्यक्तित्व शून्य बन गया है।

आपको बता दें की स्वाति नक्षत्र आकाश मंडल में 15वाँ नक्षत्र होकर इसका स्वामी राहु यानि अधंकार है। स्वाति मालीवाल भी मुमकिन है कि आम आदमी पार्टी का 15 वां नक्षत्र ही हों और उनका स्वामी भी कोई अन्धकार ही हो। कहावत भी है कि जब स्वाति नक्षत्र में ओस की बूँद सीप पर गिरती है तो मोती बनता है। इस बूँद के लिए चातक भी तरसता है और सीप भी। मुमकिन है कि आप भी स्वाति को इतना ही महत्वपूर्ण मानता हो। लेकिन अब आम आदमी पार्टी के लिए स्वाति पहले वाली स्वाति नहीं रही। आम आदमी पार्टी की मंत्री आतिशी ने कहा कि स्वाति मालीवाल के लगाए सारे आरोप झूठे और निराधार है। साजिश के तहत स्वाति को बीजेपी ने भेजा था। स्वाति सीएम हाउस में जबरदस्ती घुसी थी। बीजेपी ने पूरे मामले की साजिश रची है। बिभव पर झूठे आरोप लगाए गए हैं। बिभव कुमार ने स्वाति मालीवाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। स्वाति हर पार्टी में है। हर पार्टी का अपनी महिला नेत्रियों के प्रति एक जैसा रवैया होता है। मैंने अपने पांच दशक के पत्रकारिता के जीवन में निकट से जाना है कि चाहे कांग्रेस हो, भाजपा हो, वामपंथी हों, समाजवादी हों या फिर और कोई विचारधारा के दल महिलाओं का केवल इस्तेमाल करते हैं और वक्त आने पर उन्हें दूध में पड़ी मख्खी कीतरह निकाल भी फेंकते है। उन्हें संरक्षण कोई नहीं देता। स्वाति ने भी इस हकीकत को शायद समझा नहीं या समझ लिया तो कुछ ज्यादा ही समझ लिया। स्वाति आम चुनाव के पांचवें चरण के पहले सत्तापक्ष की और से चली गयी एक गोटी भर हैं। जिन्हें उनका इस्तेमाल करना था वे कर चुके हैं और स्वाति को पता भी नहीं चला। अब पुलिस और अदालत स्वाति को जितना न्याय दिला सकती है शायद दिला भी दे किन्तु स्वाति का जो नुक्सान होना था उसकी भरपाई कोईनहीं कर सकता, न भाजपा और न आप। स्वाति को कांग्रेस के जमाने के स्त्री उत्पीड़न के मामले शायद याद नहीं है। वे तंदूर कांड भूल गयीं वे भाजपा के दस साल के कार्यकाल में हुए स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं को भी शायद याद नहीं रख पायी। वे मप्र का हनीट्रैप कांड और कर्नाटक का ताजा रेमन्ना कांड भी याद नहीं रख सकीं, और उस पार्टी के खिलाफ इस्तेमाल कर ली गयीं जिस पार्टी ने उन्हें पहचान, रूतबा, पद और पैसा उपलब्ध कराया। वे पीड़िता हैं इसलिए मैं उनके साथ हूँ किन्तु उन्होंने जिस तरह से अपना इस्तेमाल होने दिया उसे देखते हुए मैं उनके साथ नहीं भी हू। वे अब स्वाति नक्षत्र की उस बूँद जैसी हैं जो किसी सीप में पड़े कच्चे माल को मोती में तब्दील नहीं कर सकतीं। वे किस अतृप्त चातक के लिए जीवनदायनी भी साबित नहीं हो सकती। वे द्रोपदी की तरह अपमानित भी हुईं और महाभारत भी नहीं करा पायीं, क्योंकि उनके होने या न होने से अब आप का कोई नुक्सान होने वाला नहीं है। बहरहाल अब आने वाले दिनों में स्वाति को न्याय मिलेगा या नहीं? भाजपा उन्हें शरण देगी या नहीं? आप उन्हें अपनाएगी या नहीं? ऐसे सवाल हैं जिनका जबाब कोई नहीं दे सकता। बस प्रतीक्षा कीजिये की आने वाले दिनों में राजनीति कितनी और बदसूरत हो सकती है। हर दल की स्वातियों को सावधान हो जाना चाहिए और अपने आपको इस्तेमाल होने से बचना चाहिए।

## प्यासी गौरैया ने बदल दिया जीवन, पक्षियों को बचाने की चला रहे संजय मुहिम

वे परागण की भी एक बड़ी वजह हैं। इसके साथ साथ, मनोरंजन के विभिन्न स्रोतों के रूप में भी उनका उपयोग किया जाता है और वे हानिकारक फसल कीटों को नष्ट कर के, जैव नियंत्रण में भी हमारी सहायता करते हैं। ऐसे उपयोगी पक्षियों के सामने अब संकट आ गया है। कल तक हम पक्षियों के जितने करीब रहते थे उतने आज नही रह गए। हमने घर द्वार और बंगलों की ऐसी बनावट विकसित कर ली जिसमे हमने केवल अपने सुख सुविधाओं का ख्याल रखा लेकिन सदियों से साथ रहते आए पशु पक्षियों का ख्याल नहीं रखा। ऐसी हालत में पक्षियों, खासकर गौरैया के प्रेमी संजय कुमार की कहानी सराहनीय है और प्रेरक भी। प्रेरक इसलिए भी कि आज की दुनिया में लोग अपने व्यवसाय में व्यस्तता का बहाना बनाते हैं कि उनके पास वक्त नहीं है। संजय कुमार के ऊपर भी बहुत जिम्मेदारी है लेकिन इसके बावजूद पक्षियों के लिए समय निकालते हैं। उनके लिए दाना पानी का इंतजाम करते है और ऐसा करने के लिए औरों को भी प्रेरित करते है। संजय कुमार पत्रकार हैं लेखक हैं केंद्र सरकार के बड़े अधिकारी भी हैं लेकिन इन सबके होते हुए भी वे एक अनूठे पक्षी प्रेमी भी है। वे व्यस्ततम जीवन जीते हुए भी पक्षियों के लिए समय ऐसे निकालते हैं मानों वे उनके जीवन के महत्वपूर्ण हिस्से हों। उनके बिना उनका जीवन ही अधूरा हो। मजे की बात यह है कि पक्षियों ने भी उनको ऐसे अपना लिया मानो वे सालों से उनके दोस्त हों।








हेमलता म्हस्के

मानव समाज में पक्षियों का हमेशा से एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। वे हमें भोजन, औषधि, उर्वरक और मधुर गीत उपलब्ध कराते हैं। वे परागण की भी एक बड़ी वजह हैं। इसके साथ साथ, मनोरंजन के विभिन्न स्त्रोतों के रूप में भी उनका उपयोग किया जाता है और वे हानिकारक फसल कीटों को नष्ट कर के, जैव नियंत्रण में भी हमारी सहायता करते हैं। ऐसे उपयोगी पक्षियों के सामने अब संकट आ गया है। कल तक हम पक्षियों के जितने करीब रहते थे उतने आज नही रह गए। हमने घर द्वार और बंगलों की ऐसी बनावट विकसित कर ली जिसमे हमने केवल अपने सुख सुविधाओं का ख्याल रखा लेकिन सदियों से साथ रहते आए पशु पक्षियों का ख्याल नहीं रखा। ऐसी हालत में पक्षियों, खासकर गौरैया के प्रेमी संजय कुमार की कहानी सराहनीय है और प्रेरक भी। प्रेरक इसलिए भी कि आज की दुनिया में लोग अपने व्यवसाय में व्यस्तता का बहाना बनाते हैं कि उनके पास वक्त नहीं है। संजय कुमार के ऊपर भी बहुत जिम्मेदारी है लेकिन इसके बावजूद पक्षियों के लिए समय निकालते हैं। उनके लिए दाना पानी का इंतजाम करते है और ऐसा करने के लिए औरों को भी प्रेरित करते है। संजय कुमार पत्रकार हैं लेखक हैं केंद्र सरकार के बड़े अधिकारी भी हैं लेकिन इन सबके होते हुए भी वे एक अनूठे पक्षी प्रेमी भी है। वे व्यस्ततम जीवन जीते हुए भी पक्षियों के लिए समय ऐसे निकालते हैं मानों वे उनके जीवन के महत्वपूर्ण हिस्से हों। उनके बिना उनका जीवन ही अधूरा हो। मजे की बात यह है कि पक्षियों ने भी उनको ऐसे अपना लिया मानो वे सालों से उनके दोस्त हों।

बिहार के भागलपुर में जन्में संजय कुमार भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी हैं, पक्षी प्रेमी यों कहे गौरैया की जब चर्चा होती है तो इनका नाम जरूर सामने आता है। सालों से गौरैया संरक्षण मुहीम चला रहे हैं। पक्षियों ने इनके जीवन को अभूतपूर्व विस्तार दे दिया है। वे अब पक्षियों की भाषा और उनके व्यवहार को भी समझने लगे हैं। एक कहावत है कि खग की भाषा खग ही जाने। लेकिन संजय कुमार बिना खग बने ही उनकी भाषा को भली भांति समझने लगे हैं। संजय कुमार की चौदह किताबें छप चुकी है लेकिन अकेले गौरैया संरक्षण पर ही अब तक इनकी तीन पुस्तकें- अभी मैं जिन्दा हूँ...गौरैया, ओ री गौरैया और आओ गौरैया प्रकाशित है। वे अच्छे फोटोग्राफर भी हैं। गौरैया की हजारों तस्वीरें भी ले चुके हैं। गौरैया और अन्य पक्षियों पर मीडिया में लिख कर संरक्षण का सन्देश भी देते रहते हैं। इसके लिए उन्हें बहुत सम्मान भी मिले है। संवेदनशील लोगों का भरपूर प्यार भी मिला है। पंद्रह साल पहले एक प्यासी गौरैया ने संजय कुमार की जिंदगी को ऐसा झकझोरा कि उसके बाद वे इनकी दुनिया में रमते चले गए।

दुनिया भर में घर-आंगन में चहकने - फूदकने वाली गौरैया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। ब्रिटेन की ह्यरॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्डसह्व ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को ह्यरेड लिस्टह्व में डाला था। वहीं, आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 फीसदी की कमी आई है। यह कमी ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में हुई है। पश्चिमी देशों में हुए अध्ययनों के अनुसार गौरैया की आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। लेकिन, स्टेट ऑफ इंडियनस बड्र्स 2020, रेंज, ट्रेंड्स और कंजर्वेशन स्टेट्स की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 25 साल से गौरैया की संख्या भारत में स्थिर बनी हुई है। हालांकि देश के छह मेट्रो शहरों बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई में इनकी संख्या में कमी देखी गई है।

संजय कुमार के मुताबिक गौरैया की संख्या में कमी के पीछे के कारणों में आहार की कमी, बढ़ता आवासीय संकट, कीटनाशक का व्यापक प्रयोग, जीवनशैली में बदलाव, प्रदूषण और मोबाइल फोन टावर से निकलने वाले रेडिएशन को दोषी बताया जाता रहा हैं,जो पूरी तरह से सत्य नहीं हैं। गौरैया अपने बच्चे को शुरूआत में कीड़ा खिलाती है यह कीड़ा उसे खेत-खलिहान-बाग-बगीचा और गाय के गोबर के पास से मिलता है। फसल और साग-सब्जी में बेतहाशा कीटनाशक के प्रयोग ने कीड़ों को मार डाला है। ऐसे में गौरैया अपने बच्चे को पालने के दौरान समुचित आहार यानि प्रोटीन नहीं दे पाती हैं और बच्चे कमजोर हो जाते हैं। गौरैया के प्रजनन के लिए अनुकूल आवास में कमी भी इसकी संख्या में कमी का एक कारण माना जा रहा है। आवासों का तेजी से कंक्रीट के जंगलों में तब्दील होने से तस्वीर बदल गयी है। शहरों में इनके प्रजनन के लिए अनुकूल आवास नहीं के बराबर है। गौरैया संरक्षण में जुड़े लोग कृत्रिम घर बना कर गौरैया को प्रजनन के लिए आवास देने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें गौरैया अंडे देने के लिए आ भी रही है। कई गाँव में यह संकट ज्यादा नहीं है, फूस और मिट्टी के अवास अभी भी हैं। हाउस स्परौ यानि घरेलू गौरैया इंसानों के घरों में या आस पास रहती है। अंडे देने के लिए घरों के अंदर जगह खोज लेती है लेकिन आधुनिक जीवन शैली के तहत घरों के पैक हो जाने से घर के अंदर प्रवेश नहीं कर पाती है और फिर अंडे देने के लिए इसे भटकना पड़ता है। ऐसे में हर कोई पहल करें और अपने आसपास रहने वाली गौरैया का ख्याल रखे तो इसे बचाया जा सकता है साथ ही दूसरी चिड़ियों को भी। क्योंकि कौआ और मैना भी गायब हो रहे हैं।

संजय बताते हैं कि वे लगातार लोगों को जागरूक करने की कोशिश करते हैं। उन्हे गौरैया की ओर से याद दिलाते हैं कि, अभी मैं जिंदा हूँ ...मुझे बचा लो। रोज दाना झपानी रखे और आवासीय संकट से उबरने के लिए पेड़ और बॉक्स लगाएँ। इन बेजुबानों को बचाने के लिए जहां तक चैलेंज का सवाल है तो इसमें सबसे महत्वपूर्ण यह है कि पहले मैं जब दाने को रेलिंग पर डाल देता था तो कबूतर आकर उसे पूरा चट कर जाता था और गौरैया ताकती रह जाती थी। बाद में मैंने कई दाना बॉक्स में दाना को रखने लगा, इससे यह हुआ कि सब खा लेते हैं। सबसे बड़ा चैलेंज उस वक्त होता है जब गौरैया के बच्चे घोंसले से निकल कर खुले आसमान में आते हैं। छोटे-छोटे बच्चे जब दाना पानी के लिए आते हैं तब कौआ उन पर हमला करने की फिराक में रहता है। कई दफा मेरे सामने गौरैया के बच्चे को हो पकड़ कर उसे मारकर खा जाते हैं। लेकिन इस इकोसिस्टम में हम कुछ भी नहीं कर सकते। हां, कोशिश रहती है कि उस पर नजर बनाए रखने की। इस तरह संजय कुमार ने पक्षियों की आबादी बढ़ने में खुद को झोंक दिया है। ना सिर्फ पक्षियों को दाना पानी देते हैं बल्कि किताबें/आलेख लिख लिख कर भी देश और दुनिया में पक्षियों को बचाने का संदेश फैला रहे हैं।तो वहीं हमारी गौरैया और इन्वारमेंट वैरियर्स के साथ फोटो, घोंसला और गौरैया से जुडी छोटी बड़ी बातों की प्रदर्शनी लगा कर स्कूल-कॉलेज और आयोजनों में गौरैया संरक्षण पर चर्चा कर लोगों को जागरूक करते हैं

## केंद्र को सुप्रीम कोर्ट से लगा जोर का झटका

सुप्रीम कोर्ट के ईडी की गिरफ्तार करने की शक्तियों को सीमित करने के साथ ही दूसरे मामले में एक वरिष्ठ पत्रकार की गिरफ्तारी को अवैध करार देने से केंद्र को यह झटका लगा है। इन दोनों मामलों में दिए गए फैसलों से बेशक केंद्र की भाजपा सरकार को व्यापक राजनीतिक नुकसान नहीं हो, किन्तु इसके दूरगामी परिणाम अवश्यंभावी होंगे। परिणाम यह होगा कि ईडी अब आसानी से किसी के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं कर सकेगी। इसी तरह पुलिस खिलाफ खबर पर किसी पत्रकार को भी आसानी से गिरफ्तार नहीं कर सकेगी। ईडी की कार्रवाई में कितने कानूनी तथ्य हैं, यह देखने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अधीनस्थ अदालतों को रैफरी की भूमिका दी है। गौरतलब है कि लंबे अर्से से विपक्षी दल केंद्रीय एजेंसियों पर भेदभाव के आरोप लगाते रहे हैं। विपक्षी दलों का आरोप है कि केंद्र सरकार राजनीतिक रंजिशवश इन एजेंसियों को दुरुपयोग कर रही है। एक याचिकाकर्ता ने दिसंबर 2023 में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता का सवाल था कि अगर विशेष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में व्यक्ति विशेष के आरोपों को संज्ञान में ले लिया है, तो क्या तब भी उसे बेल के लिए सेक्शन 45 की दोहरी शर्तों को पूरा करना होगा। इस मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 (पीएमएलए) प्रावधानों के तहत जमानत की कड़ी शर्तों को संतुष्ट करने की जरूरत नहीं है। अगर आरोपी समन द्वारा विशेष अदालत के समक्ष पेश होता है, तो यह नहीं माना जा सकता कि वह हिरासत में है।





योगेन्द्र योगी

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

देश की शीर्ष अदालत ने दो मामलों में केंद्र सरकार को जोर का झटका धीरे से देते हुए यह जाहिर कर दिया कि कानूनों की मनमानी व्याख्या अपनी सुविधा के हिसाब से नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट के ईडी की गिरफ्तार करने की शक्तियों को सीमित करने के साथ ही दूसरे मामले में एक वरिष्ठ पत्रकार की गिरफ्तारी को अवैध करार देने से केंद्र को यह झटका लगा है। इन दोनों मामलों में दिए गए फैसलों से बेशक केंद्र की भाजपा सरकार को व्यापक राजनीतिक नुकसान नहीं हो, किन्तु इसके दूरगामी परिणाम अवश्यंभावी होंगे। परिणाम यह होगा कि ईडी अब आसानी से किसी के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं कर सकेगी। इसी तरह पुलिस खिलाफ खबर पर किसी पत्रकार को भी आसानी से गिरफ्तार नहीं कर सकेगी। ईडी की कार्रवाई में कितने कानूनी तथ्य हैं, यह देखने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अधीनस्थ अदालतों को रैफरी की भूमिका दी है। गौरतलब है कि लंबे अर्से से विपक्षी दल केंद्रीय एजेंसियों पर भेदभाव के आरोप लगाते रहे हैं। विपक्षी दलों का आरोप है कि केंद्र सरकार राजनीतिक रंजिशवश इन एजेंसियों को दुरुपयोग कर रही है। एक याचिकाकर्ता ने दिसंबर 2023 में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता का सवाल था कि अगर विशेष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में व्यक्ति विशेष के आरोपों को संज्ञान में ले लिया है, तो क्या तब भी उसे बेल के लिए सेक्शन 45 की दोहरी शर्तों को पूरा करना होगा। इस मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 (पीएमएलए) प्रावधानों के तहत जमानत की कड़ी शर्तों को संतुष्ट करने की जरूरत नहीं है। अगर आरोपी समन द्वारा विशेष अदालत के समक्ष पेश होता है, तो यह नहीं माना जा सकता कि वह हिरासत में है। अगर अदालती समन के चलते पेश होने के बाद ईडी आरोपी की हिरासत चाहती है, तो उसे विशेष अदालत में आवेदन देना होगा। अदालत केवल उन कारणों के साथ हिरासत देगी, जो संतोषजनक हों और जिनमें हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत हो। जस्टिस अभय एस. ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने यह फैसला सुनाया है। बेंच ने कहा है कि अगर किसी मामले में ईडी ने किसी आरोपी को गिरफ्तार किए बिना चार्जशीट दाखिल की और अदालत ने इस पर संज्ञान लेकर उसे समन किया, तो ऐसे व्यक्ति को पीएमएलए के तहत जमानत के लिए दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है। पीएमएलए को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान 2002-03 में लाया गया था। बाद में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान 1 जुलाई 2005 को इसे लागू किया गया। उस वक्त इस कानून को ब्लैक मनी के फ्लो को रोकने के उद्देश्य से बनाया गया था। पीएमएलए कानून के तहत सबसे पहले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सीएम मधु कोड़ा के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इसके बाद साल 2010 में 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, कोयला घोटाला समेत कई बड़े घोटालों में इस कानून के तहत कार्रवाई हुई। फिर साल 2012 में तत्कालीन वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने इसमें संशोधन भी किया था। बीते कुछ सालों में इस एक्ट में और भी कई बदलाव किए गए हैं। ईडी की शक्तियां सीमित करने के साथ केंद्र सरकार को दूसरा झटका लगा न्यूज क्लिक के फाउंडर संपादक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को लेकर। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद न्यूज क्लिक के फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ को रिहा कर दिया गया। न्यूजक्लिक फाउंडर पुरकायस्थ को पोर्टल के माध्यम से राष्ट्र-विरोधी प्रचार को बढ़ावा देने के लिए कथित चीनी फंडिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुरकायस्थ के खिलाफ आरोप लगाया गया कि न्यूजक्लिक को चीन के पक्ष में प्रचार के लिए कथित तौर पर धन मिला था। देश की सबसे बड़ी अदालत ने यूएपीए मामले में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को गलत माना। कोर्ट का यह फैसला अपने आप में एक नजीर है। इसका असर आने वाले दिनों में दूसरे फैसलों पर भी दिख सकता है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के जरिए किसी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के सामने एक साफ-साफ लकीर खींच दी है। कोर्ट ने साफ कहा कि गिरफ्तारी के वक्त पुलिस को इसका आधार लिखित तौर पर देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 20, 21 और 22 के तहत सबसे अटूट मौलिक अधिकार है। इसे भी किसी तरह नजरअंदाज या अनदेखा नहीं किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट की कही इस बात का स्पष्ट संदेश है कि हर नागरिक के लिए जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की अपनी विशेष अहमियत है। इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूएपीए या अन्य कानून के तहत किसी भी शख्स की गिरफ्तारी से पहले अब पुलिस को पहले लिखित में यह बताना जरूरी होगा कि उसकी गिरफ्तारी किस आधार पर की जा रही है। इसके लिए लिखित में भी सूचित करना होगा। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह भी साफ कर दिया है कि किसी भी इनसान के लिए कानूनी कार्रवाई एक जैसी होनी चाहिए और उसे किसी हाल में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि गिरफ्तारी के ऐसे लिखित आधारों की एक कॉपी गिरफ्तार किए गए शख्स को बिना किसी अपवाद के जल्द से जल्द दी जानी चाहिए। कोर्ट की इस टिप्पणी से यह साफ हो गया कि गिरफ्तार शख्स को हर हाल में जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिखित आधारों की एक कॉपी मिलनी चाहिए, ताकि उसे अपने खिलाफ हो रही कार्रवाई की पूरी जानकारी हो। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई झिझक नहीं है कि लिखित रूप में गिरफ्तारी के लिए रिमांड कॉपी नहीं दी गई

## देश को दुनिया में सम्मान दिलाने की क्षमता हो

अखिलेश आर्येन्दु

चुनावी मौसम में वेद शास्त्रों और आचार्य चाणक्य के राष्ट्रपरक नीति वचन की याद आना लाजिमी है जिसमें कहा गया है कि जनता ऐसे दूरदर्शी, त्यागी, नीतिवान और चरित्रवान व्यक्ति का चुनाव करे जिसमें देश को बेहतरी की तरफ ले जाने और दुनिया में सम्मान दिलाने की क्षमता हो। एक नागरिक का कर्त्तव्य अपने देश के प्रति कैसा होना चाहिए? इस पर चाणक्य का कहना है, कर्त्तव्य को विवेक से करना नीतिवान मनुष्य का प्रथम कर्त्तव्य है। चाणक्य इसी संदर्भ में कहते हैं-भली प्रकार सोच-विचार कर या अवसर को पहचानने के बाद ही कोई निर्णय लेना चाहिए। पांच साल के बाद जनता को अवसर मिलता है कि निवर्तमान सरकार के कायरे, नीतियों और निर्णयों का बेहतर मूल्यांकन कर नई सरकार के लिए बगैर किसी लालच खूब सोच-समझ कर अपना मत दे यानी ईवीएम का बटन दबाए। तमाम तरह के सर्वे समझाने की कोशिश करते रहे हैं कि आम चुनाव में भी क्षेत्रीय मुद्दे और जात-पात की मानसिकता हावी है। हम मतदाता अपने नागरिक कर्त्तव्यों को बेहतर सोच और परिणाम के साथ निभाने में हमेशा पीछे रहते हैं, वरना क्या वजह है कि दुनिया के तमाम देशों में जहां सरकार बनाने के लिए अस्सी-नब्बे प्रतिशत मतदान होता है वहीं भारत में पचास या साठ के आसपास। ताजा सर्वेक्षण तस्दीक करते हैं कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के बनिस्बत महंगाई और बेरोजगारी को तरजीह दी जा रही है यानी आतंक, धारा 370, समान नागरिक संहिता (कानून), विदेशी घुसपैठ जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा और अस्मिता के मुद्दे ज्यादातर लोगों के लिए अहमियत नहीं रखते यानी राष्ट्र प्रथम के ऊपर महंगाई और बेरोजगारी भारी पड़ रही है। बेहतर शासन की कवायद की जगह आरक्षण और संविधान बचाने के सब्जबाग लोगों को शायद ज्यादा अपील कर रहे हैं। ऐसा है तो भारत जैसे राष्ट्रीय गौरव-गरिमा और सांस्कृतिक चेतना की पहचान रखने वाले देश के लिए चिंता की बात मानी जाएगी क्योंकि न तो निवर्तमान सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही है, और न संविधान ही बदला जाएगा। यह एनडीए के घोषणापत्र में प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। राजनीति के जानकारों की मानें तो यह भी हो सकता है कि कुछ लोगों के निहित स्वार्थ केंद्र और राज्य सरकार चुनते समय राष्ट्रीय मुद्दों से दूर रखने का कार्य कर रहे हों। लोग अपने जातिगत, मजहबगत और क्षेत्रगत भावनाओं से ऊपर निकलना न चाह रहे हों यानी व्यक्तिगत निहित स्वार्थ न पूरा हो पाने के कारण बहुत छोटे-मोटे मनमुटाव मतदान से दूर हों, या गर्मी की वजह भी लोगों को मतदान करने में रुकावट पैदा कर रही हो। दरअसल, राष्ट्रवादी भावना का उद्वेग भारत में खास मौकों पर ही देखा जाता है। आजादी के बाद पिछले 76 वर्षों में राष्ट्र प्रथम के कर्त्तव्यबोध का संचार सतत राष्ट्र जागरण के तौर पर हुआ ही नहीं। जैसे दुनिया के तमाम देशों में हुआ। यही वजह है कि राष्ट्रभाषा, राष्ट्र सुरक्षा, राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रहित पर केंद्रित चुनाव हुए ही नहीं। देश-दुनिया में जैसी भारत की साख है, उस पर केंद्रित राष्ट्रीय अस्मिता और राष्ट्र चेतना से ताल्लुक रखने वाले मुद्दे अब न नारों में सुनाई पड़ते हैं, और न दलों के चुनावी घोषणापत्रों में। हां, खुद को राष्ट्रवादी दल कहने वाले दलों के चुनावी घोषणापत्र में इस पर चर्चा जरूर शामिल है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 19 मई, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### चोरी के तीन मोटरसाइकिल के साथ तीन गिरफ्तार

लहलादपुरः जनता बाजार थाना की पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र से चोरी गयी मोटरसाइकिल को अलग-अलग जगहों से बरामड किया तथा तीन चोरों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार सभी चोर सिवान जिले के हैँ, जिनमें बसंतपुर थाना क्षेत्र के बावाँ कला गांव निवासी जीउत प्रसाद, दरौन्दा थाना क्षेत्र के सतजोड़ा मठिया गांव के सुमित कुमार यादव तथा भगवानपुर हॉट थाना क्षेत्र के मुंदीपुर निवासी धनंजय कुमार बताये जाते हैँ।

### जिला बॉर्डर पर चलाया जा रहा सघन जांच अभियान

बेतिया।आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत पालन करने के उद्देश्य से मझौलिया के अंचलाधिकारी राजीव रंजन इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा ने पूर्वी और पश्चिमी चंपारण के बॉर्डर क्षेत्र पर बने पुलिस चेक पोस्ट का निरीक्षण करते हुए प्रतिनियुक्ति किए गए अधिकारियों से स्थिति का जायजा लेते हुए कई बिंदुओं पर गाइड लाइन जारी की।अधिकारियों द्वारा एन एच 727 के माधोपुर चौक नानोसती लाल सरैया,पारस पकड़ी ,सरिसवा, तिरवाह क्षेत्र के पीपरपाती पुलघाट समेत विभिन्न चौक चौराहा पर वाहन जांच किया गया। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि दिन और रात में अलग-अलग गठित टीमवर्क बॉर्डर क्षेत्र से आने वाले सभी प्रकार के वाहनों का कागजात की जांच करते हुए उनके वाहनों का वीडियो ग्राफी तथा वाहन नंबर मोबाइल नंबर दर्ज करते हुए सघन जांच के बाद ही छोड़ जाता है ।खासकर उपद्रवी तत्वों एवं अफवाह फैलाने वाले लोगों पर पहली नजर रखी जा रही है ।व्हाट्सएप ग्रुप सोशल मीडिया पर भी साइबर सेनानी ग्रुप काम कर रही है।

### बाइक सवार व्यक्ति से 30 हजार रुपए की लूट

मशरक थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्णकुदरिया गांव के नजदीक बाइक सवार एक व्यक्ति को रोककर उचक्को द्वारा 30 हजार रुपए छीन लिए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले मे पदमौल गांव निवासी लक्ष्मण राय द्वारा थाना मे आवेदन दिया गया है। दिए गए आवेदन के मुताबिक शुक्रवार की शाम 5 बजे के करीब लक्ष्मण राय के पुत्र विवेक कुमार राय राजापट्टी कोठी से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कर्णकुदरिया गांव के नजदीक पोखरा के पास पहले से घात लगाए करीब आधा दर्जन उचक्को द्वारा रोककर बाइक मोबाइल और तीस हजार रुपए छीन लिए गए ।शोरगुल पर उचक्के बाइक और मोबाइल छोड़ दिए और रुपए लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर 112 नंबर की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल मे जुट गयी ।इस मामले मे 5 लोगो को नामजद किया गया है।

### डीएम व एसपी ने की संयुक्त ब्रीफिंग

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ० गौरव मंगला द्वारा आज आईटीआई मढ़ौरा में अमनौर एवं मढ़ौरा विधानसभा के पोलिंग पार्टी की संयुक्त ब्रीफिंग की गई। आज पोलिंग पार्टी का मिलान किया गया है, रविवार को पोलिंग पार्टी को संबंधित मतदान केन्द्रों के लिये ईवीएम एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के साथ डिस्पैच किया जायेगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी मढ़ौरा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# निष्पक्ष चुनाव को ले प्रशासन ने की व्यवस्था : जिलाधिकारी

● डएसपी ने कहा भारी संख्या में पुलिस बल की गई है तैनाती

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा। पांचवें चरण चुनाव को लेकर तैयारी मुकम्मल कर ली गई है, आज शाम प्रचार -प्रसार का शोर जाएगा, इस जिले से बाहर के नेता आज शाम जिला छोड़ देंगे। उक्त बातें सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने शनिवार को स्थानीय समाहरणालय के सभागार में 20 मई चुनाव को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं। जिलाधिकारी ने प्रेस मीडिया को ब्रीफिंग करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया गया है। सारण लोकसभा का चुनाव 20 में को होना है, इसको लेकर व्यापक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। चुनाव के दिन भी हर प्रखंड में पांच-पांच ई रिक्शा की व्यवस्था की गई है, ई-रिक्शा के माध्यम से बूथ पर जाने के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। साथ ही जरूरत पड़ने पर वृद्ध मतदाताओं को भी ई-रिक्शा मदद कर करेंगे । जिलाधिकारी ने मीडिया को संबोधित करते हैं यह भी कहा कि प्रखंड स्तर पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति पहले ही की जा चुकी है। जिला प्रशासन द्वारा जिला नियंत्रण कक्ष एवं कंट्रोल रूम का नंबर भी जारी किया गया है। मतदान के दिन मतदाता चुनाव में गड़बड़ी होने पर इसकी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। डीएम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मतदान के लिए पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, पैन कार्ड एवं ड्राइविंग लाइसेंस सहित कुल 12 विकल्प दिए गए हैं, कोई भी एक विकल्प के आधार पर मतदाता पहचान पत्र का इस्तेमाल कर सकेगें। सारण लोकसभा में कुल 892 वेब कास्टिंग मतदान केंद्र की स्थापना की गई है, कुल 1776 मतदान केंद्र बनाया गया है, जिस पर 177 माइक्रो ऑब्जर्वर को तैनात किया गया है। प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए सारण के पुलिस अधीक्षक गौरव कुमार मंगला ने कहा कि शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयारी कर ली है, सभी बूथों पर पर्याप्त मात्रा में फोर्स तैनात रहेंगे, कई मोबाईल टीम भी निगरानी में रहेगी। सभी थानों में बाईक दस्ता की तैनाती की गई है, चेक पोस्ट पर भी सख़्ती से वाहन चेकिंग किया जा रहा है। होटल एवं रेस्टोरेंट पर भी प्रशासन की विशेष नजर है। एसपी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान करने से लेकर इवीएम को वज्र गृह तक लाने की भी मुकम्मल व्यवस्था की गई है। पूरे जिला में शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न होगा, इसको लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार है। प्रेस वार्ता में अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त सुमित कुमार एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद जावेद इकबाल एवं डीपीआरओ रविंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# पश्चिमी चंपारण लोकसभा में कांटे की टक्कर

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया मोहन सिंह ।पश्चिम चंपारण जिला के 2-पश्चिम चंपारण संसदीय सीट पर पिछले तीन टर्म से भाजपा का कब्जा रहा है। यहां से तीन बार सांसद रहे डॉक्टर संजय जायसवाल ने चौथी बार अपना नामांकन दाखिल किया है। इसके पूर्व डॉक्टर संजय के पिताजी स्वर्गीय डॉक्टर मदन जयसवाल भी तीन बार भाजपा के सांसद रह चुके हैं। पश्चिम चंपारण संसदीय क्षेत्र में कुल 6 विधानसभा क्षेत्र पड़ते हैं। जिसमें पश्चिम चंपारण जिला के बेतिया, नौतन, चनपटिया एवं पूर्वी चंपारण जिला के सुगौली, रक्सौल, नरकटिया विधानसभा क्षेत्र आते हैं ।बताते चले कि इनमें बेतिया, चनपटिया, नौतन एवं रक्सौल विधानसभा सीट पर भाजपा तथा सुगौली एवं नरकटिया विधानसभा सीट पर राजद का कब्जा है। इस बार पश्चिम चंपारण संसदीय क्षेत्र से कुल 8 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं । जिनमें मुख्य रूप से एनडीए के भाजपा उम्मीदवार निवर्तमान सांसद डॉ संजय जयसवाल और इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व बेतिया विधायक मदन मोहन तिवारी के बीच आमने-सामने की टक्कर है। कांग्रेस के प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी इस संसदीय सीट पर कब्जा करने के लिए पूरी तरह से हाथ पांव मार रहे हैं। लेकिन उनके लिए यह सीट मिल का पत्थर साबित हो रहा है। वहीं भाजपा उम्मीदवार डॉ संजय जयसवाल अपनी सीट को बरकरा रखने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दे रहे हैं और मैदान में डटे हुए हैं। हालांकि डॉक्टर जायसवाल को इस दौरान कहीं कहीं मतदाताओं का आक्रोश झेलना पड़ रहा है और खरी-खोटी सुनना भी पड़ रहा है। फिर भी इसका कोई भी असर उन पर दिखता नहीं पड़ रहा है। क्योंकि मतदाताओं के हृदय में मोदी प्रेम और राष्ट्रहित की भावना पूरी तरह से घर कर चुकी है। जिससे इस सीट पर फिर से एक बार कीचड़ में कमल खिलता नजर आ रहा है।

# लोकतन्त्र को मजबूत करने का महापर्व मतदान : प्रो. प्रसूनदत्त

प्रात : किरण संवाददाता



मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतीहारी बिहार के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा मतदाताओं के बीच जागरूकता लाने के लिए विशाल प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक एवं गांधी भवन परिसर के परिसर-निदेशक प्रो० प्रसून दत्त सिंह जी ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदान करना हम सभी का नैतिक दायित्व है और इस दायित्व से हमें वंचित नहीं होना चाहिए ।क्योंकि यह लोकतंत्र को मजबूत करने वाला पर्व है। जिस प्रकार होली, दीपावली इत्यादि पर्व का हम प्रसन्नता के साथ आयोजन एवं उसमें सहभागिता करते हैं, उसी प्रकार से लोकतंत्र में मतदान एक पर्व के समान होता है। प्रत्येक नागरिक जो 18 वर्ष से ऊपर हैं और जिसका नाम मतदाता सूची में है। उन्हें अपना मतदान अवश्य करना चाहिए। मतदान के द्वारा ही लोकतंत्र को प्रबलता मिलती है और यह सुनिश्चित होता है कि हमने जिसे मतदान किया है वह हमारा और इस राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका निभाएगा। इससे पूर्व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ श्वेता ने छात्रों को इस रैली के विषय में अवगत कराते हुए मतदान की महत्ता बतलाई। तत्पश्चात सभी शिक्षकों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर फेरी को रवाना किया गया। यह प्रभात फेरी महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के जिला स्कूल परिसर से होकर चरखा पार्क तक गई। रास्ते में लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न पोस्टर एवं तख्तियों को प्रदर्शित करते हुए नारों से लोगों को जागरूक किया गया। जैसे - ह्यआपका मतदान - देश का कल्याणह्न, ह्यपहले मतदान - फिर जलपानह्न, ह्यचुनाव का पर्व - देश का गर्वह्न और ह्यजागरूक मतदाता - भारत का भाग्य विधाताह्न इत्यादि नारों से लोगों में जन जागृति लाने का प्रयास किया गया ।जिससे अधिकाधिक संख्या में मतदान में सम्मिलित होकर अपना अमूल्य मतदान करें । रैली चरखा पार्क में जाकर समाप्त हुई। इस रैली में विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों एवं विभागों के शिक्षकगण उपस्थित रहे, जिनमें प्रो राजेंद्र सिंह,डॉ श्याम कुमार झा, डॉ युगल दाधीच, डॉ बबलू पाल, डॉ श्वेता, डॉ गोविन्द प्रसाद वर्मा, डॉ गरिमा तिवारी, डॉ प्रेरणा भादुरी, डॉ पंकज सिंह, डॉ शिवेन्द्र सिंह, डा श्याम बाबू, डॉ कुन्दन कुमार, डॉ उमेश कुमार इत्यादि ने रैली में छात्रों के साथ-साथ प्रतिभाग करते हुए लोगों को जागरूक किया ।ताकि वह अपने एक मत के महत्त्व को समझ सकें और शत-प्रतिशत मतदान करें। इस प्रभात फेरी में एसएसबी के जवानों का भी विशेष सहयोग प्राप्त रहा। जिसमें एसएसबी के अधिकारी सहित 15 जवान सम्मिलित रहे। इस पूरी रैली में विश्वविद्यालय के छात्र, शोधच्छात्र और कर्मचारियों सहित तीन सौ से अधिक स्वयंसेवक सम्मिलित रहे।

# नशीली कफ सिरप के साथ दो तस्करों को हरैया पुलिस ने गिरफ्तार किया



प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल ।नशीली कफ सिरप के साथ दो तस्करों को हरैया ओपी के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इसकी पुष्टि करते हुए हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नशीली कफ सिरप की डिलिवरी होने वाली है। जिसके बाद परेउवा फाटक के पास गस्ती तेज कर दी गई। बाजार के तरफ से आ रहे मोटरसाइकिल की जांच की गई तो करीब चार कार्टून में 233 पीस कफ सिरप पाया गया। गिरफ्तार होने वालों की पहचान रक्सौल के सब्जी मंडी निवासी लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता के पुत्र विनय कुमार व काली नगरी वार्ड संख्या 11 निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अनुज कुमार ने बताया कि कागजी कार्रवाई कर दोनो को एनडीपीएस मामले में न्यायिक हिरासत भेजा जा रहा है। यहां बता दे कि भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में नशा का कारोबार खूब फल फूल रहा है। युवा वर्ग नशीली दवा के जाल में पड़ते जा रहे है। सीमावर्ती क्षेत्र होने के चलते नेपाल से बड़ी संख्या में युवा वर्ग नशे का सेवन करने रक्सौल आते है। जिससे नशे का कारोबार खूब फल फूल रहा है।

# लघु उद्योग खड़ी कर अपनी कर सकते हैं आर्थिक उन्नति: डॉ. श्याम



प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विवि कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रोद्योगिकी विभाग की ओर से चल रहे उद्यमिता जागरूकता शिविर के दूसरे दिन शनिवार को वक्ताओं ने लघु उद्योग स्थापित करने पर विस्तृत चर्चा की। इससे पहले विभाग के प्राध्यापक कार्यक्रम सह संयोजक डॉ. विपिन कुमार ने संबंधित विषयों पर संक्षिप्त पुनार्वृति कर शिविर की शुरूआत की। इस कड़ी में प्राध्यापकों का स्वागत भी किया गया। प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रामलाल बगेरिया ने उद्यमिता के लिए आवश्यक नियम व शर्तो को बताया। वहीं लघु उद्योग स्थापित करने की दिशा में आने वाली चुनौतियों से निपटने को लेकर विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों का प्रेरक उदाहरणों के जरिए जवाब दिया। सवालों के मिले जवाब से विद्यार्थी संतुष्ठ नजर आएं। दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए जन्तु विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉ. श्याम प्रसाद बाबू ने कहा कि नवाचार व तकनीकी के इस युग में उद्यमिता शक्तिशाली उपकरण बन गया है। उन्होंने विद्यार्थियों से लघु उद्योग स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कहा कि आप लघु उद्योग खड़ी कर अपनी आर्थिक उन्नति कर सकते हैं। मध्यांतर के बाद तीसरे सत्र का संबोधन प्रबंध विज्ञान विभाग की प्राध्यापक डॉ. अलका ललहाल द्वारा किया गया। उन्होंने उद्यमिता के व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर चर्चा की। साथ ही उद्यमिता की उपयोगिता पर बल देते हुए इसका अनुकरण करने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। अंतिम एवं चौथे सत्र को संबोधित करते हुए वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. शिवेंद्र सिंह ने उद्यमिता में संचार कौशल एवं दृढ इच्छाशक्ति को महत्वपूर्ण बताया। गौरतलब हो कि सरकार की विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग के प्रायोजन में चल रहे जागरूकता शिविर का समापन आज होगा। मौके पर प्रबंध विज्ञान विभाग के अतिथि प्राध्यापक डॉ. कमलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# अनियंत्रित बस ने दो को रौंदा, मौत



प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(मोहन सिंह) बगहा पुलिस जिला अंतर्गत एक शादी की खुशियां देखते ही देखते मातम में बदल गईं। दोस्त की बारात जा रहे बाइक सवार दो लड़कों को अनियंत्रित बस ने रौंद डाला, जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना चौतरवा थाना क्षेत्र के चौतरवा-लौरिया मुख्य पथ की है। मृतकों की पहचान चौतरवा चौक निवासी जीवन जीत कुमार और चौतरवा थाना क्षेत्र के सिकटौर गांव निवासी अमीरुल शाह के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों के दोस्त की शादी थी। बारात चौतरवा से लौरिया जा रही थी। दोनों लड़के बाइक पर सवार होकर बारात जाने के लिए घर से निकले थे। जैसे ही दोनों युवक एनएच 727 पर बसवरिया गांव के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे जीएमसीएच रेफर कर दिया। परिजन आनन-फानन में उसे बेतिया लेकर भागे, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही दूसरे युवक ने भी रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद शादी की शुखियां मातम में बदल गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जिले में है 42 हजार 400 हाईपर टेंशन के मरीज

## जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में महीने भर की जाएगी हाइपरटेंशन के मरीजों की खोज

● हाइपरटेंशन की वजह से हाई ब्लड प्रेशर के साथ कई प्रकार की बीमारियों का खतरा:डॉ मुर्तजा अंसारी

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम) ।पश्चिमी चंपारण जिले के सभी पीएचसी, एचडब्लूसी, सीएचसी, मेडिकल कॉलेज एवं रेफरल अस्पतालओं में हाईपरटेंशन दिवस मनाया जा रहा है। जिसके तहत जिले में हाइपरटेंशन के रोगियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। जिले के गैर संचारी रोग प दाधिकारी डॉ मुर्तजा अंसारी ने बताया की लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व हाईपर टेंशन डे मनाया जाता है। हाइपरटेंशन को आमतौर पर हाई ब्लड प्रेशर के रूप में जाना जाता है। हाई ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय व इनसे जुड़ी अन्य कई गंभीर समस्याएं भी इन दिनों लोगों के लिए चिंता का विषय बनी हुई हैं। हमारी लाइफस्टाइल, खानपान, बढ़ते तापमान भी हमारे ब्लड प्रेशर को काफी प्रभावित करता है। उन्होंने बताया की एक महीने तक सभी स्वास्थ्य केन्द्रो पर हाईपरटेंशन से ग्रसित लोगों की स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा जाँच की जाएगी, उन्होंने बताया की जिले के सरकारी अस्पतालों में अब लोगों का बेहतर इलाज हो रहा है जिसके वजह से एनसीडी क्लिनिक पर वर्ष 2021-2022 में 3145 हाईपरटेंशन मरीज मिले, 3701 ब्लड शुगर के मरीज मिले, कैंसर के 90, स्ट्रोक के 15, वर्ष 2022- 2023 में 29 हजार 490 हाईपरटेंशन, ब्लड शुगर 37 हजार 706, कैंसर के 132, स्ट्रोक 34 वहीं 2023 अप्रैल से मार्च 2024 तक 42 हजार 399 लोग हाईपरटेंशन, 51 हजार 315, ब्लड शुगर, 324 कैंसर,12 स्ट्रोक के मरीज मिले है। कैंसर के मरीजों की इलाज एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर और मेदांता पटना में किया जाता है। वहीं लकवा से ग्रसित मरीजों के लिए बेतिया मेडिकल कॉलेज कमरा नंबर 14 में फिजियोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध है।

गर्मी के मौसम में रखें इन बातों का ध्यानः

गर्म और उमस भरे मौसम में, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने और हार्ट हेल्थ को बनाए रखने के लिए निम्न सावधानियां महत्वपूर्ण हैं। भले ही आपको प्यास न लगे, फिर भी ब्लड प्रेशर पर गर्म मौसम और ह्यूमिडिटी के प्रभाव को नियंत्रित करने में मदद करने के लिए बहुत सारा पानी पीकर हाइड्रेटेड रहना जरूरी है। ठंडे या वातानुकूलित स्थान पर रहने से अत्यधिक गर्मी से बचने में मदद मिल सकती है। अगर आप हल्के, हवादार कपड़े पहनते हैं, जो शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करते हैं, तो आपका शरीर गर्मी को अधिक आसानी से सहन कर सकता है।

# जन संपर्क अभियान चलाकर भाकपा ने रोहिणी आचार्य को विजई बनाने की अपील की

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। भाकपा नगर परिषद् की ओर से आज छपरा शहर के भगवान बाजार,काशी बाजार ,गरही तीर आदि मुहल्लो में जन संपर्क अभियान डोर टू डोर चलाकर मतदाताओं से रोहिणी आचार्य को विजई बनाने की अपील की गई ।पार्टी कार्यकर्ता हाथ में पार्टी झंडा एवम बैनर के साथ घूम रहे थे और रोहिणी आचार्य जिंदा बाद ,महा गठबंधन जिन्दाबाद,लालटेन छाप जिन्दाबाद का नारा लगा रहे थे। मौके पर जिला सचिव रामबाबू सिंह ने बताया कि संबिधान बचाने धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करने, बेकारी, महंगाई को लगाम लगाने, किसानों का कर्ज माफ करने आदि के लिए रोहिणी आचार्य के हाथो को मजबूत करने का आह्वान किया । उक्त कार्यक्रम में रामबाबू सिंह, चूल्हन प्रसाद सिंह, रमेश ठाकुर,शिवनाथ राय, सुरेश वर्मा , दिलीप वर्मा, रतन प्रकाश सिंह, जवाहिर मिश्रा मो. इस्लाम, भदई राम, मनोज सिंह, नारायणजी, श्याम लाल प्रसाद, मनोज ठाकुर बाल कटाई मजदूर यूनियन आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री के बगहा को राजस्व जिला बनाने के आश्वासन से बदला चुनावी माहौल

● अपने कार्यकाल में किए विकास को गिनाया महिला सशक्तिकरण को सरकार की उपलब्धि बताया



बेतिया(प.च) ।मौसम की तपीस के साथ ही वाल्मीकिनगर 01 लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। एनडीए गठबंधन अपनी पूरी ताकत झोंक कर जेडीयू प्रत्याशी सुनील कुमार की जीत सुनिश्चित करने में जुटा है। जहाँ एक ओर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के साथ मंगल पाण्डेय नें बगहा विधानसभा के पतिलार में 16 मई को जनसभा कर लोगों से वोट देने की अपील के साथ आरजेडी प्रत्याशी दीपक यादव पर जमकर भड़ास निकाला वहीं आज वाल्मीकिनगर विधानसभा के गंडक दियारावर्ती भीतहा रूपही में आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने और लोगों से जदयू प्रत्याशी सुनील कुमार को जिताने का आग्रह करने सीएम नीतीश कुमार के साथ शिक्षा मंत्री विजय चौधरी और राज्यसभा सांसद संजय झा पहुँचे ।

चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी के बावजूद जनसभा में उमड़ी भीड़ को सम्बोधित करते हुए आज फिर सीएम नीतीश कुमार की जुबान फिसली और उन्होंने सुनील कुमार के तीर निशान पर बटन दबाने से दिल्ली में कमल खिलने के साथ हीं पीएम मोदी के 4000 सीटों का लक्ष्य पूरा करने की अपील कर दी हालांकि फौरन मुख्यमंत्री नें इसे भूल वश आज पुनः दुहराने की बात कहकर 400 सीटों का आकड़ा पार करने में समर्थन की अपील किया।

इस दौरान उन्होंने बिहार में हुए जातीय जनगणना को अपने सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा की कांग्रेसिया कभी जातीय जनगणना करा सकता है ..!

सीएम नें सभा में मौजूद लोगों से हामी भरवांते हुए कहा की जब मैं महागठबंधन के साथ था तो कांग्रेस जातीय जनगणना के पक्ष में नहीं थीं और जब मैं फिर एनडीए गठबंधन के साथ हूं तो कांग्रेस जातीय जनगणना की राग अलाप रहीं है ।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नें चम्पारण के इस मिनी चंबल की धरती से जंगल राज का सफाया करते हुए बिहार में सुशासन के साथ हर क्षेत्र में विकास की बात कहते हुए महिला सशक्तिकरण पर सरकार की उपलब्धियां गिनाई ।

बतादें की बगहा को राजस्व जिला बनाना यहाँ का सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा है ऐसे में मंच से सीएम नीतीश कुमार के बगहा को जिला बनाने के आश्वासन नें चुनावी माहौल हीं बदल दिया है ।

वहीं दूसरी तरफ शिक्षा मंत्री विजय चौधरी नें वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र से आरजेडी प्रत्याशी चीनी मिल मालिक दीपक यादव को आड़े हाथों लेते हुए कहा की बिहार में जब नीतीश कुमार की सरकार बनी तब वह यहाँ सुशासन सरकार की संरक्षण में अपना बिजनेस चमकाया वहीं आज सरकार की जड़ खोदने में लगा हुआ है ऐसे दोहरे चरित्र वाले को भी आप सबों को देखना होगा ।

बतातें चलें की छठे चरण में यहाँ 25 मई को मतदान होना है जिसके लिए एनडीए और महागठबंधन की ओर से एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का तूफानी दौर चल रहा है ।

# बैगलेश डे पर स्टेम इलेक्ट्रॉनिक किट से बच्चों ने बनाया घरेलु गैजेट्स



प्रात : किरण संवाददाता

छौड़ादानो। प्रखंड क्षेत्र के दरपा पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बीएमसी पीपरा उर्दू में बैगलेश डे शनिवार को स्टेम इलेक्ट्रॉनिक किट की मदद से बच्चों ने विभिन्न घरेलू गैजेट्स बनाया ।मेंटर का कार्य विज्ञान शिक्षिका अंजू कुमारी ने किया। मालूम हो कि सरकार द्वारा प्रदत स्टेम इलेक्ट्रॉनिक किट और मैन्युअल बूक के सहयोग से मेंटर की मौजूदगी में बच्चों ने स्वीच का उपयोग कर एलईडी को कंट्रोल, बज द स्वीच, वाईव नियंत्रण, आटोमेटिक रुम लाईट, फ्लिकेरिंग लाईट आदि को बनाया।

उक्त बाबत विद्यालय अध्यापक शिव शंकर गिरि ने बताया कि स्टेम का मतलब विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित का समन्वय है ।यह बच्चों के लिए नवाचार और रचनात्मकता के लिए एक मंच प्रदान करता है। उक्त गतिविधि में गोपाल कुमार, अजीत कुमार, कंचन कुमार, शाहनवाज आलम, आबिद हुसैन, प्रसून कुमार, आयुष कुमार अंजलि कुमारी,अरुंती कुमारी, शाजिया खातून, नाजदा खातून आदि दर्जनों बच्चों ने भाग लिया। मौके पर प्रधानाध्यापक मरगुब आलम, मो. ईजहार हुसैन, मो.परवेज आलम, मुंतजिर आलम, सद्दाम हुसैन आदि मौजूद थे।

# चुनाव के दिन निर्वाध रूप से विधुत सप्लाई के लिए विधुत कार्यपालक अभियंता ने किया बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल :- रक्सौल प्रमंडल के सभी सेक्शनों में निर्बाध रूप से विधुत सप्लाई किया जाएगा। युद्ध स्तर पर इसकी तैयारी की गई है। ये बातें रक्सौल विधुत कार्यपालक अभियंता अजय कुमार ने विधुत सभागार में बैठक के दौरान कही। रक्सौल विधुत प्रमण्डल क्षेत्रों में छठे चरण में चुनाव होना है। चुनाव पूर्व सभी बूथों एवं पारा मिल्ट्री फोर्सज के रहने वाले स्थानों पर विधुत आपूर्ति के लिए आवश्यक कार्यवाही कर लिया गया है। सभी बूथों पर पोल, तार, बॉक्स या अन्य इंफ्रा की जरूरतों को पूरा कर लिया गया है। विधुत कार्यपालक अभियंता सभी विधुत कर्मियों एवं कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा की 25 मई तक सभी की छूटी केंसिल कर दिया गया है। कोई छुट्टी पर नही जाएगा । सभी लोग मिलकर लोकतंत्र के महान पर्व को सम्पन्न करेंगे। मनावलबल अपने क्षेत्र के सभी फीडर को पुनः जाँच कर लेंगे। अगर पेड़ कटाई छंटाई या मरम्मती कार्य की आवश्यकता महसूस हो तो दो दिन में करके काम को निष्पादन करेंगे। चुनाव के दिन सभी मानवबल बल, लाइन मैन एवं कनीय विधुत अभियंता अपने अपने फीडर में तैनात रहेंगे। कही कोई समस्या हो तो ऑन स्पॉट समस्या समाधान करके विधुत आपूर्ति बहाल रखेगे। वही सिक्योर कंपनी के सुपरवाजर एवं डिवीजन मैनेजर को नया सर्विस कनेक्शन में लेट करने को लकेर नाराजगी जाहिर किया। और अगले तीन दिनों के अंदर सभी ठरउ कनेक्शन की निर्भरता को खत्म करना है।



## हीरामंडी की आलोचना पर संजीदा शेख ने किया संजय लीला भंसाली का बचाव

संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार रिलीज होने के बाद से ही सुर्खियां बटोर रही है। इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है। इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मिन सहगल, शेखर सुमन, फरदीन खान और अध्ययन सुमन ने अभिनय किया है। वैसे तो भंसाली की इस सीरीज को मिली-जुली प्रतिक्रिया ही मिल रही है, लेकिन कुछ ऐतिहासिक तथ्यों को लेकर इसकी आलोचना की जा रही है, जिसे लेकर सीरीज में काम करने वाली अभिनेत्री संजीदा शेख ने अपनी बात रखी है।

बता दें कि संजीदा शेख ने हीरामंडी में वहीदा का किरदार निभाया है। हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में सीरीज की आलोचना पर संजीदा ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में संजय लीला भंसाली को उनके काम के लिए सम्मानित किया जाता है। वह अपने विचारों को लेकर काफी ईमानदार हैं और इस मामले में कोई उनकी बराबरी नहीं कर सकता है। संजीदा ने कहा कि लोगों ने हमारे काम को पसंद किया है और उन्हें इस बात की कोई फिक्र नहीं है कि कई लोगों को सीरीज अच्छी नहीं लगी।

### हीरामंडी की यात्रा पर गर्व है

अपनी बातचीत में संजीदा शेख निर्देशक संजय लीला भंसाली का बचाव करती दिखीं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग किस्म के लोग होते हैं और उनका मानना है कि केवल अच्छी चीजों पर ही ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हीरामंडी की आलोचना करने के लिए भी लोगों को इसे देखना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोग चाहे कुछ भी कहें, लेकिन उन्हें इस सीरीज की यात्रा पर गर्व है। मालूम हो कि एक अन्य साक्षात्कार में संजीदा ने इस बात का खुलासा किया था कि उन्होंने वहीदा के रोल के लिए ऑडिशन नहीं दिया था। हीरामंडी को लेकर उनकी और संजय की मुलाकात हुई थी, जिसके तीन-चार महीने बाद संजीदा को लुक टेस्ट का बुलावा आ गया था।



## रकुल प्रीत सिंह ने बताया कैसा होगा दे दे प्यार दे का दूसरा पार्ट

रकुल प्रीत सिंह, अजय देवगन और तब्बू की फिल्म दे दे प्यार दे के पांच साल पूरे हो गए है। यह फिल्म 17 मई, 2019 को रिलीज हुई थी। फिल्म के दूसरे पार्ट की घोषणा काफी पहले हो चुकी है और दर्शक उसे देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दर्शकों के बीच इस बात को लेकर उत्सुकता का माहौल है कि दे दे प्यार दे 2 में क्या कुछ देखने को मिलेगा और फिल्म की कहानी कैसी होने वाली है? फैंस की इस जिज्ञासा को थोड़ा सा शांत करने के लिए खुद रकुल प्रीत सिंह ने अपनी ओर से एक छोटी सी कोशिश की है।

### पांच साल पूरे होने पर शेयर किया वीडियो

रकुल प्रीत सिंह ने दे दे प्यार दे के पांच साल पूरे होने के मौके पर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, आज उस यात्रा को पांच साल पूरे हो गए हैं, जिसने मेरे दिल को उस तरह से छुआ था, जिसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी। दे दे प्यार दे की मेरे भीतर हमेशा एक खास जगह रहेगी। यह एक प्यार और हंसी की कहानी है। मैं हर उस शख्स की आभारी हूं, जिसने इस फिल्म और इसके पात्रों को अपनाया। रकुल ने इसके आगे फिल्म के दूसरे भाग को लेकर बड़ी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि दे दे प्यार दे 2 में मस्ती की डबल डोज मिलने वाली है और इसके लिए वो बहुत खुश हैं।

### अगले साल रिलीज होगा दूसरा पार्ट

मार्च 2024 में खबर आई थी कि दे दे प्यार दे 2 अगले साल एक मई को रिलीज होगी। खुद लव फिल्म्स और टी सीरीज की ओर से इसका एलान किया गया था। फिल्म का निर्देशन अंशुल शर्मा करेंगे। इसकी कहानी तरुण जैन और लव रंजन ने लिखी है। मालूम हो कि दे दे प्यार दे ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार किया था। फिल्म ने 103.64 करोड़ की मोटी कमाई की थी।



## एमी विर्क के लिए मॉडलिंग करती दिखीं सोनम बाजवा!

एमी विर्क और सोनम बाजवा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कुड़ी हरियाणे वल दी' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। एमी विर्क और सोनम बाजवा को एक साथ परदे पर देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे है। एमी विर्क और सोनम बाजवा की यह फिल्म 14 जून, 2024 को रिलीज होने वाली है। वहीं आज सोनम ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अपनी कुछ खूबसूरत तस्वीरों को साझा किया है। सोनम ने अपनी तस्वीरों को साझा करते हुए लिखा है, एमी विर्क को एक नया कैमरा मिला और वे कुछ फोटो क्लिक करना चाह रहे थे। सोनम आगे लिखती है, मैंने आज एमी विर्क के लिए मॉडलिंग किया है। फैंस सोनम की नई तस्वीरों पर खूब प्यार लूटा रहे हैं।



## पर्दे पर जमेगी सिद्धार्थ मल्होत्रा-कृति सेनन की जोड़ी?

सिद्धार्थ मल्होत्रा बॉलीवुड के सबसे हैंडसम सितारों में से एक हैं। बड़े पर्दे पर उन्हें आखिरी बार फिल्म योद्धा में देखा गया था। फैंस को उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। इस बीच अभिनेता के अगले प्रोजेक्ट को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वे जल्द ही एक रोमांटिक फिल्म में नजर आने वाले हैं।


### कृति संग जमेगी जोड़ी

बताया जा रहा है कि फिल्म में उनके साथ कृति सेनन मुख्य भूमिका में दिखेंगी। इससे पहले चर्चा थी कि वे स्पाइडर नाम की एक फिल्म में काम करने जा रहे हैं, लेकिन अब कहा जा रहा है कि उनकी आगामी फिल्म रोमांटिक होगी। सिद्धार्थ की गिनती बॉलीवुड के उन कलाकारों में होती है जो रोमांटिक और एक्शन दोनों तरह की फिल्मों में अपने प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। वहीं, कृति सेनन भी अपने अभिनय से राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार तक अपने नाम कर चुकी हैं। साल 2024 में अभिनेत्री को शाहिद कपूर के साथ फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में देखा गया था। फिल्म में उनकी कॉमिक टाइमिंग लोगों को खूब पसंद आई थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सिद्धार्थ और कृति मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनने जा रही है एक लवस्टोरी के लिए एक साथ आ रहे हैं। हालांकि, इसको लेकर अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। वर्क फ्रंट की बात करें तो सिद्धार्थ ने मुराद खेतानी की एक देसी मास एक्शन एंटरटेनर फिल्म भी साइन की है।

## कार्तिक आर्यन और जान्हवी कपूर बढ़ाएंगे कपिल के शो की शोभा





कॉमेडी किंग कपिल शर्मा का शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। शो में कई मशहूर हस्तियां अपने काम और निजी जिंदगी से जुड़े अनुभव साझा करते हुए नजर आती हैं। शो का नया प्रोमो सामने आया है। इस बार कपिल के शो की कार्तिक आर्यन और उनकी मां, जान्हवी कपूर और राजकुमार राव, अनिल कपूर जैसे सितारे शोभा बढ़ाएंगे। शो का नया ट्रेलर बेहद ही मजेदार है। शो के प्रोमो वीडियो में फराह खान, सानिया मिर्जा जैसे सेलेब्स भी नजर आ रहे हैं। शो में कार्तिक की मां उनकी शादी के बारे में बात करते हुए नजर आएंगी। इसमें कार्तिक आर्यन की नकली शादी दिखाई जाएगी। साथ ही सानिया मिर्जा प्रोमो में कपिल की टांग खींचती हुई नजर आ रही हैं। वहीं अनिल कपूर भी अपने डैशिंग अंदाज के साथ शो में कॉमेडी को तड़का लगाते हुए दिखाई दिए हैं। अनिल कहते हुए दिख रहे हैं कि मुझे डर लग रहा है किस-किस से जूते पड़ेंगे। वहीं, जान्हवी कपूर और राजकुमार राव अपनी आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के प्रमोशन के लिए कपिल के शो पर पहुंचे हैं। यह फिल्म 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## शर्मिन की ट्रोलिंग पर बोलीं ऋचा



संजय लीला भंसाली की भांजी और हीरामंडी की आलमजेब यानी शर्मीन सहगल को सीरीज में अपने प्रदर्शन के लिए आलोचनाएं मिल रही हैं। शर्मीन सहगल को खूब ट्रोल किया गया, जिसके बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर कमेंट सेक्शन बंद कर दिया था, लेकिन उन्होंने दोबारा वापसी भी की हीरामंडी की रज्जो यानी ऋचा चड्ढा ने अपनी सहकलाकार शर्मिल की ट्रोलिंग पर खुलकर बात की और कहा कि यह दर्शकों का अधिकार है। ऋचा ने कहा कि मुझे सच में लगता है कि यह दर्शकों का विशेषाधिकार है कि आप शो को पसंद करते हैं, नापसंद करते हैं, एक शो पसंद है एक नापसंद है। आज क्या होता है, सोशल मीडिया के युग में जब लोग ट्रोल करना, मीम्स बनाना, यह सब करना शुरू कर देते हैं तो यह किसी के लिए भी थोड़ा दुखदायी है। ऋचा ने आगे कहा कि हमें कभी भी निर्दयी नहीं होना चाहिए क्योंकि कल आपके साथ भी ऐसा हो सकता है और हर कोई एक इंसान है।



## क्या रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ गुपचुप छुट्टियां मना रहीं श्रद्धा कपूर?

**श्रद्धा कपूर अपनी फिल्मों और खूबसूरती को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री के निजी जीवन की खूब चर्चा रहती है। खासकर, उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड से जुड़ी खबरों को लेकर नेटिजन्स काफी सक्रिय रहते हैं। कुछ दिनों से श्रद्धा का नाम राहुल मोदी के साथ जोड़ा जा रहा है। अब एक इंस्टाग्राम पोस्ट के आधार पर प्रशंसक अंदाजा लगा रहे हैं कि दोनों गुपचुप पहाड़ों में छुट्टियां मना रहे हैं।**

### श्रद्धा ने साझा कीं तस्वीरें

16 अप्रैल को अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा कर अपने प्रशंसकों को सोच में डाल दिया। तस्वीर में श्रद्धा एक सोफे पर बैठी हैं और उनके पीछे खूबसूरत पहाड़ों का नजारा है। तीन दिन पहले श्रद्धा के रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल मोदी की बहन सोनिका मोदी ने एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की थी, जिसमें वह ठीक उसी तरह के पहाड़ों वाले स्थान पर बैठे हैं। बता दें कि श्रद्धा ने भी सोनिका की पोस्ट को पसंद किया है।

### प्रशंसकों ने लगाया अनुमान

श्रद्धा ने जैसे ही पहाड़ों वाली तस्वीर अपने इंस्टाग्राम पर साझा की तो नेटिजन्स और प्रशंसकों ने तरह-तरह के कयास लगाने शुरू कर दिए। चारों तरफ से कमेंट्स की बाढ़ आ गई। एक प्रशंसक ने लिखा, 'पीछे का दृश्य एक जैसा क्यों लग रहा है?' वहीं, दूसरे प्रशंसक ने लिखा, 'रिश्ता पक्का समझें?' वहीं, कई यूजर्स ने दावा किया कि श्रद्धा और राहुल दोनों ने एक ही जगह तस्वीर ली है।

### श्रद्धा कपूर का वर्क फ्रंट

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के आगामी कार्यों की बात करें तो वह अमर कौशिक की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' में नजर आएंगी। श्रद्धा के साथ फिल्म में पंकज त्रिपाठी और राजकुमार राव भी अहम भूमिका निभाएंगे।

## कॉलेज फ्रेंड करण कोठारी को डेट कर रही हैं शनाया कपूर!

बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर और महीप कपूर की बेटी हैं। शनाया कपूर शनाया अक्सर अपनी गर्ल गैंग अनन्या पांडे और सुहाना खान के साथ नजर आ जाती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शनाया अब सिंगल नहीं हैं। खबर है कि शनाया अपने कॉलेज फ्रेंड करण कोठारी को डेट कर रही हैं। हालांकि शनाया और करण की ओर से इस रिश्ते को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। शनाया जल्द ही बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली हैं।



# मुंबई को हराने के बाद केएल राहुल ने लिए रोहित शर्मा और अपने ससुर के मजे लिए

वर्ल्ड कप में शर्मा जी के बेटे के लिए चीयर करूंगा...



**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम ने जीत के साथ अपने सफर का अंत किया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में केएल राहुल की कप्तानी वाली टीम ने 18 रन से जीत हासिल की थी। हालांकि, इसके बावजूद लखनऊ इस सीजन में 14 अंक होने के बावजूद प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई। मैच के बाद राहुल के चेहरे पर जीत की खुशी के साथ-साथ प्लेऑफ में नहीं पहुंचने का गम भी दिख रहा था। मैच के बाद केएल राहुल ने मजाकिया अंदाज में टी20 विश्व कप को लेकर भी अपनी बात रखी।

मैच के बाद राहुल ने हंसते हुए एक मशहूर विज्ञापन का जिक्र करते हुए अपने ससुर सुनील शेट्टी और भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को लेकर मजाक किया। उन्होंने कहा, अब मैं अपने ससुर की टीम में हूं। हम दोनों मिलकर आने वाले वर्ल्ड कप में शर्मा जी के बेटे को सपोर्ट करेंगे।

आईपीएल के 17वें सीजन के बारे में राहुल ने कहा, %यह सीजन बहुत निराशाजनक रहा। सीजन की शुरुआत में मुझे लगा था कि हमारी टीम बहुत मजबूत है। हां, कुछ खिलाड़ी चोटिल हो गए, जो हर टीम के साथ होता है। लेकिन हमने मिलकर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। आज का मैच बहुत अच्छा रहा। इसी तरह का खेल हमें ज्यादा खेलना चाहिए था।

इसके अलावा राहुल ने टीम के भारतीय तेज गेंदबाजों की तारीफ की। उन्होंने बताया कि फ्रेंचाइजी ने उनकी ट्रेनिंग पर काफी ध्यान दिया है। उन्होंने कहा, उनके लिए बहुत खुश हूं। फ्रेंचाइजी ने उन पर काफी मेहनत की है। यह सिर्फ दो महीने की बात नहीं है। हमने मयंक और युद्धवीर को मोर्ने मोर्केल के साथ ट्रेनिंग के लिए साउथ अफ्रीका भेजा था। उनकी मेहनत रंग लाई है।

### टीम इंडिया में वापसी पर भी बोले राहुल

केएल राहुल ने टीम इंडिया में अपनी वापसी को लेकर बात रखी। उन्होंने कहा, अब ज्यादा टी20 क्रिकेट नहीं है। इस सीजन में मैंने अपनी बल्लेबाजी के बारे में बहुत कुछ सीखा है। मुझे टीम में वापसी के लिए क्या करना है। शायद मिडिल ऑर्डर में खेलना पड़े, या शायद नहीं। हम चाहते थे कि निकोलस पूरन ऊपर बल्लेबाजी करें, लेकिन टीम को देखते हुए हम चाहते थे कि हमारे अनुभवी विदेशी खिलाड़ी दबाव झेल सकें। हम नहीं चाहते थे कि हमारे दोनों विदेशी खिलाड़ी साथ में बल्लेबाजी करें।

14 गेंद में अर्जुन की फिटनेस जवाब दे गया...

# हैमस्ट्रिंग के चलते बीच में छोड़नी पड़ी बॉलिंग





**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में मुंबई इंडियंस की तरफ से अर्जुन तेंदुलकर अपना पहला मैच खेलने लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ मैदान पर उतरे थे। हालांकि, दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से अर्जुन को बीच में ही खेल छोड़कर वापस जाना पड़ा। अर्जुन को हैमस्ट्रिंग हो गई थी जिसके कारण उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में मुंबई इंडियंस का अंत बहुत ही निराशाजनक रहा है। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में टीम को अंतिम लीग मैच में भी लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ 18 रन से हार मिली। इस मैच में कप्तान हार्दिक पंड्या ने युवा ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर को भी प्लेइंग इलेवन में शामिल किया था। अर्जुन ने गेंदबाजी में अच्छी शुरुआत भी की थी, लेकिन अपने स्पेल के तीसरे ही ओवर में उन्हें रिटायर हर्ट होकर वापस पवेलियन जाना पड़ा गया।

यह ना सिर्फ अर्जुन के लिए निराश करने वाला रहा था, बल्कि मुंबई इंडियंस के लिए भी एक बड़ा झटका साबित। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिरी ऐसा क्या हुआ कि सिर्फ 14 गेंद की बॉलिंग में अर्जुन मैदान छोड़ना पड़ गया। अर्जुन को इस सीजन में पहली बार खेलने का मौका मिला था, लेकिन वह उसे नहीं भुना पाए।

### मांसपेशियों में अर्जुन को आया था खिंचाव

मुंबई इंडियंस में एक से बढ़कर एक धाकड़ खिलाड़ियों की फौज है। यही कारण हैं कि अर्जुन को प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिल पाती है। आईपीएल 2024 में अर्जुन जब बॉलिंग के उतरे तो वह काफी अच्छे लय में दिख रहे थे। सटीक लाइन और लेंथ के साथ वह अच्छी के गति के साथ बॉलिंग कर रहे थे। उनका बॉलिंग रनअप भी पहले से काफी बेहतर दिख रहा था, लेकिन मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अर्जुन तेंदुलकर लगातार खुद को पुश करने की कोशिश में चोटिल कर बैठे।
वानखेड़े के उमस भरी गर्मी में उनका बुरा हाल हो गया था, यही कारण है कि अर्जुन को हैमस्ट्रिंग की शिकायत आई और उन्हें वापस पवेलियन लौटना पड़ गया। अर्जुन पिछले सीजन में भी मुंबई इंडियंस के लिए मैदान पर उतरे थे। उन्होंने आईपीएल 2023 में कुल 4 मैच खेले जिसमें उन्होंने तीन विकेट भी लिए। हालांकि, अर्जुन को बैटिंग में बहुत अधिक मौका नहीं मिल पाया।

टी20 विश्व कप

## 25 मई को न्यूयॉर्क रवाना होंगे अधिकांश भारतीय खिलाड़ी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के अधिकांश क्रिकेटर और सहयोगी स्टाफ टी20 विश्व कप के लिए 25 मई को न्यूयॉर्क रवाना होगा जबकि बाकी 26 मई को आईपीएल फाइनल के बाद जाएंगे। इससे पहले आईपीएल प्लेआफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी टीमों के सदस्यों को 21 मई को रवाना होना था लेकिन बाद में योजना में बदलाव हुआ। अब वे 25 मई को रवाना होंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और सहयोगी स्टाफ 25 मई को रवाना होगा। उन्होंने कहा, 'पहले जत्थे को 21 मई को जाना था लेकिन भारतीय टीम एकमात्र अभ्यास मैच (एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ) खेल रही है तो खिलाड़ियों को घर पर कुछ अतिरिक्त समय मिल जाएगा।आईपीएल फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी 27 मई को रवाना होंगे। भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से और नौ जून को पाकिस्तान से खेलना है।

### भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

## ओलंपिक में एक मुक्केबाजी कोटा गंवा सकता है भारत, वाडा ने परवीन को किया निलंबित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले 12 महीने में तीन बार अपना ठिकाना (वेयरअबाउट) नहीं बताने के कारण विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज परवीन हुड्डा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने निलंबित कर दिया है जिससे वह पेरिस ओलंपिक का कोटा भी गंवा सकती है। पिछले साल एशियाई खेलों में महिलाओं के 57 किलोवर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच अपने ठिकाने की जानकारी नहीं दी है जो वाडा नियमों के तहत अनिवार्य है।

# सैम करन वापस लौटे इंग्लैंड

## पंजाब किंग्स ने आखिरी मैच से पहले किया जितेश शर्मा को नया कप्तान बनाया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स ने विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले अपने आईपीएल 2024 के आखिरी मैच के लिए कप्तान बनाया है। सीजन की शुरुआत में शिखर धवन सीजन की शुरुआत में टीम के कप्तान थे। उनके चोटिल होने के बाद सैम करन ने यह जिम्मेदारी उठाई। अब इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपने खिलाड़ियों को वापस बुला लिया है। ऐसे में टीम ने आखिरी मैच में जितेश को कप्तानी दी है।

**जितेश पहली बार कप्तानी करेंगे** – पंजाब किंग्स की टीम पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर है। उसे अपना आखिरी मैच हैदराबाद के घर में खेलना है। जितेश पहली बार आईपीएल में कप्तानी करेंगे। पंजाब किंग्स ने जितेश को बयान में कहा, पंजाब किंग्स ने रविवार को जितेश शर्मा को आईपीएल सीजन के अपने आखिरी मैच के लिए कप्तान के रूप में घोषित किया। वह हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 19 मई को होने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में किंग्स का नेतृत्व करेंगे।

**सिर्फ दो ही विदेशी खिलाड़ी उपलब्ध** – सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में पंजाब के पास प्लेइंग इलेवन में शामिल करने के लिए सिर्फ दो ही विदेशी खिलाड़ी हैं। इसमें साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज राइली रोसोव और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज नाथन एलिस शामिल हैं। साउथ अफ्रीका का कागिसो रबाडा चोट की वजह से अपने देश लौट चुके हैं तो जिम्बाब्वे के इंटरनेशनल मैच की वजह से पहले ही पंजाब का साथ छोड़ चुके हैं।

**पंजाब के 16वें कप्तान होंगे जितेश** – जितेश शर्मा आईपीएल में पंजाब किंग्स के 16वें कप्तान होंगे, जो किसी फ्रेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा कप्तानों का रिकॉर्ड है। दिल्ली कैपिटल्स दूसरे स्थान पर है और अक्षर पटेल हाल ही में टीम का नेतृत्व करने वाले 14वें कप्तान बने हैं। जितेश का इस सीजन बल्ला भी शांत रहा है। आईपीएल से पहले वह टीम इंडिया के टी20 में प्रमुख विकेटकीपर थे लेकिन वर्ल्ड कप टीम में जगह नहीं मिली।

105 रन बनाने के बाद रोहित शर्मा ने कहा

# अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका लेकिन ज्यादा सोचने का क्या फायदा



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में वह अपने मानदंडों के अनुरूप बल्लेबाजी नहीं कर सके लेकिन उन्होंने इस पर ज्यादा माथापच्ची करने की बजाय सकारात्मक सोच के साथ गलतियों पर काम करने पर फोकस किया। पांच बार के आईपीएल चैम्पियन कप्तान रोहित आईपीएल के इस सत्र में दूसरे चरण में छह मैचों में 20 रन से अधिक की पारी नहीं खेल सके।

उन्होंने कहा, 'एक बल्लेबाज के तौर पर मैं जानता हूं कि अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका लेकिन इतने साल खेलने के बाद मुझे इतना पता है कि जरूरत से ज्यादा सोचूंगा तो अच्छा नहीं खेल पाऊंगा। उन्होंने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ आखिरी लीग मैच में 38 गेंद में 68 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। रोहित ने कहा, 'मैं सकारात्मक रहने की कोशिश करता हूं। अभ्यास करता रहता हूं और अपनी गलतियों पर काम करता हूं। हमारा यह सत्र अच्छा नहीं रहा और इसके लिए हम ही कसूरवार हैं क्योंकि हमने काफी गलतियां की। हमने ऐसे मैच गंवाए जो जीतने चाहिए थे लेकिन आईपीएल में ऐसा ही होता है। आपको मौके कम मिलते हैं और जो मिलते हैं तो उन्हें गंवाना नहीं चाहिए।

भारतीय कप्तान ने यह भी कहा कि टी20 विश्व कप की 70 प्रतिशत टीम आईपीएल के पहले ही तय कर ली गई थी। उन्होंने कहा, 'आईपीएल में प्रदर्शन में उतार चढ़ाव आते रहते हैं। हमने उस पर ज्यादा फोकस नहीं किया। आईपीएल के इस सत्र से पहले ही विश्व कप टीम के 70 प्रतिशत खिलाड़ियों को अपनी भूमिका का पता था।

### गावस्कर ने रोहित की पारी की तारीफ की, कहा- टी20 विश्व कप से पहले सकारात्मक संकेत

मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा देर से फॉर्म में लौटे लेकिन महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहला उनका फॉर्म में आना उनके और भारतीय टीम के लिये अच्छा संकेत है। आईपीएल के इस सत्र के पहले चरण में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ नाबाद 105 रन बनाने वाले रोहित सात में से चार मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। उन्होंने हालांकि आखिरी मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 38 गेंद में 68 रन बनाए। गावस्कर ने कहा, 'यह देखकर अच्छा लगा। मुंबई इंडियंस तो अब क्वालीफाई नहीं कर सकती लेकिन 15 दिन बाद टी20 विश्व कप में भारत की कप्तानी कर रहे रोहित शर्मा को इस तरह बल्लेबाजी करते देखकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा, 'आप यही चाहते हैं। रोहित शर्मा से अच्छी शुरूआत की दरकार होती है ताकि निचले दर्जे के बल्लेबाज आकर फिनिशर की भूमिका निभा सकें।

## आईपीएल की आचार संहिता के तहत हार्दिक पांड्या पर निलंबन, 30 लाख रुपए जुर्माना भी लगा




**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर आईपीएल के इस सत्र में धीमी ओवरगति के तीसरे अपराध के लिए एक मैच का निलंबन और 30 लाख रूपए जुर्माना लगाया गया है। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शुक्रवार को आखिरी लीग मैच के साथ ही इस सत्र में मुंबई का अभियान खत्म हो गया यानी पांड्या अगले सत्र में पहला मैच नहीं खेल सकेंगे।

एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया, 'मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम पर 17 मई को हुए मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया, 'यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत धीमी ओवरगति का मुंबई इंडियंस का तीसरा अपराध था लिहाजा हार्दिक पांड्या पर 30 लाख रुपए जुर्माना और अगले मैच के लिए निलंबन लगाया गया है। इंपैक्ट खिलाड़ी रोहित शर्मा समेत टीम के बाकी सदस्यों पर मैच फीस का 50 प्रतिशत या 12 लाख रुपए में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है।

# गंभीर बन सकते हैं भारतीय टीम के हेड कोच

बीसीसीआई ने इच्छा जानने के लिए संपर्क किया, 27 मई तक अप्लाई करना होगा



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने भारतीय टीम का हेड कोच बनने के लिए भारत के पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर से संपर्क किया है। क्रिकइंफो के मुताबिक, बीसीसीआई ने गंभीर से यह पूछने के लिए कॉन्टैक्ट किया है कि वे टीम के हेड कोच बनना चाहते है या नहीं। आईपीएल 2024 पूरा होने के बाद आगे चर्चा होने की उम्मीद है। इस सीजन गंभीर केकेआर के मेंटर है। पॉइंट्स टेबल में उनकी टीम टॉप पर है और प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। राहुल द्रविड़ फिलहाल टीम इंडिया के हेड कोच हैं। उनका कार्यकाल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद खत्म हो जाएगा।

**टीम इंडिया के हेड कोच के लिए 27 मई तक अप्लाई करना होगा** – भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम इंडिया के हेड कोच पद के लिए आवेदन मंगवाए हैं। बोर्ड ने सोमवार (13 अप्रैल) देर रात उम्मीदवारों के लिए विज्ञापन जारी किया था। उम्मीदवार 27 मई की शाम 6 बजे तक अप्लाई कर सकते हैं।

**गंभीर के पास कोचिंग का अनुभव नहीं** – 42 साल के गंभीर को इंटरनेशनल या डोमेस्टिक लेवल पर कोचिंग का कोई अनुभव नहीं है, वह दो आईपीएल फ्रेंचाइजी में कोचिंग स्टाफ के इंचार्ज रहे हैं।

# भारत-पाक मैच की दीवानगी, एक टिकट की कीमत 2 लाख के पार



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** विश्व क्रिकेट में टीम इंडिया का दबदबा ही नहीं है, बल्कि दर्शकों के बीच भी उसके मुकाबलों को देखने के लिए भी मारामारी रहती है। बात अगर भारत और पाकिस्तान के मैच की हो तो सारे रिकॉर्ड टूट जाते हैं। यूएसए क्रिकेट दो जून से शुरू हो रहे टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा दीवानगी न्यूयॉर्क में भारत-पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मुकाबले को लेकर है। इस दीवानगी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरे विश्व कप में सबसे ज्यादा महंगा टिकट इसी मुकाबले का है। इस मुकाबले का सबसे महंगा टिकट 229625 रुपये का है। वहीं, सबसे सस्ता टिकट 25 हजार रुपये का है। इस मुकाबले के 90 फीसदी टिकट बिक भी चुके हैं।

नौ जून को भारत-पाकिस्तान में मुकाबला = आईसीसी ने अपनी अधिकृत वेबसाइट पर विश्व कप के टिकटों की बिक्री का जो मूल्य जारी किया है उसमें सबसे महंगे टिकट भारतीय मुकाबलों के हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला नौ जून को नसाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इसकी दर्शक क्षमता 34 हजार है। इसके अधिकांश टिकट बिक चुके हैं। इसके जनरल स्टैंड के टिकट का मूल्य 300 डॉलर का है। वहीं, क्लब कॉर्नर का टिकट सबसे महंगा 2750 डॉलर का है। भारत के किसी भी मुकाबले का टिकट 7515 रुपये से कम का नहीं है। वहीं, ओमान और स्कॉटलैंड का सबसे सस्ता टिकट सिर्फ छह डॉलर है।

### आयरलैंड के खिलाफ होगा अभियान का आगाज

- विश्व कप में भारत अपने अभियान का आगाज 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले से करेगा
- टीम इंडिया ने टी-20 विश्व कप के कुल 44 मैच में से 28 जीते हैं
- भारत ने 2007 में पाक को हराकर पहला टी-20 विश्व कप जीता था

**भारत-पाक मुकाबले के टिकट मिलना मुश्किल** – न्यूयॉर्क में रह रहे लखनऊ के गगन शर्मा और डॉली ने बताया कि भारत- पाक मैच के टिकट अब मिल नहीं रहे हैं। सिर्फ प्रीमियर लाउंज, कॉर्नर क्लब के ही टिकट उपलब्ध है। भारत-पाक मैच का टिकट न मिलने पर भारत और अमेरिका के मैच खेले जाने वाले मैच का टिकट लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम भजनलाल और किरोड़ी लाल के संबंधों में उभरी दरार?

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के बीच सबकुछ सामान्य नहीं चल रहा है। किरोड़ी लाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पत्र में कई सवाल खड़े किए है। हालांकि, किरोड़ी लाल ने सीधे तौर पर मुख्यमंत्री को निशाने पर नहीं लिया। लेकिन माना यहीं जा रहा है कि निशाने पर खुद मुख्यमंत्री भजनलाल ही है। दरअसल, कृषि मंत्री किरोड़ी लाल ने जयपुर में गांधीनगर स्थित ओल्ड एमआरईसी कैम्पस व राजकीय कॉलोनी के पुनर्विकास योजना के नाम पीपीपी मॉडल पर मल्टीस्टोरी बिल्डिंग बनाने के प्रोजेक्ट में 1146 करोड़ रुपए का घोटाला होने की संभावना जताई है।किरोड़ीलाल मीणा ने इस प्रोजेक्ट में कुछ अफसरों पर आरईडीसीसी से सांठ-गांठ कर काली कमाई करने का आरोप लगाते हुए पत्र लिखा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी किरोड़ी लाल ने जल जीवन मिशन में घोटाले धांधली को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा था। जिसके बाद विभाग ने सभी टेंडरों को निरस्त कर दिया था। लेकिन अब मंत्री किरोड़ी लाल मीणा फिर एक घोटाले को लेकर सीएम भजनलाल को पत्र लिखा है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि किरोड़ी लाल मुख्यमंत्री को बार-बार पत्र लिखकर दबाव की रणनीति पर काम कर रहे है। बता दें किरोड़ी लाल मुख्यमंत्री के प्रबल दावेदार थे लेकिन पार्टी आलाकमान ने उन्हें कृषि मंत्री बनाकर तगड़ा झटका दिया। सियासी जानकारों का कहना है कि किरोड़ी लाल बार-बार खुद के इस्तीफे की बात कहकर पार्टी आलाकमान को दबाव में लाना चाहते है। इसलिए किरोड़ी लाल कह रहे है कि दौसा से बीजेपी हार जाती है तो वह मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे।

### एसीबी ने जल संसाधन विभाग के अधिकारी के घर मारी रेड

**बस्तर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में लगातार एसीबी यानी एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम जगह-जगह छापा मार रही है। इस दौरान एसीबी की टीम ने बस्तर संभाग के कोंडागांव में जल संसाधन विभाग में पदस्थ कार्यपालन अभियंता के सरकारी निवास पर छापा मारा है। एसीबी की इस कार्रवाई में 50 हजार कैश बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक कार्यपालन अभियंता टीआर मेश्राम पर सप्लीमेंट्री कार्य के लिए ठेकेदार से रिश्वत मांगने का आरोप है। बताया जा रहा है कि ठेकेदार तुषार देवांगन ने मौजूदा कार्यपालन अभियंता टीआर मेश्राम के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत ईओडब्लू और एसीबी में दर्ज कराई थी। इसके बाद जगदलपुर से आई एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने कोंडागांव में टीआर मेश्राम के शासकीय आवास में शुक्रवार को दबिश दी। एंटी करप्शन ब्यूरो कि कार्रवाई में बंगले से 50 हजार रुपए कैश बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि 1 साल पहले भी जल संसाधन विभाग के पूर्व कार्यपालन अभियंता आरबी सिंह, एसडीओ आरबी चौरसिया, और सब इंस्पेक्टर डीके के खिलाफ एसीबी की टीम ने रिश्वतखोरी के मामले में कार्रवाई की थी। फिलहाल आज के मामले में एसीबी की कार्रवाई जारी है।

### बछड़े की मौत का बदला कुछ ऐसा, ग्रामीण ने शिकारी बनकर काट दिए तेंदुए के हाथ-पैर

**कोरबा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले अंतर्गत कटघोरा वन परिक्षेत्र में तेंदुए के शिकार के मामले में वन विभाग की टीम ने तीन संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि इन तीनों ने अपने बछड़े की मौत के बाद बदला लेते हुए तेंदुए की हत्या कर उसके हाथ पैर काट दिए थे। मामले में वन विभाग की टीम और पुलिस जांच कर रही थी जिसके बाद तीनों को गिरफ्तार किया गया है। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के राहा जंगल में तेंदुए के शिकार मामले में तीन संदिग्धों की गिरफ्तारी से पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। जिसकी जानकारी पुलिस ने शुक्रवार को यह दी है। पुलिस ने इस मामले में तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया हैं जिनमें से दो बाप-बेटे हैं जबकि एक उसका समधी है। जानकारी के मुताबिक कटघोरा वनमंडल के राहा के जंगल में तेंदुए की लाश मिली थी। उसके शरीर के कई अंग गायब थे। उस दौरान वहां मौजूद वन विभाग के अधिकारियों ने जहर देकर मारने की आशंका जताई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी तेंदुए को जहर देकर मारने की पुष्टि हुई।

# कीमती जंगलों को आग के खतरों से बचाने की जरूरत, सुप्रीम कोर्ट की वनाग्नि पर जताई चिंता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने जंगलों में लगने वाली आग पर चिंता जाहिर की है। साथ ही कहा है कि कीमती जंगलों को आग के खतरों से बचाया जाना चाहिए। जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने इस मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि हर कोई जंगलों की रक्षा में रुचि रखता है।

सुनवाई के दौरान उत्तराखंड सरकार की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को जंगल की आग को रोकने और नियंत्रित करने के लिए धन के उपयोग, वन विभाग में रिक्तियों को भरने और अग्निशमन के लिए जरूरी उपकरण सहित विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान जब तुषार मेहता ने पीठ को अग्निशमन के लिए उपलब्ध कराए जा रहे उपकरणों के बारे में बताया तो पीठ ने कहा कि आपके द्वारा केवल आंकड़े दाखिल कर दिए जाते हैं। जब आपके वन रक्षकों की तस्वीरें और साक्षात्कार दिखते हैं तो पता चलता है कि वे केले के पत्तों का उपयोग करके आग बुझा रहे हैं।

पीठ ने आगे कहा कि यह एक ऐसा तथ्य है जिसे कोई भी नकार नहीं सकता है। पीठ ने कहा कि हमने तस्वीरों के साथ रिपोर्ट्स में जो



पढ़ा है उससे सवाल पूछ रहे हैं। इस पर जवाब देते हुए मेहता ने कहा कि मीडिया में छपी रिपोर्ट्स को मैं कमतर नहीं आंक रहा हूं, लेकिन कभी-कभी उन रिपोर्ट्स पर पूरी तरह से भरोसा कर लेना खतरनाक हो सकता है।

इस दौरान मेहता ने दावा किया कि रिपोर्ट्स में दिखाई गई तस्वीरों में कुछ कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग की हैं। इस पर पीठ ने कहा कि अग्निशमन के उपकरणों को पहले से ही वितरित करने की व्यवस्था की जानी चाहिए। अगर वे गोदाम में पड़े रहेंगे तो इससे कोई फायदा नहीं मिलेगा।

सुनवाई के दौरान उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी भी कोर्ट में मौजूद रहीं। सालिसिटर जनरल के साथ उप महाधिवक्ता जतिंदर कुमार सेठी भी राज्य सरकार की ओर से पेश हुए। सुप्रीम कोर्ट उत्तराखंड में जंगल की भीषण आग पर वरिष्ठ वकील राजीव दत्ता द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी।

**शीर्ष अदालत ने छात्रों की याचिका पर मणिपुर सरकार को दिया आदेश, राज्य के बाहर यूपीएससी परीक्षा देने को अभ्यर्थियों को मिलेंगे तीन हजारः** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर सरकार को हिंसा प्रभावित पहाड़ी जिलों के सिविल सेवा के उम्मीदवारों को गत आगामी 26 मई को राज्य से बाहर यूपीएससी परीक्षा में शामिल होने के लिए तीन हजार रुपये प्रतिदिन देने के निर्देश दिए। यह फैसला शीर्ष अदालत ने 140 छात्रों की ओर से परीक्षा केंद्र मणिपुर से बाहर स्थानांतरित करने की मांग वाली याचिका पर सुनाया।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने विशेष सुनवाई में राज्य के पहाड़ी जिलों के सिविल सेवा के उम्मीदवारों की शिकायत का संज्ञान लिया। इन छात्रों ने सुरक्षा चिंताओं के कारण मणिपुर के बाहर परीक्षा केंद्र चुना है।

पीठ ने अपने फैसले में कहा कि यूपीएससी परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले वर्तमान में पहाड़ी जिलों के अभ्यर्थियों को राज्य से बाहर परीक्षा में शामिल होने के लिए तीन हजार रुपये प्रति उम्मीदवार किया जाएगा।

इस लाभ को प्राप्त करने के लिए इच्छुक उम्मीदवार को इस आदेश में दिए गए ईमेल पते पर नोडल अधिकारी को अपने वर्तमान पते की जानकारी देनी होगी। इससे पहले, हाई कोर्ट ने मणिपुर सरकार से ऐसे अभ्यर्थियों को 1500 रुपये देने को कहा था। इस पर सीजेआइ ने परिवहन समेत अन्य व्यवस्थाओं के लिए राशि को पर्याप्त न मानते हुए हाई कोर्ट द्वारा आदेशित राशि को बढ़ाकर तीन हजार कर दिया।

### रूडी को हैट्रिक तो रोहिणी को खाता खोलने की चुनौती

**सारण , एजेंसी।** गंगा औ[र] घाघरा को अपनी गोद में समे[टे] सारण संसदीय क्षेत्र हर बार कां[टे] के चुनावी मुकाबले की वजह [से] चर्चा में रहता है। चुनावी मुकाबले का एक कोण लालू प्रसाद त[ो] दूसरा राजीव प्रताप रूडी रहते हैं सारण में इस बार सियासत के मंझे खिलाड़ी राजीव प्रताप रूडी के सामने बड़ी चुनौती है राजनीति में लंबा अनुभव रखने वाले रूडी का मुकाबला राज[द] सुप्रीमो लालू प्रसाद की डॉक्टर बेटी रोहिणी आचार्य से है। रूडी जीत की हैट्रिक लगाने तो रोहिणी सियासी खाता खोलने मैदान में उतरी हैं। बीते सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजीव प्रताप रूडी के समर्थन में छपरा में सभा की। रूडी के नामांकन समारोह सभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी आ चुके हैं इधर लालू प्रसाद रोहिणी के लिए वोट मांगने बार-बार छपरा पहुंच रहे हैं। यहां 20 मई को पांचवें चरण में मतदान होना है।

सारण सीट को लेकर यह प्रसिद्ध है कि यहां चुनावी समीकरण के दो कोण ही रहते हैं

### पाकिस्तान से प्रेम रखने वाले भारत पर बोझ न बनें-मुख्यमंत्री योगी

**सारण, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पाक से प्रेम रखने वाले भारत के लिए बोझ न बनें और वे तत्काल पाक की गलियों में जाकर राशन के लिए लाइन में खड़े हो जाएं। सारण लोकसभा सीट के अमनौर स्थित धरहरा मैदान में शुक्रवार को एनडीए प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सारण की पावन धरती को नमन कर बिहार के गौरवशाली अतीत को याद किया। योगी ने अपने भाषण में लालू प्रासद यादव और राहुल गांधी पर खूब चुटकी ली। सारण में लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होने वाला है।

योगी ने कहा कि बिहार कभी ज्ञान और विज्ञान की धरती रहा है, जिसे राजद और कांग्रेस वालों ने रसातल में पहुंचा दिया था। उन्होंने कांग्रेस व राजद पर हमला करते हुए कहा कि राजद व कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण की बात कर देश को विभाजित करना चाहते हैं और पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहते हैं, जो संविधान के खिलाफ है। आरजेडी के सुप्रीमो लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए आदित्यनाथ योगी ने कहा कि राजद और कांग्रेस वाले पिछड़े वर्ग के लोगों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहते हैं। जो भाजपा नहीं होने देगी। योगी ने कहा कि चार चरणों का चुनाव बीत जाने के बाद पूरे देश में मोदी की लहर नहीं बल्कि सुनामी चलने लगी है। अब यह तय हो गया है कि तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

## भाजपा की नाटकबाजी, जुमलेबाजी अब समझ गयी जनता- मायावती

**प्रतापगढ़, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में पहुंचीं बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नाटकबाजी, जुमलेबाजी को देश की जनता समझ गई है। अब जवाब देने का समय आ गया है, इस बार भाजपा की सरकार बनने वाली नहीं है। प्रतापगढ़ संसदीय संसदीय क्षेत्र से बसपा के प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र के समर्थन में विश्वनाथ गंज कस्बे के पास आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि ब्राह्मणों पर सरकार ने बहुत अत्याचार किया है। इस सरकार ने गरीबों मजदूरों और व्यापारियों का जीना मुहाल कर दिया है। चुनावी घोषणा पत्र जुमला होता है। जिसे कोई भी पार्टी कभी भी अमल में नहीं लाती है। इसलिए हम चुनावी घोषणापत्र में नहीं बल्कि काम करने में विश्वास नहीं करते हैं। उन्होंने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जिनको भी मुफ्त राशन मिल रहा है उसे मोदी सरकार अपनी जेब से नहीं देती है। यह संघ और भाजपा की जेब से नही खर्च होता है। केंद्र की सरकार संविधान व आरक्षण की विरोधी है। मायावती ने कहा कि बसपा बिना गठबंधन के दमदारी से चुनाव लड़ रही है, बसपा ने सर्वसमाज की भागीदारी टिकट बंटवारे में करते हुए सबका सम्मान किया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि केंद्र द्वारा देश में पिछले कुछ समय से अति गरीब परिवारों को स्थाई तौर पर फ्री में जो थोड़ी सी खाद्य सामग्री या राशन आदि दिया जा रहा उससे गरीबों का स्थाई तौर पर भला होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि जब भी चुनाव होता है तो बीजेपी एण्ड कंपनी के लोग गांव-गांव और शहर की



बस्तियों में जाकर जो गरीब लोग हैं उन्हें कहते हैं कि बीजेपी ने आपको फ्री में राशन दिया है आप इसके बदले बीजेपी को वोट दीजिए, ये बिल्कुल सही नहीं, बिल्कुल गलत है। इसमें रत्ती भर सच्चाई नहीं क्योंकि फ्री राशन बीजेपी या आरएसएस की जेब से नहीं बल्कि जनता के टैक्स के पैसे से दिया जा रहा है। जिस पर गरीबों का अधिकार है, बीजेपी या आरएसएस का अधिकार या मेहरबानी नहीं है। मतदाताओं को इससे अगाह करते हुए उन्होंने कहा कि गरीबों की यह जटिल समस्या देश में हर हाथ को काम देने से ही दूर हो सकती है, जिसकी तरफ हमारी सरकार बनी तो विशेष ध्यान देगी। कहा कि देश में तेजी से बढ़ रही महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी से जनता दुखी और परेशान है। सरकार बनी तो आर्थिक नीतियो में तब्दीली कर इसे दूर किया जाएगा। धर्म की आड़ में पिछले कुछ वर्षो से खास तौर से मुस्लिम समाज के लोगों का द्वेश की भावना जो शोषण और उत्पीड़न किया जा रहा है उसे भी जरूर रोका जाएगा।

### समान नागरिक संहिता लागू करेंगे, यह हमारा कमिटमेंट- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

**सलेमपुर, एजेंसी।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। यह हमारा कमिटमेंट है। यह संविधान के नीति निदेशक के सिद्धांतों में है। इस दौरान कांग्रेस और इंडिया एलायंस पर हमला भी किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हम समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। यह हमारा कमिटमेंट है क्योंकि यह भारत के संविधान के नीति निदेशक सिद्धांतों में है। कहा कि संविधान निर्माताओं ने भी समान नागरिक संहिता के बारे में कहा था। कहा कि दस साल में भारत के प्रति दुनिया में धारणा बदली है पहले भारत को कमजोर समझा जाता था। आज भारत बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। रक्षामंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने इमरजेंसी लगाई, वे लोग कहते हैं कि 400 सीटें आईं तो भाजपा लोकतंत्र का गला घोंटेगी। कोई माई का लाल लोकतंत्र का गला नहीं घोंट सकता। मोदी ने दस सालों में एक भी सरकार भंग नहीं की। हमने फैसला किया है कि देश मे विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होने चाहिए। राजनाथ सिंह शुक्रवार को सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के सिकंदरपुर में गांधी इंटर कॉलेज के मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। राजनाथ सिंह ने इंडिया गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जिस प्रकार विश्व की धरती से डायनासोर लुप्त हो गए, वैसे ही कांग्रेस भी लुप्त हो जाएगी। दूसरी ओर सपा 'समाप्त पार्टी' है 2015 में ही 'साइकिल' की चेन उतर गई थी। 2017, 2019 व 2022 में चेन चढ़ नहीं सकी। जिस साइकिल पर चेन ही न हो, वह कैसे आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में हर नागरिक राजनीतिक रूप से समझदार हो गया है। चार चरणों में दुनिया ने मान लिया है कि भाजपा चार सौ से अधिक सीटों से जीतकर सरकार बना रही है। धारा 370, तीन तलाक और राममंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार बनाने के बाद हमने जो भी कहा था, वह अक्षरशः पूरा किया। सपा कांग्रेस वाले राममंदिर की तारीख़ पूछते थे। हमने भव्य मंदिर बनाया। भारत में रामराज्य का आगाज होकर रहेगा। जिस समय लोगों में दायित्वबोध पैदा होगा उसी दिन रामराज्य आ जाएगा।

### ब्रिटेन की 30 वर्षीय टीचर रेबेका जॉयन्स ने कोर्ट में कहा -अपनी मूर्खतापूर्ण गलतियों की वजह से सपनों की नौकरी बर्बाद कर दी

**लंदन, एजेंसी।**

ब्रिटेन की 30 वर्षीय टीचर रेबेका जॉयन्स पर अपने ही दो स्टूडेंट्स के साथ सेक्स करने का आरोप लगा है। अब टीचर ने कोर्ट में कहा है कि उसने अपनी मूर्खतापूर्ण गलतियों की वजह से सपनों की नौकरी बर्बाद कर दी। हालांकि, रेबेका ने यौन संबंध बनाने के आरोपों को गलत बताया है। रेबेका जॉयन्स ने यह स्वीकार किया कि उसने स्नैपचैट पर लड़कों के संपर्क में रहकर और फिर उन्हें सैलफोर्ड क्वेज में अपने अपार्टमेंट में लाकर एक टीचर के रूप में सुरक्षा नियमों को तोड़ा था। रेबेका को पहले ही हाई स्कूल की नौकरी से सस्पेंड कर दिया गया था। वह 15 वर्षीय एक लड़के के साथ कथित यौन गतिविधि के लिए जमानत पर थी। वहीं, एक अन्य 16 वर्षीय लड़के के साथ जब उसने सेक्स किया तो वह प्रेग्नेंट हो गई थी। दोनों स्टूडेंट्स की पहचान उजागर नहीं की गई है। जॉयन्स ने पहले लड़के के साथ किसी भी तरह की यौन गतिविधि से इनकार किया, जिसका वीर्य उसकी बेडशीट से बरामद किया गया था और कहा कि दूसरे लड़के के साथ संबंध उसके स्कूल छोड़ने के बाद ही शुरू हुआ था और उस समय वह टीचर की नौकरी से हाथ धो बैठी थी, इसलिए उसने कोई कानूनी अपराध नहीं किया गया था।

पिछले दिनों बचाव पक्ष और अभियोजक जो ऑलमैन के बीच कोर्ट में जिरह हुई और उन्होंने दोनों मामलों में समानताएं बताईं। उन्होंने कहा कि जब वह दोनों लड़कों को अपने फ्लैट पर ले जाने लगी थी तब दोनों लड़के 15 साल के थे और दोनों उससे स्नैपचैट पर बातचीत कर रहे थे। दोनों मामलों में गतिविधियां उनके माता-पिता से गुप्त थीं और वे दोनों उसके साथ फ्लर्ट करते थे। अभियोजक ऑलमैन ने सवाल किया, इस पर आपने क्या जवाब दिया इस पर जॉयन्स ने जवाब दिया, हंसते हुई स्माइली भेजी। ऑलमैन ने कहा कि इस तरह के व्यवहार को बंद करने के बजाय जॉयन्स ने अस्पष्ट प्रतिक्रियाएं दीं। जॉयन्स का कहना है कि दूसरे लड़के के साथ सेक्स तभी शुरू हुआ जब वह 16 साल का हो गया।

## भारतीय कंपनी के कारण चमकी ब्रिटिश प्रधानमंत्री की किस्मत, पत्नी समेत अमीरों की लिस्ट में लगाई 30 रैंक की छलांग

**लंदन, एजेंसी।**

दो साल पहले वार्षिक 'संडे टाइम्स रिच लिस्ट' में पहली बार जगह बनाने वाले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति इस सूची के 2024 के संस्करण में और ऊपरी पायदान पर पहुंच गए हैं। उनकी रैंकिंग में उछाल की वजह भारतीय आईटी कंपनी इंफोसिस की आकर्षक शेयरधारिता है। सुनक और अक्षता दोनों की उम्र 44 वर्ष है। यह दंपती पिछले साल 65.1 करोड़ ग्रेट ब्रिटेन पाउंड की अनुमानित संपत्ति के साथ सूची में पिछले साल के 275वें पायदान से चढ़कर 245वें स्थान पर पहुंच गया है। इसके साथ ही वे ब्रिटिश प्रधानमंत्री आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट को अपना घर कहने वाले सबसे धनी लोग बन गए हैं।

ऐसा कहा जाता है कि मूर्ति की कमाई उनके पति से कहीं अधिक है क्योंकि फरवरी में प्रकाशित वित्तीय विवरणों के हवाले से कहा गया है कि सुनक ने 2022-23 में 22 लाख ब्रिटिश पाउंड की कमाई की जबकि पिछले वर्ष



मूर्ति ने लाभांश के रूप में अनुमानतः 1.3 करोड़ ब्रिटिश पाउंड की कमाई की। अखबार के विश्लेषण में कहा गया, दंपती की सबसे मूल्यवान संपत्ति इंफोसिस में मूर्ति की हिस्सेदारी है, जो बेंगलुरु स्थित आईटी कंपनी है, जिसकी सह-स्थापना मूर्ति के पिता (नारायण मूर्ति) ने की थी।

ब्रिटेन के सबसे धनी परिवारों के वार्षिक संकलन में एक बार फिर भारतीय मूल के हिंदुजा परिवार को शीर्ष पर रखा गया है, जिन्होंने मध्य लंदन में अपने बिल्कुल नए लक्जरी ओडब्ल्यूओ होटल के उद्घाटन के मद्देनजर पिछले वर्ष अपनी संपत्ति में वृद्धि देखी जो 37.196 अरब ब्रिटिश पाउंड तक पहुंच गयी।

इस साल की 'संडे टाइम्स रिच लिस्ट' के शीर्ष 10 में भारत में जन्मे भाइयों, डेविड और साइमन रूबेन भी शामिल है, जो पिछले साल के चौथे से ऊपर होकर अब तीसरे स्थान पर आ गए हैं, उनकी संपत्ति लगभग 24.977 अरब ब्रिटिश पाउंड होने का अनुमान है।

इस सूची में नंबर आठ पर अप्रवासी भारतीय कारोबारी आर्सेलर मित्तल इस्पात कंपनी के लक्ष्मी नारायण मित्तल है जिनकी अनुमानित संपत्ति 14.921 अरब ब्रिटिश पाउंड है। पिछले साल के मुकाबले वह सूची में दो स्थान नीचे आए हैं। वहीं सूची में 23वें स्थान पर वेदांत रिसोर्सेज के उद्योगपति अनिल अग्रवाल हैं जिनकी अनुमानति संपत्ति सात अरब ब्रिटिश पाउंड है। वह भी 2023 के मुकाबले एक स्थान नीचे आए हैं।

## ब्रिटेन में वाटर बोर्न डिजीज का कहर, लोगों को उबला हुआ पानी पीने की सलाह

**लंदन, एजेंसी।**

ब्रिटेन ( यू.के. ) में जल आपूर्ति दूषित होने के कारण जल जनित बीमारी (वाटर बोर्न डिजीज) फैलने का खतरा बढ़ गया है, जिसके चलते साउथ वेस्ट वाटर ने ब्रिक्सहैम, बूहे, किंग्सवियर, रोजलैंड और उत्तर-पूर्व पैगटन के निवासियों से नल के पानी को उबाल कर पीने की सलाह दी है। इस क्षेत्र में दो दर्जन से ज्यादा लोगों में डायरिया जैसी वाटर बोर्न डिजीज की पुष्टि हुई है। जबकि 70 से ज्यादा मामलों की जांच की जा रही है।अन्य 70 संदिग्ध मामलों की भी जांच की जा रही है।

यू.के. स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी (यू.के.एच.एस.ए.) ने कहा कि क्रिप्टोस्पोरिडियम नामक परजीवी के कारण यह जल जनित बीमारी फैल रही है। यू.के.एच.एस.ए. का कहना है कि परजीवी, जिसे क्रिप्टो के नाम से भी जाना जाता है, क्रिप्टोस्पोरिडिओसिस नामक बीमारी का कारण बनता है। यह लोगों और कुछ जानवरों को प्रभावित करता है। यह संक्रमित मनुष्यों और जानवरों की आंतों और मल में पाया जा सकता है। यह परजीवी झीलों, नदियों, स्विमिंग पूल, अनुपचारित या खराब उपचारित पानी और भोजन को दूषित कर सकता है। लक्षणों में दस्त, पेट दर्द, मतली या उल्टी, हल्का बुखार और भूख न लगना शामिल हैं जो दो सप्ताह तक रह सकते हैं। यह परजीवी एक से पांच साल की उम्र के बच्चों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले बच्चों को अपनी चपेट में ले रहा है। यू.के.एच.एस.ए. का कहना है कि स्वस्थ प्रतिरक्षा प्रणाली वाले अधिकांश लोग एक महीने के भीतर ठीक हो जाएंगे।

साउथ वेस्ट वॉटर (एस.डब्ल्यू.डब्ल्यू.) के अधिकारी क्रिस रॉकी के हवाले से एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि लोगों को प्रभावित क्षेत्रों में खाना पकाने और दांत साफ करने के लिए भी उबले हुए पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि




संस्थान ने स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ पानी की निगरानी करने का काम जारी रखा है। एस.डब्ल्यू.डब्ल्यू. ने दावा करते हुए कहा है कि उसे विश्वास है कि उबला हुआ पानी सुरक्षित है।

### शख्स को सुनाई गई 30 साल की सजा, पूर्व स्पीकर नैन्सी पेलोसी के पति पर किया था हथौड़े से हमला

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी संसद के प्रतिनिधि सभा की पूर्व स्पीकर नैन्सी पेलोसी के पति पर हथोड़े से हमला करने वाले व्यक्ति शुक्रवार को 30 साल की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश जैकलीन स्कॉट कॉर्ली ने डेविड डेपेप को सजा सुनाई।

डेपेप (44 वर्षीय) को जूरी सदस्यों ने पिछले नवंबर में एक संघीय अधिकारी के अपहरण के प्रयास और एक संघीय अधिकारी के परिवार के सदस्य पर हमले का दोषी पाया है। अभियोजकों ने डेपेप के लिए चालीस साल की सजा की मांग की थी। न्यायाधीश जब सजा सुना रहे थे तब डेपेप चुपचाप खड़ा रहा और कई बार नीचे देखते रहा। डेपेप के वकील ने न्यायाधीश से उसे 14 साल की सजा देने के लिए कहा था इसके लिए उन्होंने दलील दी थी कि डेपेप अपने जीवन में एक कठिन समय से गुजर रहा है और उसका कोई पूर्व आपराधिक इतिहास नहीं है।

वहीं, न्यायाधीश कार्ली ने डेपेप को सजा सुनाते समय इस तथ्य को ध्यान में रखा कि वह एक सरकारी अधिकारी के घर में घुसा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129